राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 84, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली मंगलवार 10 अक्टूबर 2023, मूल्य : 1.50/-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

**मुख्य अपडेट**

दलितों और शोषितों के सामाजिक एकीकरण के मसीहा मान्यवर कांशी राम के परिनिर्वाण दिवस .... पेज 03

37 जिलों में शत प्रतिशत, 13 जिलों में 99 फीसदी पूरा हुआ डिजिटल क्रॉप सर्वे .... पेज 05

फिलिस्तीनी-इजरायल संघर्ष के दौरान गाजा में 1,23,000 फिलिस्तीनी विस्थापित हुए .... पेज 07

## सिक्किम जल प्रलय में मरने वालों की संख्या बढ़कर 34 हुई

### 105 लोग अब भी लापता; सर्च ऑपरेशन जारी

गंगटोक। सिक्किम के ल्होनक ग्लेशियर में 3 अक्टूबर को बादल फट गया। अचानक बादल फटने के कारण झील का एक किनारा टूट गया, जिससे तीस्ता में जल स्तर बढ़ गया और राज्य के कई इलाके जलमग्न हो गए। देखते ही देखते यह प्राकृतिक संकट आपदा का रूप ले लिया। सिक्किम के इस जल प्रलय में कई लोगों की जान गई है कई लोग अब भी लापता चल रहे हैं।



सिक्किम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की 9 अक्टूबर की सुबह 10: 00 बजे की रिपोर्ट के अनुसार, मरने वालों की संख्या 34 दर्ज की गई थी। इसमें आगे कहा गया है कि 105 लापता बताए गए हैं। वहीं 8 अक्टूबर को कुल 33 लोगों की मौत और 105 लोगों के लापता होने की सूचना मिली थी। भारतीय सेना के अनुसार, इससे पहले आज, सेना के हेलीकॉप्टर द्वारा लाचेन से निकाले गए पर्यटकों के पहले बैच का मंगन जिले के रिंगिम हेलीपैड पर स्वागत किया गया।

# पांच राज्यों में चुनाव की घोषणा, नतीजे 3 दिसंबर को

### मध्य प्रदेश में 17, राजस्थान में 23, छत्तीसगढ़ में 7 और 17 नवंबर को वोटिंग



**इस बार 60.2 लाख फर्स्ट टाइम वोटर्स**

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि इन राज्यों में कुल 16.14 करोड़ वोटर्स हैं। इनमें 8.2 करोड़ पुरुष, 7.8 करोड़ महिला वोटर्स हैं। इस बार 60.2 लाख नए वोटर्स पहली बार वोट डालेंगे। इनकी उम्र 18 से 19 साल के बीच है। 15.39 लाख वोटर ऐसे हैं, जो 18 साल पूरे करने जा रहे हैं और जिनकी एडवांस एप्लिकेशन प्राप्त हो चुकी हैं।

नयी दिल्ली। चुनाव आयोग ने पाँच राज्यों में चुनाव की घोषणा की जिसमें छत्तीसगढ़ को छोड़कर बाकी चार राज्यों में एक-एक चरण में ही चुनाव संपन्न होंगे और चुनाव परिणाम तीन दिसंबर को आएंगे।

मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने चुनाव की तारीख़ों का एलान करते हुए सोमवार को कहा कि मिजोरम में सात नवंबर, छत्तीसगढ़ में सात और 17 नवंबर, मध्य प्रदेश में 17 नवंबर, राजस्थान में 23 नवंबर जबकि तेलंगाना में 30 को मतदान होंगे।

उन्होंने कहा कि कुल 16.14 करोड़ मतदाता इन चुनावों में अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। इनमें 8.2 करोड़ पुरुष मतदाता, 7.8 करोड़ महिला मतदाता होंगी। इस बार 60.2 लाख नए मतदाता पहली बार मतदान डालेंगे।

मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि 17 अक्टूबर को वोटिंग लिस्ट जारी होगी और 23 अक्टूबर तक मतदाता सूची में सुधार का मौका मिलेगा।

कुमार ने कहा कि पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के लिए 679 विधानसभा क्षेत्रों में 1.77 लाख मतदान केंद्र स्थापित किए जाएंगे। 17,734 मॉडल मतदान केंद्र होंगे। आठ हजार 192 मतदान केंद्रों पर महिलाएं कमान संभालेंगी।

उन्होंने कहा कि आपराधिक पृष्ठभूमि वालों को तीन बार अखबारों में अपनी जानकारी विज्ञापित करानी होगी। वहीं राजनीतिक दलों को भी बताना पड़ेगा कि ऐसे प्रत्याशियों को टिकट देने के अलावा उनके पास कोई विकल्प नहीं था।

चुनाव आयोग के अनुसार मध्य प्रदेश की 230 सदस्यीय विधानसभा के लिए 17 नवंबर को मतदान होंगे। मतों की गिनती तीन दिसंबर को होगी। चुनाव के लिए अधिसूचना 21 अक्टूबर को जारी होगी। नामांकन की आखिरी तारीख 30 अक्टूबर होगी। नामांकन पत्रों की जांच 31 अक्टूबर को की जाएगी। नामांकन वापस लेने की अंतिम तारीख दो नवंबर होगी। इसी प्रकार राजस्थान की 200 विधानसभा सीटों के लिए मतदान 23 नवंबर को होंगे। चुनाव के लिए अधिसूचना 30 अक्टूबर को जारी होगी। नामांकन की आखिरी तारीख छह नवंबर को, नामांकन पत्रों की जांच सात नवंबर को और नाम वापस लेने की अंतिम तारीख नौ नवंबर को होगी।

मिजोरम विधानसभा का कार्यकाल इस साल 17 दिसंबर को समाप्त हो रहा है। वहां मिजो नेशनल फ्रंट सत्ता में है। तेलंगाना, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और राजस्थान की विधानसभाओं का कार्यकाल अगले साल जनवरी में अलग-अलग तारीखों पर समाप्त हो रहा है। तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) का शासन है, जबकि मध्य प्रदेश में भाजपा की सरकार है। छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस की सरकारें हैं।

## देश के भविष्य के लिए जातीय जनगणना जरुरी : राहुल

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर ओबीसी के लिए काम नहीं करने का आरोप लगाया

नयी दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने देश के गरीब, आदिवासी, दलितों और ओबीसी के लिए जाति जनगणना को जरूरी बताते हुए कहा है कि कांग्रेस की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कार्य समिति-सीडब्ल्यूसी ने सर्वसम्मति से जाति जनगणना कराने का ऐतिहासिक फैसला लिया है।



गांधी ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में सीडब्ल्यूसी की बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा कि देश में जिसकी जितनी आबादी है उसे सत्ता में उसी हिसाब से भागीदारी मिलनी चाहिए और यह सुनिश्चित करने के लिए जातीय जनगणना आवश्यक है।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर ओबीसी के लिए काम नहीं करने का आरोप लगाया और कहा कि वह देश के दलितों, आदिवासियों और ओबीसी को उनका हिस्सा नहीं देना चाहते हैं इसलिए जाति जनगणना नहीं करवा रहे हैं। उनका कहना था कि देश के विभिन्न संस्थानों में आदिवासी, दलित, ओबीसी कितना है इसकी जनगणना होनी जरूरी है और उनकी आर्थिक हैसियत क्या है इसका भी सर्वे कराया जाना चाहिए।

गांधी ने जातीय जनगणना नहीं करने के लिए मोदी पर सीधा हमला किया और कहा कि प्रधानमंत्री जातीय जनगणना कराने में असमर्थ हैं।

## एनएचएआई ने टोल प्लाजा पर विवाद रोकने को बनाए नियम

नयी दिल्ली। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण-एनएचएआई ने टोल प्लाजा पर विवाद और कहा-सुनी की घटनाओं को रोकने के लिए कदम उठाते हुए मानक संचालन प्रक्रिया जारी की है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने कहा कि सड़क उपयोग करता हूं और टोल प्लाजा कर्मियों को विवाद से बचने के लिए संयम दिखाते हुए नियमों का पालन करना चाहिए। विवाद की स्थिति से कैसे निपटे हैं इसके लिए टोल प्लाजा कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा और उन्हें इस संबंध में जारी मानकों का पालन करना होगा। विस्तृत मानक संचालन प्रक्रिया में प्राधिकरण के क्षेत्रीय कार्यालयों के लिए दिशा-निर्देश हैं ताकि टोल संग्रहण एजेंसियां अपने कर्मचारियों के व्यवहार तथा सड़कों का इस्तेमाल करने वालों के लिए दिशा-निर्देशों को सख्ती से लागू कर सकें।

## बालासोर ट्रेन हादसे में 28 शव लावारिस

एजेंसी

भुवनेश्वर। ओडिशा के बालासोर में ट्रिपल टेन एक्सीडेंट को चार महीने हो चुके हैं। इस हादसे में 297 लोगों की मौत हुई थी। जिसमें 269 शवों को उनके घरवाले ले गए। अभी 28 शव ऐसे हैं जिन्हें लेने कोई नहीं आया। अब इन लावारिस शवों के दाह संस्कार का जिम्मा भुवनेश्वर नगर निगम को सौंपा जा रहा है। बीएमसी के अधिकारियों ने रविवार से 28 अज्ञात शवों को डिस्पोज



ऑफ करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। नगर निगम ने इन शवों को वैज्ञानिक तरीके से डिस्पोज ऑफ करने के लिए एक एसओपी जारी की है। बीएमसी मेयर सुलोचना दास ने एक प्रेस कांफ्रेंस में कहा- शवों को सीबीआई अधिकारियों की मौजूदगी में निगम को सौंप दिया जाएगा। हम मंगलवार को दाह संस्कार की योजना बना रहे हैं। सूत्रों ने कहा कि ट्रेन दुर्घटना की जांच कर रही सीबीआई ने खुर्दा जिला कलेक्टर को लेटर लिखकर शवों को डिस्पोज ऑफ करने को कहा था। जून में हुई दुर्घटना के बाद से शव एम्स भुवनेश्वर में रखे गए थे।

**नवरात्रि उत्सव**



अहमदाबाद में आगामी नवरात्रि उत्सव से पहले पारंपरिक लोक नृत्य 'गरबा' की रिहर्सल के दौरान पारंपरिक पोशाक में लोग तस्वीरें खिंचवाते हुए।

## पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट से 10 लोगों की मौत, 14 घायल

### प्रारंभिक जांच से पता चला है कि रसायनों को संभालने के दौरान घर्षण के कारण विस्फोट हुआ

अरियालुर। तमिलनाडु के अरियालुर जिले के वेत्रियूर गांव में सोमवार को दुखद घटना में एक देशी पटाखा फैक्ट्री में भीषण आग लगने से हुए विस्फोट में तीन महिलाओं सहित 10 श्रमिकों की मौत हो गई और 14 अन्य घायल हो गए।

पुलिस ने कहा कि कल सुबह आग लगने से सिलसिलेवार विस्फोट हुए, जिससे कई गोदाम और शेड नष्ट हो गए। वहां देशी पटाखों और अत्यधिक ज्वलनशील रसायनों का भारी भंडार जमा था। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि रसायनों को संभालने के दौरान



घर्षण के कारण विस्फोट हुआ, जिसके परिणामस्वरूप भीषण आग लग गई। आग में जलने के कारण शव इतने क्षत-विक्षत हो चुके थे कि उन्हें पहचानना मुश्किल हो रहा था।

दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कई घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घायलों को अरियालुर और तंजावुर के सरकारी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। आग में एक टेम्पो ट्रैवलर और दोपहिया वाहनों सहित कई वाहन नष्ट हो गए। अरियालुर जिला कलेक्टर जे.ऐनी मैरी स्वर्णा और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल का दौरा किया और लोगों से पूछताछ की।

पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और फैक्ट्री के मालिक राजेंद्रन की तलाश कर रही है, जो फरार है। पुलिस यह पता लगाने के लिए भी जांच कर रही है कि क्या सुरक्षा नियमों का कोई उल्लंघन हुआ था।

### राकांपा नेता फैजल को सुप्रीम कोर्ट ने दी अंतरिम राहत, सांसदी बहाली का रास्ता साफ

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता मोहम्मद फैजल को दिवंगत केंद्रीय मंत्री पी एम सईद के दामाद की हत्या करने के प्रयास मामले में सोमवार को अंतरिम राहत देते हुए उनकी संसद सदस्यता बहाली का रास्ता एक बार फिर साफ कर दिया। न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति संजय करोल की पीठ ने लक्षद्वीप के सांसद फैजल की याचिका पर केरल उच्च न्यायालय के तीन अक्टूबर के आदेश पर रोक लगा दी। शीर्ष अदालत ने फैजल की याचिका पर केंद्र शासित प्रशासन को नोटिस जारी कर उससे चार सप्ताह में अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। उच्च न्यायालय ने सांसद फैजल की सजा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था, जिसके खिलाफ उन्होंने शीर्ष अदालत में अपील की थी।

## फ्रिज में जोरदार धमाका, परिवार के 6 लोगों की मौत

### मरने वालो में दंपती, 3 बच्चे और बुजुर्ग

एजेंसी

जालंधर। जालंधर में रविवार देर रात एक घर में आग लगने से मरने वालों की संख्या अब 6 हो गई है। भयानक हादसे में बुरी तरह से झुलसे परिवार के मुखिया इंद्रपाल घई ने सोमवार सुबह लुधियाना के डीएमसी हॉस्पिटल में दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि मौत की वजह देर रात फ्रिज पर हुआ धमाका था, जो सात महीने पहले ही खरीदा था। इस आगजनी में परिवार के तीन मासूमों की भी मौत हो गई है। पंजाब के जालंधर में दर्दनाक हादसा हुआ है। देर रात घर पर रखे फ्रिज में हुए जोरदार धमाके की वजह से एक ही परिवार के 6 लोगों की मौत हो गई। इस आगजनी की घटना में एक ही परिवार के 3 बच्चों समेत 6 लोगों की झुलसने



से मौत हो गई। मरने वालों में घर के मुखिया भाजपा नेता यशपाल घई, उनका बेटा इंद्रपाल घई, इंद्रपाल की पत्नी रुचि, तीन बच्चे दीया, अक्षय और मंशा शामिल हैं। यशपाल की पत्नी बुजुर्ग बलबीर कौर जो घटना के वक्त पड़ोसियों के घर गई हुई थी, सुरक्षित बच गई हैं।

जानकारी के अनुसार, हादसे के वक्त सारा परिवार ड्राइंग रूम में टीवी देख रहा था। इस बीच अचानक घर के फ्रिज में जोरदार धमाका हुआ। इसके बाद पूरे घर में आग लग गई। गैस की गंध इतनी तेज थी कि घर के भीतर बैठे परिवार के सदस्य कुछ सोच-समझ पाते बेहोशी की हालत में आग में घिर गए। पड़ोसी ने भयानक आग देखकर तुरंत फायर ब्रिगेड को फोन किया।

**दो की मौके पर मौत, दो ने अस्पताल में तोड़ा दम**

फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने ही घर में बुरी तरह से झुलसे लोगों को बाहर निकाला और उन्हें तुरंत सिविल अस्पताल में पहुंचाया गया। सिविल अस्पताल में डॉक्टरों ने परिवार 3 के सदस्यों को मृत घोषित कर दिया, जबकि दो की हालत गंभीर देख उन्हें एक निजी अस्पताल में रेफर किया। जहां इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। एक की मौत सोमवार सुबह हुई। घर में गैस के कारण इतनी भीषण आग लगी हुई थी कि फायर ब्रिगेड के कर्मचारी देर रात तक इस पर काबू पाने में लगे रहे।

**नारेबाजी**

### छात्रों ने नारा-ए-तकबीर...ला इल्लाह इल अल्लाह के नारे लगाए, राज्यमंत्री बोले-यूनिवर्सिटी बंद करो

## एएमयू में फिलिस्तीन के समर्थन में रैली, 4 पर एफआईआर

अलीगढ़। इजराइल और हमास के बीच जारी जंग के बीच अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के छात्र फिलिस्तीन के समर्थन में उतर आए हैं।

रविवार देर शाम यूनिवर्सिटी कैंपस में करीब 400 छात्रों ने रैली निकाली। इसमें फ्री फिलिस्तीन, नारा-ए-तकबीर...अल्लाह हू अकबर। ला इल्लाह इल अल्लाह जैसे नारे लगाए। वहीं इस मामले में सीओ की प्रारंभिक जांच के बाद चौकी इंचार्ज की तहरीर पर पुलिस ने 4 लोगों को नामजद करते हुए एफआईआरदर्ज की है।

रविवार रात 10 बजे एएमयू कैंपस के डक प्वाइंट पर 400 से ज्यादा छात्र



इकट्ठा हुए। इनके हाथों में फिलिस्तीन के समर्थन के पोस्टर थे। 10 बजे छात्रों ने कैंपस के अंदर ही रैली निकाली। इस दौरान धार्मिक नारेबाजी भी की। छात्रों के जो वीडियो सामने आए हैं।

इसमें वह कह रहे हैं कि फिलिस्तीन को फ्री किया जाए। वहां जुल्म हो रहे हैं। फिलिस्तीन आजादी मांग रहे हैं, लेकिन उन्हें आजादी नहीं दी जा रही है। एएमयू फिलिस्तीन के साथ खड़ा है। ये छात्र यूनिवर्सिटी के अलग-अलग कोर्स के रहे हैं। हालांकि, इस मार्च का आयोजन किसने किया यह स्पष्ट नहीं है।

इस संबंध में यूनिवर्सिटी प्रॉक्टर प्रो. मो. वसीम अली बताया, मार्च निकालने की कोई परमिशन नहीं ली गई है। कैंपस में मार्च निकलने की उन्हें सूचना मिली है। इस बारे में वीसी से बात की जा रही है और जांच कराई जाएगी। इसके बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। वहीं, एसपी सिटी मृगांग शेखर पाठक ने कहा, कैंपस में मार्च निकलने की सूचना मिली है।

**यूपी पुलिस अलर्ट मोड पर, सोशल मीडिया पर नजर**

फिलिस्तीन के समर्थन को लेकर नारेबाजी से तनाव को देखते यूपी पुलिस अलर्ट मोड पर आ गई है। डीजीपी मुख्यालय पूरे प्रकरण के साथ सोशल मीडिया पर भी नजर रखे हुए है। सूत्रों के मुताबिक सोशल मीडिया पर कहीं इजराइल तो कही फिलिस्तीन के समर्थन में पोस्ट करने को प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। अलीगढ़ समेत आसपास के जिलों में अलर्ट किया गया है। जहां साम्प्रदायिक दृष्टि से संवेदनशील हैं। इसमें मेरठ, सहारनपुर, शामली और मुजफ्फरनगर के जिले शामिल हैं।

## विधानसभा चुनाव : भाजपा ने तीन राज्यों के उम्मीदवारों की सूची की जारी

नयी दिल्ली। पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के कार्यक्रम की घोषणा के कुछ घंटे बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मध्य प्रदेश के 57 उम्मीदवारों की चौथी, छत्तीसगढ़ के 64 उम्मीदवारों की दूसरी और राजस्थान के 41 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी।

पार्टी ने सोमवार को यहां कहा कि गत एक अक्टूबर को भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा की अध्यक्षता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में हुई पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में तीनों राज्यों के इन उम्मीदवारों के नामों को मंजूरी दी थी।

राजस्थान में पांच सांसदों को उतारा गया है जिनमें नरेंद्र कुमार मंडावा से,




पूर्व केंद्रीय मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ झोटवाड़ा से, दीया कुमारी विद्याधर नगर से, बाबा बालकनाथ तिजारा से, डॉ किरोड़ी लाल मीणा सवाई माधोपुर से तथा भागीरथ चौधरी किशनगढ़ से शामिल हैं।

छत्तीसगढ़ में जिन सांसदों को टिकट दिया गया है उनमें केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह को भरतपुर सोनहत से, श्रीमती गोमती साय पत्थलगांव से और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरुण साव लोरमी से चुनाव लड़ेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह राजनांदगांव से, पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल रायपुर दक्षिण, अमर अग्रवाल बिलासपुर से, राजेश मूणत रायपुर पश्चिम से, प्रेम प्रकाश पांडे भिलाई से लड़ेंगे।

मध्यप्रदेश में इस सूची में कोई सांसद नहीं है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान अपनी पुरानी बुधनी सीट से, विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम देवतालाब से, गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा दतिया से, अरविंद सिंह भदौरिया अटेर से, गोपाल भार्गव रहली से, राजेन्द्र शुक्ल रीवा से, उमाकांत शर्मा सिरोंज से चुनाव लड़ेंगे।

## राहुल आज शहड़ोल जिले के ब्यौहारी में आमसभा को संबोधित करेंगे

पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी कल मध्यप्रदेश के शहड़ोल जिले के ब्यौहारी में एक आमसभा को संबोधित करेंगे। आमसभा में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ, प्रभारी महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला सहित प्रदेश के अन्य वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। प्रदेश कांग्रेस की ओर से आज यहां मुहैया करायी गयी जानकारी के अनुसार गांधी सुबह 10.50 बजे सतना पहुंचेंगे। वे वहां से दोपहर 12 बजे रवाना होंगे और 12.30 बजे शहडोल के ब्यौहारी में एक आमसभा को संबोधित करेंगे।





# शार्ट न्यूज

## सिक्किम में आई आपदा में कई लोगों की मौत

गंगटोक। सिक्किम में 4 अक्टूबर को दक्षिणी लोनाक झील के उफान के कारण आई आपदा में कई लोग मारे गए। सिक्किम सरकार की एक विज्ञप्ति में सोमवार को कहा गया कि विभिन्न उपग्रह डेटा की मदद से इस पर बारीकी से नजर रखी जा रही है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि उपलब्ध तस्वीरों के विशलेषण के अनुसार विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (राज्य) ने प्रारंभिक रूप से अनुमान लगाया है कि साइड की दीवार (उत्तर पश्चिम की ओर) अलग हो गई और मोराइन झील में गिर गया। अलग हुआ मोराइन गिरने के बाद झील के सबसे गहरे हिस्से में चला गया, जिसके परिणामस्वरूप आउटलेट से बड़ी मात्रा में पानी बह निकला, जिससे झील का आउटलेट चौड़ा और गहरा हो गया और शक्तिशाली तीस्ता नदी में बाढ़ आ गई। तस्वीरों में झील के जल स्तर में कमी को भी दर्शाया गया है क्योंकि बड़ी मात्रा में पानी फैल गया है। झील का क्षेत्रफल 162 हेक्टेयर से घटकर 144 हेक्टेयर रह गया है। बयान में कहा गया है कि हालांकि, घटनाओं के इस पूरे क्रम के दौरान, उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार यह देखा गया है कि झील को नुकसान पहुंचाने वाला मुख्य मोराइन अपनी मूल स्थिति और आकार में बना हुआ है।

## लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी जनहित के फैसलों पर चुनाव लड़ेगी: सुक्खू

शिमला। हिमाचल प्रदेश में लोकसभा चुनाव का जिम्मा मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पर रहेगा। ऐसे में उनके लिए यह चुनाव चुनौती से कम नहीं होगा। केंद्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार है। अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी ने अभी से मंथन शुरू कर दिया है। सोमवार को नई दिल्ली में राष्ट्रीय कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक हुई। मुख्यमंत्री सुक्खू इस बैठक में शामिल हुए। बैठक में लोकसभा चुनाव पर भी चर्चा की गई। वहीं, कांग्रेस पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए संभावित प्रत्याशियों को मैदान में भेजकर जनता की टोह लेने को कह दिया है। प्रदेश में राज्य में लोकसभा की चार सीटें हैं। इनमें से मात्र मंडी संसदीय सीट ही कांग्रेस के पास है। हिमाचल प्रदेश में लोकसभा चुनाव का जिम्मा मुख्यमंत्री सुक्खू पर रहेगा। ऐसे में उनके लिए यह चुनाव चुनौती से कम नहीं होगा। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस पार्टी सुक्खू सरकार की ओर से लिए गए जनहित के फैसलों पर चुनाव लड़ेगी। प्रदेश में आपदा भी अहम मुद्दा रहेगा। केंद्र सरकार की ओर से अब तक हिमाचल के लिए आपदा राहत राशि जारी नहीं हुई है।

## एसजीपीसी चुनाव के लिए मतदाताओं का रजिस्ट्रेशन 21 अक्टूबर से 15 नवंबर तक

जालंधर। शिरोमणि गुरुदारा प्रबंधक समिति के चुनाव के लिए मतदाताओं का रजिस्ट्रेशन 21 अक्टूबर से 15 नवंबर 2023 तक होगा। जिला उपायुक्त विशेष सारंगल ने सोमवार को कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में संबंधित पटवार निर्वाचन क्षेत्रों के पटवारी और शहरी क्षेत्रों में नगर परिषद या स्थानीय अधिकारियों के कर्मचारी, जिन्हें संबंधित क्षेत्र के सब डिवीज़नल मजिस्ट्रेट द्वारा नामांकित किया गया है, संभावित मतदाताओं को मतदाता के रूप में स्वयं को रजिस्टर करने के लिए फॉर्म जमा कर सकते है। उन्होंने बताया कि ये फॉर्म जिला के सभी सब डिवीज़नल के कार्यालयों से नि:शुल्क प्राप्त किए जा सकते है। सारंगल ने कहा कि एसजीपीसी की मतदाता सूची के लिए मतदाता बनने के लिए व्यक्ति को केसधारी सिख होना चाहिए। सिखों के सभी संगठनों और व्यक्तियों, चाहे वह सामाजिक हों या धार्मिक, जो आगामी एसजीपीसी के चुनावों के लिए प्रयास कर रहे हैं उनसे अपील की जाती है कि योग्य व्यक्तियों को प्रेरित करके मतदाता पंजीकरण में अपना पूर्ण समर्थन दें ताकि निर्धारित अवधि के भीतर सभी योग्य लोगों की रजिस्ट्रेशन पूरी की जा सके।

## फोन टैपिंग मामले में लोकेश शर्मा को फिर नोटिस

जयपुर। राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के ओएसडी लोकेश शर्मा को फोन टैपिंग मामले में दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा से फिर नोटिस मिला है। विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लगते ही शर्मा को यह नोटिस मिला है और उन्हें इस मामले में पूछताछ के लिए मंगलवार को पूर्वाह्न ग्यारह बजे नई दिल्ली के रोहिणी स्थित दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा के दफ्तर बुलाया गया है। श्री शर्मा से मामले में दिल्ली पुलिस (अपराध) अब तक चार बार पूछताछ कर चुकी है। उनसे इससे पहले गत 20 मार्च को लगभग नौ घंटे पूछताछ हुई थी। उल्लेख्रीय है कि 11 अक्टूबर को दिल्ली उच्च न्यायालय में इस मामले की सुनवाई होनी है। मार्च 2021 में केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने फोन टैपिंग का आरोप लगाते हुए शर्मा के खिलाफ दिल्ली में मामला दर्ज कराया था। हाल में शर्मा को कांग्रेस सेंट्रल वार रूम का को-चेयरमैन बनाया गया है। प्रदेशभर में चुनावी कैम्पेन की जिम्मेदारी के साथ शर्मा बीकानेर से विधानसभा चुनव के लिए टिकट भी मांग रहे हैं।

## राजस्थान में विधानसभा चुनाव के लिए 23 नवंबर को होगा मतदान

जयपुर। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राजस्थान में विधानसभा चुनाव-2023 की घोषणा कर दी गई है और प्रदेश की सभी दो सौ सीटों के लिए आगामी 23 नवबंर को मतदान होगा तथा तीन दिसंबर को मतगणना होगी। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने सोमवार को शासन सचिवालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि राज्य में पांच करोड़ 27 लाख से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। चुनाव घोषणा के साथ ही राज्य में आदर्श आचार संहिता भी तत्काल प्रभाव से लागू हो गई। गुप्ता ने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के साथ ही प्रदेश में स्थानान्तरण एवं नियुक्तियों पर रोक लग गई है। अति आवश्यक होने पर राज्य सरकार निर्वाचन आयोग से मंजूरी लेने के बाद ही चुनाव से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्थानान्तरित कर सकेगी। उन्होंने बताया कि दो सौ सीटों के लिए चुनाव प्रक्रिया के तहत 30 अक्टूबर को अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन दाखिल करने का काम शुरू हो जाएगा।

## मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सिकटिया मेगा लिफ्ट सिंचाई परियोजना का किया शिलान्यास

रांची। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि हर खेत को मिले पानी और इसी प्रतिबद्धता के साथ तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री सोरेन ने आज देवघर जिले के सारठ प्रखंड में सिकटिया मेगालिफ्ट सिंचाई योजना के शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि आनेवाले दिनों में किसान टांड़ में भी सालों भर खेती कर सकेंगे, क्योंकि सरकार यहां भी सिंचाई के लिए पानी पहुंचाने की दिशा में काम कर रही है। इसी कड़ी का एक हिस्सा बनने जा रहा है- सिकटिया मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना। इस सिंचाई योजना में भूमिगत पाइपलाइन के जरिए खेतों में पटवन का पानी पहुंचेगा और फसलें लहलहाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमेशा यह बात सुनने को मिलती थी कि झारखंड के डैम, बराज और वॉटर रिजर्वॉयर के पानी का इस्तेमाल झारखंड के किसान नहीं बल्कि दूसरे राज्यों के द्वारा किया जा रहा है। ऐसे में यहां के पानी का इस्तेमाल यहां के लोग करें। इस दिशा में कार्य योजना बनाकर उसके क्रियान्वयन की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

## हेमंत जी कब तक भागेंगे, होटवार में कमरा सुरक्षित है

रांची। भारतीय जनता पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने आज संकल्प यात्रा का 9वां चरण शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए प्रारंभ किया। मरांडी ने डाक बंगला मैदान, खरसावां में आज खरसावां विधानसभा क्षेत्र की संकल्प सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री को फिर कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार में आकंठ डूबे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज ईडी की पूछताछ से भागते फिर रहे हैं। हाई कोर्ट, सुप्रीम कोर्ट की दौड़ लगा रहे,महंगे वकील पर करोड़ों रुपए खर्च कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि लेकिन मुख्यमंत्री जी कब तक भागेंगे।उनके लिए होटवार जेल का कमरा सबसे सुरक्षित है। मरांडी ने कहा कि जमीन खरीद बिक्री मामले में हेमंत सोरेन मीडिया को और राज्य की जनता को दिग्भ्रमित कर रहे हैं। यदि जमीन नही बिकती तो खजुरिया में उन्होंने इतना बड़ा बंगला कैसे बनाया है। 108 संपत्ति की तो हेमंत सोरेन ने कोर्ट में एफिडेविट कर बताया है।

# कैबिनेट सचिव ने सिक्किम में बाढ़ की स्थिति की समीक्षा की

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय संकट प्रबंधन समिति ने कैबिनेट सचिव राजीव गौबा की अध्यक्षता में सोमवार को यहां एक बैठक में सिक्किम में बाढ की स्थिति की समीक्षा की।

सिक्किम के मुख्य सचिव ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक में हिस्सा लिया।

उन्होंने बताया कि अधिकांश क्षेत्रों में सड़क संपर्क स्थापित हो चुका है और मौसम में सुधार के चलते फंसे हुए लोगों को हवाई मार्ग से निकाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज सुबह 80 लोगों को निकाला गया है। साथ ही उन्होंने राहत और बचाव उपायों के बारे में भी जानकारी दी और कहा कि 28 राहत शिविर स्थापित किए गए हैं तथा उनमें 6,800 से अधिक लोगों ने शरण ले रखी है। प्रभावित क्षेत्रों में खाद्य सामग्री, दवाएं और रसोई गैस सहित सभी आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति की जा रही है।

मौसम विभाग के महानिदेशक ने समिति को बताया कि 11 से 13 अक्टूबर तक मौसम अनुकूल रहने की संभावना है।



राष्ट्रीय आपदा मोचन बल के महानिदेशक ने बताया कि बचाव और राहत कार्यों के लिए, राज्य में 6 टीमें तैनात की गई हैं। इसके अलावा, तीन टीमें सिलीगुड़ी में तैयार खड़ी हैं। सेना और वायु सेना की टीमें बचाव और सुविधाओं की बहाली के प्रयासों में राज्य की सहायता के लिए तैनात की गई हैं।

गृह सचिव ने कहा कि केंद्र सरकार उच्चतम स्तर पर स्थिति पर 24 घंटे नजर रख रही है। उन्होंने समिति को बताया कि स्थिति का जायजा लेने के लिए अंतर मंत्रालयी समन्वय दल सिक्किम पहुंच गया है। सिक्किम सरकार को आवश्यक अतिरिक्त केंद्रीय सहायता जारी की जा रही है।

केंद्रीय एजेंसियों और सिक्किम सरकार के राहत और बचाव उपायों की समीक्षा करते हुए कैबिनेट सचिव ने इस बात पर जोर दिया कि कम से कम समय में लोगों को निकालना प्राथमिकता होनी चाहिए। जहां पुल बह गए हैं वहां के लोगों के लिए सड़क संपर्क बहाल करने के लिए बेली ब्रिज को प्राथमिकता के आधार पर शुरू किया जाना चाहिए। कैबिनेट सचिव ने आश्वासन दिया कि केंद्र सरकार राज्य को हर संभव सहायता और सहायता प्रदान करेगी।


बैठक में केंद्रीय गृह सचिव, सिक्किम के मुख्य सचिव, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय के सचिव, सैन्य मामलों के सचिव, सदस्य, सचिव आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, आपदा मोचन बल के महानिदेशक और गृह मंत्रालय तथा रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

## हम अपने अधिकारों के लिए अपनी लड़ाई बंद नहीं करेंगे

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद अभिषेक बनर्जी ने सोमवार को कहा कि वह आशावादी हैं कि राज्यपाल सीवी आनंद बोस बंगाल के लोगों की मांग सुनेंगे। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख एवं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे बनर्जी ने एक्स पर कहा, हम राजभवन के बाहर अपने शांतिपूर्ण धरने के पांचवें दिन में प्रवेश कर रहे हैं और मैं पूरे जोश और दृढ़ संकल्प के साथ बंगाल के लोगों के अधिकारों को कायम रखना जारी रखूंगा। उन्होंने कहा, कल, राज्यपाल ने आखिरकार हमारे प्रतिनिधिमंडल से मिलने का फैसला किया। मैं उत्सुकता से बैठक का इंतजार कर रहा हूं और आशावादी हूं कि राज्यपाल बंगाल के लोगों की मांग सुनेंगे। उन्होंने कहा,भारतीय जनता पार्टी के जमींदार निर्दोष लोगों की कीमत पर राजनीति करने में लगे हुए हैं। लेकिन, बंगाल चुप नहीं रहेगा और हम अपने अधिकारों के लिए अपनी लड़ाई बंद नहीं करेंगे।

## चंद्रबाबू को झटका, अग्रिम जमानत की याचिकायें खारिज

एजेंसी



**विजयवाड़ा।** आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय ने सोमवार को तेलुगू देशम पार्टी प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू को गहरा झटका देते हुए तीन अलग-अलग मामलों में जमानत याचिकाएं खारिज कर दीं। दरअसल नायडू ने अमरावती इनर रिंग रोड संरेखण, फाइबरनेट घोटाला मामलों और अंगल्लू गांव में हिंसा से संबंधित मामले में न्यायालय से अग्रिम जमानत की मांग की थी। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने उक्त घोटालों और आपराधिक मामलों में नायडू के खिलाफ मामले दर्ज किये हैं। इसके अलावा पुलिस ने भी पूर्व मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के दौरान चित्तूर जिले के अंगल्लू गांव में हुई हिंसा की घटना पर भी उनके खिलाफ मामला दर्ज किया। वाईएसआरसीपी विधायक अल्ला रामकृष्ण रेड्डी ने आईआरआर के एलाइनमेंट बदलने में अनियमितता को लेकर एसीबी में शिकायत दर्ज कराई है। एसीबी ने गत नौ मई 2022 को मामला दर्ज किया और नायडू को मामले में आरोपी के रूप में शामिल किया गया। तेदेपा प्रमुख चार अगस्त, 2023 को एक सिंचाई परियोजना के खराब रखरखाव को देखने के लिए चित्तूर जिले में गए थे। उनकी यात्रा के दौरान हिंसा की घटनाएं हुईं और मुदिवेदु पुलिस ने पूर्व सीएम सहित 179 तेदेपा नेताओं के खिलाफ मामले दर्ज किए। अग्रिम जमानत पर नायडू की ओर से उच्चतम न्यायालय के वकील सिद्धार्थ लूथरा और एसीबी की ओर से महाधिवक्ता श्रीराम ने कोर्ट में दलीलें पेश कीं। गौरतलब है कि नायडू को कथित 317 करोड़ रुपये के कौशल विकास घोटाला मामले में गिरफ्तार किया गया था और यहां एसीबी कोर्ट द्वारा उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजे जाने के बाद नौ सितंबर से वह राजमुंदरी सेंट्रल जेल में बंद हैं।

## कंपनी से 29 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोपी गिरफ्तार

हैदराबाद। तेलंगाना सीआईडी की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने तमिलनाडु निवासी एक ऐसे व्यक्ति को गिरफ्तार किया है जिस पर एक कंपनी को 29 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाने का आरोप है। इस मामले में आपराधिक विश्वासघात, धोखाधड़ी, दस्तावेजों की जालसाजी और उनके धोखाधड़ीपूर्ण उपयोग के आरोप शामिल हैं। आरोपी की पहचान अनिल बेनीप्रसाद अग्रवाल के रूप में हुई है। अनिल पर अन्य लोगों के साथ मिलकर शिकायतकर्ता कंपनी, मेसर्स रवि कुमार डिस्टिलरीज लिमिटेड से धन का गबन करने का आरोप है। उन्होंने कथित तौर पर मेसर्स रवि कुमार डिस्टिलरीज लिमिटेड की आरंभिक सार्वजनिक पेशकश के लिए गलत तरीके से मुख्य प्रबंधक (के रूप में कार्य करके ऐसा किया। पुलिस के एक बयान में सोमवार को कहा गया कि आरोपी ने धोखाधड़ी से शिकायतकर्ता कंपनी से बड़ी रकम एकत्र की और मेसर्स लिकर इंडिया लिमिटेड के शेयर भी हासिल कर लिए। इन कार्रवाइयों के कारण उस पर नचाराम पुलिस स्टेशन में दर्ज मामला दर्ज किया गया और अब मामले की जांच ईओडब्ल्यू टीम, (सीआईडी) कर रही है।

# भाजपा कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराने से डर रही है : उमर

श्रीनगर। नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) और कांग्रेस गठबंधन द्वारा लद्दाख स्वायत्त पर्वतीय विकास परिषद (एलएएचडीसी) कारगिल के चुनावों में जीत के एक दिन बाद, नेकां उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने कहा कि केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराने से डर रही है।

उमर ने सोमवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा,नेशनल कॉन्फ्रेंस हमेशा चुनाव के लिए तैयार है लेकिन केंद्र सरकार और भाजपा तैयार नहीं है, क्योंकि वे जम्मू-कश्मीर में लोगों का सामना करने से डरते हैं।



नेकां-कांग्रेस गठबंधन ने एलएएचडीसी कारगिल चुनाव में 22 सीटें हासिल कर जीत हासिल की है। अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और पूर्ववर्ती राज्य जम्मू-कश्मीर से लद्दाख को केंद्र शासित प्रदेश बनाने के बाद यह पहला चुनाव था।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा,मुझे भाजपा से कोई आपत्ति नहीं है क्योंकि यह एक राजनीतिक पार्टी है और हमेशा अपना फायदा और नुकसान देखती है। दिल्ली में कहा गया कि जम्मू-कश्मीर में चुनाव सभी कारकों पर विचार करने के बाद होंगे।

उमर ने कहा,मैं मुख्य चुनाव आयुक्त से पूछना चाहता हूं कि ये कारक क्या हैं? हम जो महसूस करते हैं वह एकमात्र कारक है जो 'डर कारक' है जिसे भाजपा महसूस कर रही है।

उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा पहले राजभवन के पीछे छिप रही थी और अब उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त के पीछे शरण लेना शुरू कर दिया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया, यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि मुख्य चुनाव आयुक्त और भारत का चुनाव आयोग स्वतंत्र रूप से अपने फैसले नहीं ले सकते, बल्कि वे केवल भाजपा के संकेतों पर काम कर रहे हैं।

उमर ने प्रदेश के लोगों की ओर से चुनाव आयुक्त से सवाल पूछा कि राजस्थान, मध्य प्रदेश, झारखंड, तेलंगाना और मिजोरम राज्यों के लोगों को जब विधानसभा चुनाव करने का अधिकार है, तो जम्मू-कश्मीर के लोगों को यह अधिकार क्यों नहीं है? उन्होंने कहा, कृपया हमें मुख्य चुनाव आयुक्त बताएं कि वे कौन से कारक हैं जो लोगों को सरकार के लोकतांत्रिक अधिकार से वंचित करने के लिए जिम्मेदार हैं।

# सीआईएसएफ को हैदराबाद-दुबई उड़ान के अपहरण के बारे में धमकी भरा मिला ईमेल

**हैदराबाद।** तेलंगाना में शमशाबाद के राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (आरजीआईए) पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) को रविवार रात एक धमकी भरा ईमेल मिला। जिसमें हैदराबाद-दुबई उड़ान के अपहरण की धमकी दी गई थी।

मेल में तिरुपति बाडिनेनी (पासपोर्ट संख्या आर 8124604) के संबंध में विशेष रूप से सावधानी बरतने की आवश्यकता का उल्लेख किया गया है। मेल के अनुसार बाडिनेनी एक आईएसआई मुखबिर है और कथित तौर पर हैदराबाद से दुबई जाने वाली उड़ान डीएक्सबी एआई 951 के अपहरण करने की योजना बना रहा है। इसमें यह भी दावा किया गया कि हैदराबाद हवाई अड्डे पर कई व्यक्ति तिरुपति से जुड़े हुए हैं और अधिकारियों से उन्हें पकड़ने का आग्रह किया गया है।

ईमेल में तेजी से कार्रवाई नहीं करने पर भारत के लिए गंभीर परिणाम भुगतने की भी चेतावनी दी गई है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि तिरुपति के पास वह मोबाइल के माध्यम से आईएसआई संपर्क हैं।

इस धमकी के जवाब में सीआईएसएफ कर्मियों ने तुरंत हैदराबाद से डीएक्सबी एआई 951 की उड़ान को रोक दिया, जो कुछ देर में ही उड़ान भरने वाली थी।

गहन निरीक्षण के बाद, तीन यात्रियों- तिरुपति बदिनेनी, एल. विनोद कुमार और पी. राकेश कुमार को हिरासत में ले लिया गया और पुलिस को सौंप दिया गया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार विमान में सवार सभी बाकी यात्रियों को दुबई जाने वाली दूसरी उड़ान में बिठाया गया। पुलिस ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

## आंध्र में बस , ऑटो रिक्शा की टक्कर से चार लोगों की मौत

कडप्पा। आंध्र प्रदेश में वाईएसआर जिले के पोटलादुर्थी गांव में सोमवार को एक ऑटो रिक्शा और आंध्र प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम बस की टक्कर से चार लोगों की मौत हो गई और तीन घायल हो गए। पुलिस उपाधीक्षक नागराजू ने कहा कि प्रोद्दातुर और कडप्पा के 11 लोग ऑटो रिक्शा में मल्लेला गांव जा रहे थे। ऑटो चालक ने एक ट्रक को ओवरटेक करने की कोशिश की और उसने वाहन से नियंत्रण खो दिया। उसी समय एपीएसआरटीसी की एक बस ऑटोरिक्शा से टकरा गई, जिससे मोहम्मद (25), हसीना (25), अमीना (20) और शकीर (10) की मौत हो गई।

## तमांग ने दिक्चू में क्षतिग्रस्त घरों का दौरा किया, अंतरिम राहत प्रदान की

गंगटोक। सिक्किम के मुख्यमंत्री पीएस तमांग ने रविवार को दिक्चू के पुराने बाजार का दौरा किया। उन्होंने 04 अक्टूबर को आयी बाढ़ से क्षतिग्रस्त हुए 11 घरों का भी अवलोकन किया। तमांग ने दिक्चू बांध स्थल का भी दौरा किया। उन्होंने कहा, मैंने आपदाग्रस्त क्षेत्र को दौरा किया और नुकसान को अवलोकनप किया। प्रत्येक प्रभावित परिवार को तत्काल 50 हजार रुपये की राहत सहायता प्रदान की गयी है। मुख्यमंत्री ने हालांकि नुकसान का आकलन पूरा होने के बाद सरकार की ओर से आगे भी सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। हेलीकॉप्टरों की मदद से फंसे हुए पर्यटकों को सुरक्षित निकालने का काम जारी है और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल के 22 सदस्य मंगन के लिए रवाना हो गए हैं। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस को चुंगथांग से जिप लाइन के माध्यम से 56 नागरिकों को बचाने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी। अन्य छह लोगों को चुंगथांग में सिक्किम ऊर्जा लिमिटेड बांध के सुरंग से बचाया गया। बाढ़ के कारण होने वाले नुकसान और प्रभावित आबादी पर नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार अब तक 33 लोग मारे गए है, प्रभावित लोगों की संख्या 60,870 है।

# देश में चल रही तुष्टिकरण की राजनीति : संजय टंडन

शिमला। देश के अंदर जिस तरीके से जो तुष्टिकरण की राजनीति को आगे बढ़ाया जा रहा है, जातीय जनगणना जिसका कार्य को बिहार सरकार ने शुरू किया हैं। यह निंदनीय है। यह जानकारी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सह प्रभारी संजय टंडन ने सोमवार को यहां पत्रकार वार्ता के दौरान कही।

टंडन ने कहा कि ऐसा देश के अंदर पहली बार हुआ है कि किसी राज्य ने इस कार्य को करने के लिए यह जनगणना करी।

जातिगत जनगणना आज से पहले हमारे देश के अंदर नहीं होती थी, इसको वहां किया गया उसका क्या कारण है, उसके क्या तथ्य है, उसका नतीजा क्या निकलेगा, उससे विपक्षी दल क्या पाना चाहते है? यह बहुत बड़ा सवाल है। इस निर्णय से हमारे देश की एकता को चुनौती मिली है, यह तय है।

उन्होंने कहा ऐसा अंग्रेज करते थे फूट डालो और शासन करो अब बिहार से नीतीश सरकार ने इसका आगाज किया है। तमाम कांग्रेस पार्टी के नेता और उनके घटक दल इसकी वह वही लूटने का काम कर रहे हैं और जातीय जनगणना कि राजनीति को बढ़ावा दे रही है। ऐसा लग रहा है कि विपक्षी दल आजादी से पहले अंग्रेजों की नीति पर चल रहे हैं।

## रेड क्रॉस सोसायटी की नवगठित समिति ने की मिश्र से भेंट

जयपुर। राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र से आज राजभवन में इण्डियन रेडक्रॉस सोसायटी की नवगठित राज्य शाखा के पदाधिकारियों ने अध्यक्ष राजेश कृष्ण बिरला के नेतृत्व में शिष्टाचार मुलाकात की।मिश्र ने नव गठित राज्य समिति के पदाधिकारियों को बधाई देते हुए रेड क्रॉस के जरिए पीड़ित मानवता की सेवा के लिए सभी स्तरों पर प्रभावी कार्य किए जाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि रेड क्रॉस की जिला शाखाएं आपदा के समय ही नहीं सामान्य परिस्थितियों में भी सेवा और सहायता के लिए निरंतर तत्पर रहें।

# सिक्किम आपदा में लापता सैनिकों की तलाश जारी

गंगटोक। सिक्किम के उत्तरी जिले में हाल ही में आयी आपदा के बाद से लापता सैनिकों की तलाश जारी है और साथ ही सिक्किम के हिमालयी इलाकों की ऊंचाई पर 63 विदेशी यात्रियों सहित लगभग 1700 फंसे हुए पर्यटकों को सहायता प्रदान की जा रही है।

आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। रक्षा अधिकारियों ने पुष्टि की है कि 23 भारतीय सेना कर्मियों में से एक को चार अक्टूबर को जीवित बचाया गया है और अब तक आठ शवों की पहचान की जा चुकी है और अन्य लापता सैनिकों की तलाश जारी है। इससे पहले सिक्किम सरकार की ओर से शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति में दावा किया गया कि तीस्ता नदी के जल क्षेत्र से बरामद किए गए कुल 30 मृतकों में से 19 सेना के



जवान शहीद हो गए। रक्षा अधिकारियों की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि त्रि शक्ति कोर के जवान उत्तरी सिक्किम के लाचेन, लाचुंग, थांगु और चुंगथांग के क्षेत्रों में फंसे 1,700 पर्यटकों को भोजन, चिकित्सा सहायता और संचार सुविधाएं सहित अन्य सहायता प्रदान की जा रही हैं। मौसम अभी भी खराब है। इसके बावजूद भारतीय सेना पर्यटकों को वहां से निकाले जाने तक सुरक्षित रखने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। सिक्किम सरकार के अनुसार चार अक्टूबर को उत्तरी क्षेत्र में स्थित ल्होनक झील के ऊपर बादल फटने से तीस्ता नदी बेसिन में बाढ़ आने से पूरे क्षेत्र में तबाही मच गयी। पूरे सिक्किम में 80 से अधिक लोग अभी भी लापता हैं और लापता लोगों के तीस्ता की बाढ़ में बहने की आशंका है।

# हिमाचल के पर्यटन कारोबारी परेशान, सरकार से की टैक्स वापिस लेने की मांग

शिमला। हिमाचल प्रदेश में बाहरी राज्यों से आने वाले पर्यटन वाहनों पर परिवहन विभाग द्वारा सितंबर माह से टैक्स लगाया गया है। जिससे बाहरी राज्यो के ऑपरेटर प्रदेश में गाड़ियां नही भेज रहे हैं और अब बुकिंग की कैंसिल हो रही है जिससे पर्यटन कारोबार को नुक्सान हो रहा है तथा कारोबारियों की मुश्किलें बढ़ गई है। इन परेशानियों के चलते होटल एसोसिएशन ने सरकार से टैक्स बढ़ाने के फैसले को वापिस लेने की मांग की है।

होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहिंदर सेठ ने बताया कि सरकार के द्वारा छह हजार प्रतिदिन का टैक्स लगाने से पर्यटकों की संख्या में काफी फर्क पड़ा



है। बाहरी राज्यों से ग्रुप्स में पर्यटक हिमाचल आते हैं लेकिन टैक्स लगाने से गुजरात व महाराष्ट्र के ट्रैवल एजेंट ने हिमाचल का बायकाट कर दिया है। आने वाले फेस्टिवल सीजन में भी इसका बहुत ज्यादा फर्क पड़ने वाला है। उन्होंने कहा कि सरकार को इस बारे पत्र भी लिखा गया है,उम्मीद है कि सरकार इसे जल्द कम करेगी।

वहीं शिमला टुअर एंड ट्रेवल एसोसिएशन ने भी प्रदेश सरकार से पर्यटक वाहनों पर लगाया गया टैक्स वापस लेने की मांग की है। एसोसिएशन के अध्यक्ष नवीन पॉल ने कहा कि परिवहन विभाग द्वारा बाहरी राज्यों से आने वाली टूरिस्ट बसों तथा टैम्पों ट्रैवलर पर लगाए गए नए टैक्स के कारण हिमाचल के पर्यटन को करोड़ों का नुकसान हो रहा है। गुजरात, बंगाल तथा महाराष्ट्र से बहुत अधिक संख्या में पर्यटक ग्रुप में बसों तथा टैम्पों ट्रैवलर के द्वारा हिमाचल आते हैं। लेकिन सरकार ने सितंबर से जो नया टैक्स लगाया है उससे टूअर ऑपरेटरों के लिए हिमाचल में ग्रुप लेकर आना घाटे का सौदा बन गया है।

ऐसे में अब बाहरी राज्यों के ऑपरेटर और टूर एंड ट्रेवल द्वारा हिमाचल में गाड़ियां नहीं भेजी जा रही है हिमाचल सरकार द्वारा टेंपो ट्रैवलर पर प्रतिदिन के हिसाब से टैक्स लगाया गया है काफी ज्यादा है।

## गुरु नानक देव विश्वविद्यालय ने एशियाई खेलों के एथलीटों का किया स्वागत

**अमृतसर।** गुरु नानक देव विश्वविद्यालय ने चीन में हाल ही में संपन्न एशियाई खेलों में विभिन्न खेल स्पर्धाओं में 13 पदक हासिल करने वाले अपने 16 एथलीटों का स्वागत किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) जसपाल सिंह संधू ने विश्वविद्यालय के एथलीटों का स्वागत करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय इन निपुण एथलीटों का विश्वविद्यालय में वापस स्वागत करते हुए सम्मानित महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के प्राावके 16 असाधारण एथलीटों ने 23 सितंबर से 08 अक्टूबर तक चीन में हाल ही में संपन्न एशियाई खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व किया। एथलीटों ने उल्लेखनीय कौशल और खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए एशियाई खेलों में भारत की पदक तालिका में महत्वपूर्ण योगदान दिया। कुल मिलाकर, उन्होंने विभिन्न खेल स्पर्धाओं में प्रभावशाली 13 पदक हासिल किए, जो उत्कृष्टता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और सफलता की उनकी निरंतर कोशिश को दर्शाता है। कुलपति के अलावा, प्रो. करणजीत सिंह काहलों,और खेल निदेशक डॉ. कंवर मनदीप सिंह ने भी एथलीटों को बधाई दी।

## शार्ट न्यूज

### दलितों और शोषितों के सामाजिक एकीकरण के मसीहा मान्यवर कांशी राम के परिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धा सुमन अर्पित



दिल्ली आदर्श मूल ग्रामीण समाज बरवाला एवं अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के राष्ट्रीय महामंत्री दयानंद वत्स भारतीय ने आज संघ के मुख्यालय बरवाला में दलितों और शोषितों के सामाजिक एकीकरण के मसीहा मान्यवर कांशी राम के परिनिर्वाण दिवस पर उन्हें अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। अपने संबोधन में वत्स ने कहा कि कांशीराम के संघर्ष पूर्ण जीवन को मैंनें नजदीक से देखा है। उन्होने दलितों, शोषितों और वंचितों के एकीकरण में अपना जीवन न्यौछावर कर दिया। वे सच्चे अर्थों में कमजोर वर्ग के हितैषी थे।

### अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष व कार्यकारिणी सदस्यो का स्वागत व सम्मान किया गया



नाहरपुर गांव में नाहरपुर वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति की ओर से अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष श्री जयभगवान यादव जी व कार्यकारिणी सदस्यो का स्वागत व सम्मान किया गया। यह सम्मान कार्यक्रम इस समिति द्वारा आयोजित वालीबाल टुर्नामेंट में रखा गया। पूर्व विधायक श्री अनिल भारद्वाज जी और श्री थान सिंह यादव जी (प्रमुख , दिल्ली पंचायत संघ) की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रतिवर्ष यह समिति वालीबाल टुर्नामेंट आयोजित करके खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करती है। अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा के अध्यक्ष श्री जयभगवान यादव जी ने खिलाड़ियों को उनके अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं व आशीर्वाद दिया। अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा दिल्ली प्रदेश की ओर से इस स्वागत सम्मान के लिए नाहरपुर ग्राम वासियों व समिति के सभी अधिकारियों का धन्यवाद व आभार।

### डॉक्टर ने बिल्डिंग से छलांग लगाकर दी जान

नई दिल्ली। नौ अक्तूबर की सुबह लगभग छ: बजे एक पीसीआर कॉल आई। कॉल करने वाले ने बताया कि मयूर विहार में एक व्यक्ति का शव पड़ा है। जानकारी मिलने पर पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची। शव की शिनाख्त डॉ. सैबल मुकुल उपाध्याय (56) निवासी ए-1, फर्स्ट फ्लोर, शेखर अपार्टमेंट मयूर विहार दिल्ली के रूप में हुई। पूछताछ करने पर पता चला कि व्यक्ति ने अपनी बिल्डिंग से छलांग लगा दी थी। क्राइम टीम और एफएसल टीम भी घटनास्थल पर पहुंची। मृतक के फ्लैट की छानबीन करने पर एक सुसाइड नोट मिला, जिसमें व्यक्ति ने अपनी मौत की जिम्मेदार ली है। पुलिस ने परिजनों का बयान दर्ज किया कर लिया है। डॉ. सैबल अपनी पत्नी और 15 वर्षीय दो बच्चों के साथ रहते थे। मृतक की पत्नी कस्तूरबा अस्पताल दिल्ली में सीएमओ हैं। उन्होंने कहा कि उनके पति डॉ. सैबल पिछले तीन दिनों से छुट्टी पर थे। त्वचा की फंगस और अन्य प्रयोगशाला परीक्षणों का इलाज चल रहा था। आगे की पूछताछ जारी है।

### नोएडा में 15 फीट सड़क धंसी

नोएडा। नोएडा की मास्टर प्लान रोड नंबर-2 करीब 15 से 20 फीट तक धंस गई। इस रोड पर रोजाना लाखों की संख्या में वाहन आते जाते है। वहां मौजूद लोगों ने स्कूल का बैरिकेड लगाकर रोड को बंद किया। यातायात को एक लेन से निकाला जा रहा है। बताया गया कि ये रोड रात में धंसी थी। रोड धंसने की जानकारी प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई। इसके बाद मौके पर अधिकारी पहुंच रहे है। बताया गया कि सेक्टर-27 की डीप सीवर लाइन के फटने से लीकेज था। इस वजह से सड़क पर अंदर से कटान हो गया। इस कारण ये धंस गई। इसमें पानी भरा हुआ दिख रहा है। फिलहाल पूरे मामले की स्ट्रक्चर जांच की जाएगी। आखिर ये सड़क धंसी क्यो। बता दे ये रोड आगे डीएससी और अंडरपास के जरिए नोएडा ग्रेटरनोएडा एक्सप्रेस को कनेक्ट करती है। पीक आवर में यहां हैवी ट्रैफिक रहता है। डीजीएम जल आरपी सिंह ने बताया कि यहां डीप सीवर लाइन है। उसमें कुछ लिकेज की बात सामने आई है। इस वजह से कटान हुआ और सड़क धंस गई। इससे पहले भी नोएडा में सड़क धंसने की घटना होती रही है। लेकिन वो सभी घटनाएं परियोजनाओं के निर्माण के दौरान हुई है। इसमें सबसे ज्यादा नोएडा-ग्रेटरनोएडा एक्सप्रेस वे पर सड़क धसी।

### दिल्ली-मेरठ रैपिड रेल का शुभारंभ इसी महीने

गाजियाबाद। दिल्ली से मेरठ तक बन रही देश की पहली रीजनल रैपिड रेल (रैपिड एक्स) के फर्स्ट फेज का शुभारंभ इसी महीने होगा। गाजियाबाद में साहिबाबाद से दुहाई डिपो तक 17 किलोमीटर लंबे इस सेक्शन का उदघाटन पीएम नरेंद्र मोदी करेंगे। माना जा रहा है कि 16 से 18 अक्टूबर के बीच कोई भी तारीख तय की जा सकती है। पुलिस कमिश्नर अजय कुमार मिश्र, ष्ठरू राकेश कुमार सिंह ने NCRTC अफसरों के साथ सोमवार को रैपिड एक्स के तैयार हो चुके स्टेशनों का दौरा किया। कहा जा रहा है कि उदघाटन के बाद एक जनसभा होगी। इसके लिए वसुंधरा सेक्टरङ्क8 स्थित मैदान में मंच बनाने की तैयारी है। सोमवार को यहां दिनभर साफ सफाई का काम चलता रहा। सूत्रों ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार ने गाजियाबाद प्रशासन को प्रधानमंत्री का मौखिक कार्यक्रम बता दिया है। जिसके बाद ही ये तैयारियां युद्ध स्तर पर शुरू हुई हैं। हालांकि पीएमओ से लिखित प्रोग्राम आने का इंतजार है।

# केजरीवाल ने शानदार उपलब्धि हासिल करने वाले दिव्यांगों को किया सम्मानित



नयी दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को दिव्यांगता के बावजूद विभिन्न क्षेत्रों में काम करके शानदार उपलब्धि हासिल करने वाले दिव्यांगजनों को स्टेट अवार्ड से सम्मानित किया।

केजरीवाल ने यहाँ एक कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वाले 11 दिव्यांगजनों के अलावा चार ओलंपिक खिलाड़ियों को भी स्टेट अवार्ड देकर सम्मानित किया। इसके साथ ही दिव्यांगजनों के लिए कार्य करने वाले डॉ. अंबेडकर अस्पताल और गुरु तेग बहादुर अस्पताल को भी सम्मानित किया गया। उन्होंनेने कहा कि इन लोगों ने अपनी दिव्यांगता को ताकत में बदला और शारीरिक रूप से सक्षम लोगों को भी पीछे छोड़ दिया। इन्होंने अपनी जिंदगी में कुछ न कुछ विशेष उपलब्धि हासिल की है और आगे भी देश के लिए कुछ करने की भूख है। हम सभी को इनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इन सभी लोगों ने अपनी-अपनी जिंदगी में कुछ न कुछ उपलब्धि हासिल की है और आगे भी समाज के लिए कुछ अच्छा करने की भूख है। इस पृथ्वी पर आए हर एक व्यक्ति को भगवान ने कुछ अलग प्रतिभा दी है। केजरीवाल ने कहा कि इन सब लोगों की कहानियां बहुत ज्यादा प्रेरणादायी है। उन्होंने समाज कल्याण विभाग से कहा कि इन सभी की कहानियों को अखबारों में विज्ञापन के तौर पर प्रकाशित किया जाए तो पूरे समाज को प्रेरणा मिलेगी। सभी को यह प्रेरणा मिलनी चाहिए कि किस तरह इतनी कठिनाइयों के बावजूद इन लोगों ने जिंदगी में इतना कुछ हासिल किया है। इस अवसर पर समाज कल्याण मंत्री राजकुमार आनंद ने कहा कि इस दौर में एक गहरी साजिश के तहत सरकारी व्यवस्था को कमजोर और निजी व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है, ताकि अमीर-गरीब के बीच का फर्क बना रहे। अमीर और अमीर होता जाए और गरीब और गरीब होता जाए। चंद अमीरों को फायदा पहुंचाया जा रहा है और गरीबों की सुध लेने वाला कोई नहीं है। से अंधकार भरे माहौल में दिल्ली पूरे देश में एक रौशनी की तरह है। दिल्ली की सरकारी व्यवस्था बेहतर काम कर रहा है और ज्यादा मजबूत हो रहा है। दिल्ली में सरकारी स्कूल बहुत शानदार हो गए हैं। स्वास्थ्य के क्षेत्र में दिल्ली के मोहल्ला क्लीनिक को देखने के लिए विदेशी हस्तियां आ चुकी हैं। दिल्ली सरकार जिस प्रतिबद्धता के साथ गरीबों और जरूरतमंदों की सेवा कर रही है वह पूरे देश के लिए नजीर है।

# दिल्ली और बठिंडा के बीच हवाई सेवा शुरू

नई दिल्ली/बठिंडा (पंजाब)। दिल्ली और बठिंडा के बीच सोमवार को हवाई सेवा फिर शुरू हो गई है। दिल्ली से बठिंडा की पहली उड़ान में 10 और बठिंडा से दिल्ली की पहली उड़ान में 14 यात्रियों ने यात्रा किया। कृषि मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां और पूर्व केंद्रीय मंत्री हरसिमरत कौर बादल ने दिल्ली से पहुंचे यात्रियों का स्वागत किया। डीसी शौकत अहमद परे और सिविल एयरपोर्ट विरक कलां (बठिंडा) के निदेशक दविंदर प्रसाद ने बठिंडा से दिल्ली के लिए उड़ान भरने वाले पहले यात्री प्रणव कनोडिया का स्वागत किया और उनसे केक कटवाया। यह फ्लाइट सप्ताह में तीन दिन सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को उड़ान भरेगी। बता दें कि 2016 में बठिंडा-दिल्ली और जम्मू के लिए हवाई सेवा की शुरुआत की गई थी और 2020 में कोरोना की वजह से यह सेवा बंद कर दी गई थी। कृषि मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां ने कहा कि इस हवाई सेवा से पंजाब समेत पड़ोसी राज्यों हरियाणा और राजस्थान के लोगों को भी फायदा होगा। इससे जहां उन्हें आने-जाने में आसानी होगी, वहीं कीमती समय भी बचेगा। खुड्डियां ने कहा कि सप्ताह में तीन दिन सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को फ्लाइट चलेंगी।

एक जवाब में उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के प्रयासों से इन उड़ानों को सप्ताह में तीन दिन से बढ़ाकर पांच दिन करने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा। भविष्य में जम्मू-कश्मीर के अलावा अन्य राज्यों के लिए भी हवाई सेवा शुरू करने के प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मालवा, एम्स, फर्टिलाइजर, रिफाइनरी, बठिंडा कैंट और आसपास के कई विश्वविद्यालयों के हब के रूप में बठिंडा उभर रहा है।

## रेल भूमि विकास प्राधिकरण के 31.50 करोड़ रुपये का किया दुरुपयोग

### सीबीआई ने पांच लोगों को किया गिरफ्तार

**एजेंसी**

नई दिल्ली। सीबीआई ने 31.50 करोड़ रुपये की कथित हेराफेरी के मामले में रेल भूमि विकास प्राधिकरण (आरएलडीए) और बैंक ऑफ बड़ौदा के दो सेवानिवृत्त अधिकारियों सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी सीबीआई अधिकारियों ने सोमवार को दी है। एजेंसी ने गिरफ्तार आरोपियों आरएलडीए के पूर्व प्रबंधक विवेक कुमार, बैंक ऑफ बड़ौदा के पूर्व शाखा प्रबंधक जसवंत राय और तीन निजी व्यक्तियों गोपाल ठाकुर, हितेश करेलिया और नीलेश भट्ट को एक विशेष अदालत के समक्ष पेश किया, जिसने उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया। जानकारी के अनुसार, सीबीआई ने आरएलडीए की एक शिकायत पर मामला दर्ज किया था। जिसमें आरोप लगाया गया था कि उसे अज्ञात व्यक्तियों द्वारा 31.50 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। सीबीआई प्रवक्ता ने बताया कि शिकायतकर्ता ने यह आरोप लगाया गया था कि आरएलडीए ने शुरू में बैंक ऑफ बड़ौदा, विश्वास नगर शाखा, शाहदरा, दिल्ली में सावधि जमा (एफडी) के रूप में एक वर्ष के लिए 35 करोड़ रुपये (लगभग) का निवेश किया था और उसके बाद परिपक्वता आय प्राप्त की गई थी। तीन महीने की अवधि के लिए दोबारा निवेश किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि बैंक ने कथित तौर पर केवल 3.50 करोड़ रुपये का निवेश किया और शेष 31.50 करोड़ रुपये बैंक अधिकारियों, आरएलडीए अधिकारियों और निजी व्यक्तियों की मिलीभगत से विभिन्न फर्जी कंपनियों में भेज दिए गए।

# विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सांस्कृतिक आयोजन हैं महत्वपूर्ण





नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय की संस्कृति परिषद एवं राजधानी महाविद्यालय के सामूहिक तत्वावधान में 09 अक्टूबर को इंटर कॉलेज माइम (थिएटर) प्रतियोगिता आयोजित की गई। राजधानी महाविद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिल्ली विश्वविद्यालय संस्कृति परिषद के चेयरपर्सन अनूप लाठर रहे जबकि उनके साथ विशिष्ट अतिथि के तौर पर संस्कृति परिषद के डीन प्रोफेसर रविन्द्र कुमार और प्रेक्षक के रूप में संस्कृति परिषद की ज्वाइंट डीन डॉक्टर दीप्ती तनेजा उपस्थित रही। इस अवसर पर अनूप लाठर ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान परिपेक्ष्य में विद्यार्थियों को लोक से जोड़ना अति आवश्यक है। अपने वक्तव्य में उन्होंने बताया कि दिल्ली विश्वविद्यालय की संस्कृति परिषद विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और संस्कृति की समृद्धता के लिए अग्रसर है। विकास को समावेशी करते हुए यह अवधारणा जीवन मूल्यों को प्रगाढ़ करती है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन दिल्ली विश्वविद्यालय तथा महाविद्यालयों के मध्य सामंजस्य स्वरूप हैं।

विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर रविन्द्र कुमार ने अपने वक्तव्य में कहा कि यह आयोजन अपनी संस्कृति के प्रति हमें और सजग करते हैं। उन्होंने कहा की हमें सकारात्मक तथा रचनात्मक हो कर दृढ़ निश्चय से जीवन में आगे बढ़ना चाहिए तभी जीवन में हमारी जीत निश्चित होती है। कॉलेज प्राचार्य प्रोफेसर राजेश गिरी ने अपने संबोधन में कहा कि अपनी सांस्कृतिक धरोहर तथा जड़ों से जुड़ना समृद्ध जीवन मूल्यों का परिचायक है। प्राचार्य ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि दृढ़ निश्चय और मेहनत से हम अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम के नोडल ऑफिसर शफीकुल आलम द्वारा कॉलेज की विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों का उल्लेख किया गया तथा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम की फैकल्टी कोआर्डिनेटर श्रीमती मोहिनी अग्रवाल थी। प्रतियोगिता में कई कॉलेजों ने भाग लिया तथा दिल्ली विश्वविद्यालय के अतिरिक्त अन्य शैक्षणिक संस्थानों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता प्रदर्शित की। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्जवलन एवं सरस्वती वंदना से हुआ।

इंटर कॉलेज माइम (थिएटर) प्रतियोगिता में भारती कॉलेज ने प्रथम, अदिति महाविद्यालय ने द्वितीय, केशव महाविद्यालय ने तृतीय तथा राजधानी कॉलेज ने प्रोत्साहन पुरस्कार प्राप्त किए। कार्यक्रम में सभी की उत्साहपूर्ण सहभागिता ने कार्यक्रम को सफल बनाया।

## इंडियन फेडरेशन ऑफ फार्मा जेनरिक का वार्षिक समारोह का आयोजन



नई दिल्ली। इंडियन फेडरेशन ऑफ फार्मा जेनरिक का वार्षिक समारोह का आयोजन एयरोसिटी में होटल हॉलिडे में किया गया जिसमे जेनरिक पर काम करने वाली सभी कम्पनियों के प्रतिनिधियों ने इसमें भाग लिया और दवाइयों पर काम करने वाली कम्पनी के कर्मचारियो मे अपने-अपने विचार- रखे। कार्यक्रम का संचालन ज्ञानेश जयसवाल द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा कार्यक्रम शुभारंभ डॉ. ईश्वर रेड्डी द्वारा दीप प्रज्वलित का कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। वहां पर मौजूद सभी दवाईयों कम्पनियों के प्रतिनियों ने भी अपने-अपने विचार रखे और दवाईयों में गुणवत्ता पर जोर दिया। इस बैठक में भारत में जेनेरिक मार्केटिंग करने वाली सभी कंपनियां भाग ले रही हैं जिनमें सिप्ला, वॉकहार्ट, इंटास, ज़ाइडस बायोकेम लीफोर्ड, जर्मन रेमेडीज़, कैडिला फार्मा, ग्लेनमार्क, लेबोरेट और कई अन्य बड़ी कंपनियां शामिल हैं। कार्यक्रम में करीब 200 लोगों में भाग लिया तथा लोगों ने कहा कि उपभोक्ताओं को लाभ अपने सद्स्यों के कल्याण के साथ गुणवत्तापूर्ण जैनेरिक दवाएं प्रदान करना हम सब लोगों की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए तथा किसी भी प्रकार के खतरे को बचाने से रोका जाना चाहिए और ऐसी नीति बनाने के लिए सरकार के साथ काम करने की जरूरत है। इस अवसर सर्व औषधि स्टोर प्रा.लि. के चेयरमैन अरिदमन जैन का कहना है कि हम सभी लोग मिलकर कर प्रधानमंत्री के सपनों को साकार करे जिससें हमारे देश की उन्नति हो सके। कार्यक्रम में राकेश अरोड़ा अध्यक्ष, संजय गुप्ता संयुक्त सचिव तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### नए उप शहर के तौर पर विकसित होगा नरेला

**नई दिल्ली।** द्वारका के बाद नरेला को दिल्ली के नए उप शहर के तौर पर विकसित किया जाएगा। क्षेत्र में सुरक्षा, सार्वजनिक परिवहन सहित अन्य सुविधाओं को आधुनिक बनाने की दिशा में काम तेज हो गया है। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने नरेला में उपेक्षित पड़ीं डीडीए की परियोजनाओं में तेजी लाने का निर्देश दिया है। इसमें उन विश्वविद्यालयों और संस्थानों को लेकर चर्चा हुई, जिन्होंने डीडीए से भूमि देने की मांग की थी। डीडीए को शैक्षणिक संस्थानों को समायोजित करने के लिए एक संशोधित योजना बनाने और जल्द से जल्द उसे पेश करने का निर्देश दिया। दूसरी तरफ बेहतर कनेक्टिविटी, नागरिक बुनियादी ढांचे और नई परियोजनाओं पर विशेष ध्यान देने को भी उपराज्यपाल ने कहा है। नरेला की पहचान अभी तक नए उद्योगों के लिए थी, जिन्हें दिल्ली के कुछ क्षेत्रों से स्थानांतरित किया गया था। नरेला उप शहर में लगभग 9866 हेक्टेयर क्षेत्र शामिल है, जिसमें से परियोजना क्षेत्र 3828 हेक्टेयर है, लैंड पूलिंग क्षेत्र 3537 हेक्टेयर है और 2501 हेक्टेयर को ग्रीन बेल्ट के रूप में परिभाषित किया गया है। नरेला में एनआईटी को 20.8 हेक्टेयर, इंदिरा गांधी दिल्ली महिला तकनीकी विश्वविद्यालय (आईजीडीटीयूडब्ल्यू) को 20 हेक्टेयर और राष्ट्रीय होम्योपैथी संस्थान को 4.04 हेक्टेयर भूमि पहले से आवंटित है।

## विभिन्न मांगों को लेकर किसानों की महापंचायत

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा में किसानों की समस्या को लेकर भारतीय किसान यूनियन ने महापंचायत का आयोजन किया। तीनों प्राधिकरण के खिलाफ यह महापंचायत यमुना एक्सप्रेस एक्सप्रेस-वे के नीचे जीरो पॉइंट के पास बुलाई गई।

इस महापंचायत में हजारों की तादाद में किसान शामिल हुए और उन्होंने प्राधिकरण के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जमकर प्रदर्शन किया। भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष पवन खटाना के नेतृत्व में यमुना एक्सप्रेस एक्सप्रेस-वे के नीचे जीरो प्वाइंट पर महापंचायत बुलाई गई। जिसमें किसानों को 64.7 फ़ीसदी मुआवजा देने , 10 प्रतिशत भूखंड आवासीय दिये जाने की मांग रखी गई ।इसके अलावा बाढ़ में बर्बाद हुई किसानों की फसल का मुआवजा देने की मांग को लेकर पंचायत की। भारतीय किसान यूनियन के एनसीआर अध्यक्ष जितेंद्र चौधरी ने बताया कि आज तीनों प्राधिकरण के खिलाफ यह प्रदर्शन किया गया है। नोएडा प्राधिकरण, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण और यमुना प्राधिकरण के खिलाफ सभी किसान लामबंद हुए हैं और अपनी मांगों को लेकर आज महापंचायत की गई है।

उन्होंने कहा कि तीनों प्राधिकरण लगातार किसानों को लालीपॉप दे रहे हैं, लेकिन किसानों की किसी भी समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा है।

## आज सनातनी गंगा फाउंडेशन द्वारा आयोजित वैदिक दिवस का आयोजन किया गया

- वैदिक दिवस कार्यक्रम महामंडलेश्वर स्वामी निजस्वरूपानंद जी महाराज की मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति में आरम्भ हुआ
- वैदिक संस्कृति अपनाकर ही हम भारत को भारत बनाए रख सकते है तथा विश्व में शांति स्थापित कर सकते है-दाती महाराज


**नई दिल्ली।** विश्व वैदिक दिवस पर सनातनी गंगा फाउंडेशन द्वारा सोमवार 9 अक्टूबर को वैदिक दिवस एवं वैदिक दीपोत्सव का आयोजन प्रात:10 बजे से रात्रि 9बजे तक किया गया। वैदिक दिवस एवं वैदिक दीपोत्सव का आयोजन जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आरम्भ हुआ जिसके मुख्य अतिथि राष्ट्रीय संत सेवा एंड गौ रक्षा कल्याण परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष महामंडलेश्वर स्वामी निजरूपानंदपुरी जी महाराज व महामंडलेश्वर महायोगी पायलट बाबा सोमगिरि जी महाराज ने महोत्सव की अध्यक्षता की। आयोजकों द्वारा सभी सन्तों का भव्य स्वागत किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमहंत नारायण गिरि जी महाराज उपस्थित रहे महामंडलेश्वर स्वामी निजरूपानंदपुरी जी महाराज ने सभा को संबोधित करते हुए कहा की हमारी वैदिक संस्कृति ही हमारी धरोहर है जो हमेशा सर्वे भवन्तु सुखि़न॑ की भावना रखती है पूरे विश्व में हमारी संस्कृति ही ऐसी है जो ये भाव रखती है हमे गर्व होना चाहिए कि हमारा जन्म भारत वर्ष में हुआ है उन्होंने आयोजको का आभार जताते कहा की सनातन को और मजबूत करने के लिए समय समय पर आयोजन करते रहें श्री कपिल खन्ना जी अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद दिल्ली प्रदेश, महन्त सतीश दास



जी चंद्र देव स्वामी, महंत भोलागिरि, स्वामी रमेशगिरि, महंत सूरजगिरि, संपूर्ण विश्व में संस्कृत में संवाद करने वाले एकमात्र कर्नाटक के गांव के आचार्य जी विश्व प्रसिद्ध गंगोत्री धाम के प्रमुख पुजारी, आनंदेश्वर गिरि सम्मानित अतिथि के रूप उपस्थित रहे सनातनी गंगा फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष कैप्टन प्रवीण कुमार ने बताया कि सबके उद्धार, पवित्रता व आत्मशुद्धि हेतु ही यह आयोजन किया गया। सम्पूर्ण भारतवर्ष में मंदिरों के जीर्णोद्वार, गुरुकुलों का प्राचीन कालीन वैभव प्रदान करने, सत्य सनातन धर्म की ध्वजा को अनन्त काल तक निरन्तर फहराने के उददेश्य से यह आयोजन किया गया जो प्रत्येक सनातनी के लिए उत्सव तुल्य रहा।

# नृत्य मानव मन को नैसर्गिक आनंद देता है : ऋषि कुमार शर्मा

## रविवार को मुक्तधारा सभागार गोल मार्किट में नृत्य कलाओं के साथ स्वास्तिक कला केंद्र ने मनाया अपना 9वां वार्षिकोत्सव





उभरते नृत्य कलाकारों के लिए समर्पित स्वास्तिक कला केंद्र की तरफ से इस बार भी अपना वार्षिकोत्सव मनाया ,कत्थक और भरतनाट्यम जैसे नृत्यों में कलाकारों को निपुण बनाने के लिए समर्पित यह संस्था कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए मंच भी प्रदान करती है। समारोह में कलाकारों द्वारा कत्थक और भरतनाटय्म नृत्य की आकर्षक रूप से प्रस्तुतियां की गयीं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए हिंदी अकादमी दिल्ली के उपसचिव श्री ऋषि कुमार शर्मा ने कहा कि नृत्य एक ऐसी विधा है जो मन को नैसर्गिक आनंद से भर देती है और नकारात्मक विचारों को हमसे दूर रखकर हमारे शरीर को स्वस्थ करती है। आज भारत के नृत्य की चर्चा पूरे देश और विदेश में की जाती है। इस कला केंद्र में नृत्य सीख रहे बच्चे देश-विदेश में एक दिन हमारा नाम ऊंचा करेंगे। नृत्य और संगीत का भविष्य बहुत उज्ज्वल है इसलिए हर बच्चे को पढ़ाई के साथ-साथ नृत्य सीखना चाहिए। स्वास्तिक कला केंद्र की स्थापना नृत्यांगना अनु सिंह ने 2015 में की थी । अनु सिंह कार्की कत्थक की जानी मानी नृत्यांगना है। जिन्होंने महसूस किया कि बच्चों में प्रतिभा होती है लेकिन उन्हें प्रशिक्षण और बेहतर मंच की अपेक्षा रहती है। इस सोच के साथ उन्होंने ने स्वास्तिक कला केंद्र की स्थापना की। शुरू में उन्हें काफी दिक्कत आई पर आज यह कला केंद्र एक स्थापित नृत्य गुरुकुल की तरह सामने आया है। आयो़जन में कलाकारों का मनोबल बढाने के लिए स्वर्गीय पंडित शुभू महाराज के बेटे कृष्ण मोहन मिश्राजी भी शामिल हुए थे। वार्षिकोत्सव में बच्चों द्वारा नृत्य की भाव भंगिमाओं से लोगों को भाव विभोर कर दिया कार्यक्रम में 80 बच्चों और 30 अभिभावकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हिंदी अकादमी दिल्ली के उपसचिव ऋषि कुमार शर्मा ने बच्चो का उत्साह बढ़ाया व अपना आशीर्वाद दिया ! इस अवसर पर शिक्षाविद ज्योति शर्मा समाज सेवी जस कालरा फ़ाउण्डर ऑफ़ अर्थसेवियर फ़ाउंडेशन भी उपस्थित थे।

# संपादकीय



## युद्ध के मुहाने पर दुनिया

हमास और इजराइल के बीच टकराव का एक लंबा इतिहास रहा है। वेस्ट बैंक, गाजा पट्टी, गोलन हाइट्स पर कब्जे को लेकर दो अलग-अलग पक्षों और पूर्वी येरूशलम में नागरिकता को लेकर दोहरी नीति आदि मसलों पर विवाद की जड़ से शुरू हुआ टकराव आज इस दशा में पहुंच चुका है कि इजराइल और फिलस्तीन आमतौर पर आमने-सामने ही रहते हैं।

गाजा पट्टी की ओर से शनिवार को किए गए हमास के राकेट हमले के बाद उस समूचे इलाके में पहले से जटिल हालात और ज्यादा बिगड़ गए। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को इसे 'जंग की स्थिति' कहना पड़ा। उन्होंने यहां तक कहा कि हमारे दुश्मनों को इसकी ऐसी कीमत चुकानी होगी, जिसके बारे में उनको पता भी नहीं होगा।

दूसरी ओर, हमास के एक नेता ने भी कहा कि 'अब बहुत हो चुका'। यानी एक तरह से हमास और इजराइल के बीच खुले युद्ध का एलान हो गया है और अब नहीं चाहने के बावजूद दुनिया के सामने एक और ऐसी त्रासदी को देखने की नौबत आ गई है, जिसमें आखिरी खमियाजा आम लोगों को ही भुगतना पड़ता है। ताजा हमले के बाद हमास ने दावा किया कि उसने बीस मिनट के भीतर इजराइल पर पांच हजार राकेट दागे। इसके अलावा, हमास के कई आतंकी भी इजराइली सीमा के भीतर दाखिल हो गए और उन्होंने वहां के कई सैनिकों को पकड़ने का भी दावा किया। दोनों तरफ जान-माल का अच्छा खासा नुकसान हुआ है। साथ ही हिज्बुल्ला के भी मैदान में कूद पड़ने से नए समीकरण उभरने के संकेत हैं।

इजराइल और हमास के बीच टकराव से इस बार न केवल उस समूचे क्षेत्र में तस्वीर ज्यादा बिगड़ने की आशंका है, बल्कि इसका अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी असर पड़ सकता है। दरअसल, पहले दिन ही फ्रांस, जर्मनी और यूरोपीय संघ ने जहां हमास के हमलों की निंदा की, वहीं ईरान की ओर से हमास का समर्थन करने की खबरें आईं।

यानी इस मसले पर अभी से खेमे बनने शुरू हो गए हैं और कहना मुश्किल है कि ताजा घटनाक्रम कौन-सी दिशा अख्तियार करेगा। इसलिए स्वाभाविक ही इजराइल में भारतीय दूतावास ने कहा कि मौजूदा हालात को देखते हुए वहां रह रहे भारतीय सतर्क रहें और स्थानीय प्रशासन की ओर से दिए जा रहे दिशानिर्देशों का पालन करें। इस बार हमास के तेज हमले और उसके प्रति इजराइल की प्रतिक्रिया में जिस स्तर का तीखापन देखा जा रहा है, उसमें हालात तुरंत संभलने की उम्मीद कम ही है।

इजराइली सेना ने भी युद्ध की घोषणा कर दी है। अब युद्ध और हिंसा का दायरा यदि और फैला तो इसकी चपेट में अधिक संख्या में आम नागरिक आएंगे। गौरतलब है कि हमास और इजराइल के बीच टकराव का एक लंबा इतिहास रहा है। वेस्ट बैंक, गाजा पट्टी, गोलन हाइट्स पर कब्जे को लेकर दो अलग-अलग पक्षों और पूर्वी येरूशलम में नागरिकता को लेकर दोहरी नीति आदि मसलों पर विवाद की जड़ से शुरू हुआ टकराव आज इस दशा में पहुंच चुका है कि इजराइल और फिलस्तीन आमतौर पर आमने-सामने ही रहते हैं।

इजराइल की नीतियों और कई बार आक्रामक फैसलों को लेकर फिलस्तीन के विद्रोही गुट हमास की ओर से आक्रामक प्रतिवाद किया जाता है। विडंबना यह है कि इस मसले को हल करने या शांति के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कोई ठोस पहलकदमी नहीं देखी जाती है। इसलिए हमास के हमले और उसके जवाब में इजराइल की प्रतिक्रिया का नतीजा क्या निकलना है, यह समझा जा सकता है। यह छिपा नहीं है कि रूस-यूक्रेन युद्ध के नतीजे में केवल प्रभावित इलाकों के नागरिक ही मुश्किल में नहीं है, बल्कि अनाज की आपूर्ति से लेकर अन्य संबंधित मामलों और कारोबार पर भी इसका असर पड़ा है।

दुनिया के कई देशों को इसका नुकसान उठाना पड़ रहा है। अब इजराइल और हमास के टकराव के बाद भी युद्ध के जटिल हालात खड़े होते हैं, तो उसका हासिल सिर्फ एक नई त्रासदी ही होगी। युद्ध किसी समस्या का हल नहीं है।

## खिलाड़ियों के दमखम से जगी उपलब्धियों की उम्मीद

इस बार खासतौर पर भारत की पुरुष हाकी पर सबकी नजर थी, जिसके सामने कई मजबूत टीमों की चुनौती थी। फाइनल में जापान को भारतीय जीत की राह में एक ठोस दीवार माना जा रहा था। मगर भारतीय हाकी टीम ने इस प्रतियोगिता में अपने दमखम की निरंतरता को कायम रखा और फाइनल में जापान को एक के मुकाबले पांच गोल से हरा कर चौथी बार खिताब अपने नाम किया।

इस वर्ष चीन में हांगझाउ एशियाई खेलों में भारत की ओर से अलग-अलग खेलों के लिए जब टीमों को भेजा जा रहा था, उस समय यह संकल्प साफ दिख रहा था कि अब मैदान में सिर्फ जीतने के लिए नहीं, बल्कि उससे आगे के सफर के लिए जमीन बनाने की कोशिश होगी। इस आयोजन की समाप्ति के बाद पदक तालिका में भारत को जो जगह मिली, वह उम्मीद के अनुरूप थी, लेकिन उससे अहम बात यह है कि लगभग सभी प्रतियोगिताओं में हमारे खिलाड़ियों ने जो दमखम दिखाया, वह भविष्य की अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में एक मजबूत दखल का संकेत देता है। गौरतलब है कि एशियाई खेलों के लिए खिलाड़ियों को रवाना करने से पहले ही 'इस बार सौ पार' का नारा दिया गया था। उस नारे में छिपे हौसले और उम्मीद को भारतीय खिलाड़ियों ने पूरा करके अपनी क्षमता साबित की। एशियाई खेल 2023 में भारत ने कुल एक सौ सात पदक जीते। यह पहली बार है जब भारत ने किसी एशियाई खेल में इतने पदक हासिल किए। इससे पहले भारत का सबसे अच्छा प्रदर्शन सत्तर पदकों का था, जो 2018 में जीते गए थे। इस वर्ष उपलब्धियों की शुरुआत निशानेबाजी में महिलाओं की दस मीटर एअर राइफल टीम ने की, जिसे रजत पदक मिला। पहले दिन भारतीय खिलाड़ियों ने पांच पदक जीते। एक अच्छी शुरुआत को और बेहतर करते हुए दूसरे दिन एअर राइफल में ही पुरुष टीम ने पहला स्वर्ण पदक जीता और इस दिन भारत के पदकों की संख्या ग्यारह हो गई। इसके बाद अन्य खेलों में भी भारत के खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन किए और मैदान में जीत दर्ज करते गए। घुड़सवारी, तीरंदाजी, मुक्केबाजी, टेनिस, स्क्वैश, नौकायन, भाला फेंक, एथलेटिक्स आदि कई खेलों में भारतीय खिलाड़ियों ने मजबूत चुनौतियों का सामना करते हुए कांस्य, रजत और स्वर्ण पदक अपने हिस्से किया और इस तरह पदकों की तालिका में देश को एक सम्मानजनक पायदान पर पहुंचाया। इस बार खासतौर पर भारत की पुरुष हाकी पर सबकी नजर थी, जिसके सामने कई मजबूत टीमों की चुनौती थी। फाइनल में जापान को भारतीय जीत की राह में एक ठोस दीवार माना जा रहा था। मगर भारतीय हाकी टीम ने इस प्रतियोगिता में अपने दमखम की निरंतरता को कायम रखा और फाइनल में जापान को एक के मुकाबले पांच गोल से हरा कर चौथी बार खिताब अपने नाम किया। हालांकि इससे पहले भी भारत ने तीन बार एशियाई खेलों में हाकी का स्वर्ण पदक जीता था। खासतौर पर हाकी के लिहाज से देखें तो ताजा उपलब्धि के साथ भारत ने अगले साल पेरिस में होने वाले ओलंपिक खेलों में हिस्सा लेने का अधिकार हासिल कर लिया है। गौरतलब है कि अगर किसी वजह से भारत स्वर्ण पदक का खिताब नहीं जीत पाता तो उसे ओलंपिक में शामिल होने के लिए कई स्तर के क्वालिफाइंग दौर की मुश्किल राह को पार करना पड़ता। इसके अलावा, इस आयोजन में भारत की महिला क्रिकेट टीम का स्वर्ण पदक जीतना इस दृष्टि से भी महत्त्वपूर्ण है कि अब क्रिकेट को अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में वैश्विक खेल का आयाम हासिल करने में मदद मिलेगी। हांगझाउ एशियाई खेलों में भारत ने जो इतिहास रचा, वह इसलिए भी महत्त्वपूर्ण है कि अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अब भारतीय खिलाड़ियों को महज औपचारिक उपस्थिति से आगे एक चुनौती की तरह देखा जाएगा। इसके बाद स्वाभाविक ही आगामी ओलंपिक में यह उम्मीद ज्यादा ऊंचे स्तर पर होगी कि हमारे खिलाड़ी उसमें भी एशियाई खेलों की चमक को बरकरार रखेंगे और इससे बेहतर उपलब्धियां देश के नाम करेंगे।

# हमास का इजराइल पर वार - भारत अमेरिका आतंकवाद के खिलाफ़ तैयार



कान खोलकर सुन लो आतंकवाद! तुम्हारे खिलाफ़ भारत अमेरिका साथ-साथ

अंतर्राष्ट्रीय नियम आधारित व्यवस्था और देश की संप्रभुता के संरक्षण में भारत-अमेरिका की सराहनीय साझेदारी - एडवोकेट किशन भावनानीं गोंदिया

गोंदिया - वैश्विक स्तरपर तेजी से बदलते घटनाक्रम में जहां रूस -यूक्रेन युद्ध की समस्या अभी टली नहीं है,बल्कि बढ़ती जा रही है वहीं शनिवार से हमास फिलिसतीन द्वारा इजराइल पर पांच छह हज़ार से अधिक मिसाइल से हमला कर पूरी दुनियां का ध्यान आकर्षित कर दिया है। आज सोमवार दिनांक 9 अक्टूबर 2023 को देर शामतक प्रिंट इलेक्ट्रानिक व सोशल मीडिया पर इस हमले के अपडेट्स जारी हैं, वहीं इसराइल ने भी आधिकारिक तौर पर युद्ध की घोषणा कर दी है। हालांकि फिलिस्तीनियों और इजरायल यहूदियों का यह मुद्दा बहुत पुराना है, जब अखंड भूमि पर ब्रिटिश राज था उस समय यहूदियों द्वारा अलग क्षेत्र की मांग की गई थी यहीं से यह विवाद प्रारंभ हुआ था। वर्तमान भाव स्थिति शायद पहले कभी नहीं हुई थी। जग जाहिर है कि अमेरिका और भारत सबसे अधिक आतंकवाद के पीड़ित देश हैं। कुछ वर्षों से दोनों की अति नजदीकियां हुई है, अनेक रणनीतिक साझेदारियां भी हुई है और कनाडा भारत विवाद के बावजूद अमेरिका द्वारा शुक्रवार दिनांक 7 अक्टूबर 2023 को अमेरिकी रक्षा मंत्रालय(पेटागन)ने कहा था कि भारत-अमेरिका मजबूत रक्षा साझेदारी बनाए रखने का प्रयास जारी रखेंगे और 8 अक्टूबर 2023 को अल मॉर्निंग में ही अमेरिका के खास प्रिय इसराइल पर हमास के हमले की जानकारी तेजी से सारी दुनियां में फैली जिसपर अमेरिका का तुरंत रिएक्शन आया और रात 12जो बिडेन की प्रतिक्रिया इसराइल का साथ देने की जानकारी दी। वहीं भारत नें भी आतंकवाद के खिलाफ़ इजराइल का साथ दिन देने का ऐलान व समर्थन किया, जिसपर दिनांक 8 अक्टूबर 2023 को देर शाम इसराइली राजदूत ने कहा समर्थन से वे बेहद उत्साहित हैं। चूंकि आतंकवाद के खिलाफ भारत अमेरिका हमेशा से ही साथ-साथ हैं इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, अंतरराष्ट्रीय नियम आधारित व्यवस्था और देश की संप्रभुता के संरक्षण में भारत अमेरिका की साझेदारी सराहनीय है।

साथियों बात अगर हम हमास इजरायल युद्धकी करें तो,शनिवार को हमास के लड़ाकों द्वारा एक आश्चर्यजनक हमले में गाजा की सीमा का उल्लंघन करने के एक दिन बाद इस्राइल और हमास के बीच लड़ाई तेज हो गई है हमास के रॉकेट हमलों और जमीनी हमले में मरने वालों की संख्या रविवार को 400 से अधिक हो गई, जबकि 2000 अन्य लोगों के घायल होने की सूचना है। पेपर ऑफ इस्राइल ने अधिकारियों के हवाले से बताया कि गाजा में कई इस्राइलियों को बंधक बना लिया गया था। वहीं एक रिपोर्ट के मुताबिक, ऑपरेशन का पहला चरण हमारे क्षेत्र में घुसने वाली कई दुश्मन ताकतों के खात्मे के साथ समाप्त हो



गया था इस्राइल के पीए ने हमास को कड़ी चेतावनी जारी करते हुए दावा किया कि उसने एक खतरनाक युद्ध शुरू किया है। इस्राइल रक्षा बल (आईडीएफ) उनकी क्षमता को कमजोर करने के लिए अपनी पूरी ताकत का इस्तेमाल करेगा।

साथियों बात अगर हम इस मामले में भारत के रुख़ की करें तो, इजरायल में हुए हमास आतंकियों के हमले को लेकर तमाम देशों ने इसकी आलोचना की है। वहीं भारत के पीएम ने भी इजरायल को समर्थन दिया। उन्होंने कहा इजरायल में आतंकवादी हमलों की खबर से गहरा धक्का लगा है। इस हमले में मारे लोगों और निर्दोष पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं हैं। हम इस कठिन समय में इजरायल के साथ एकजुटता से खड़े है। इस्राइल पर हमास आतंकवादियों द्वारा किए गए हमलों के बीच भारत ने इस्राइल को समर्थन देने की बात कही है। भारत में मौजूद इस्राइल के राजदूत ने रविवार को इस पर प्रतिक्रिया दी। जिसमें उन्होंने कहा कि भारत दुनिया में एक खास महत्व रखता है। भारत का इस्राइल को समर्थन आतंकवाद की गहरी समझ पर आधारित है। साथ ही उन्होंने कहा कि हमारा सोशल मीडिया भारतीय लोगों के समर्थन से भरा पड़ा है। हम इसकी सराहना करते हैं। ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि भारत आतंकवाद को जानता है। राजदूत ने कहा,मुझे कई समर्थकों के फोन आए। फोन करने वालों में कई व्यापारी, मंत्री और सिविल सेवक है। ऐसे समर्थन से मैं बहुत उत्साहित हूं। साथ ही युद्ध स्थिति पर जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि हमलों में इस्राइली और गैर-इस्राइली दोनों नागरिकों की जान गई है। जल्द ही उनका विवरण दुनिया के साथ साझा किया जाएगा। पीएम ने हमास द्वारा किए गए रॉकेट हमलों पर इजराइल के साथ एकजुटता व्यक्त करते हुए शनिवार को कहा कि भारत की संवेदनाएं और प्रार्थनाएं निर्दोष पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ हैं।

साथियों बात अगर हम इस मामले पर अमेरिकी रूख़ की करें तो,अमेरिकी राष्ट्रपति ने इजरायल को अपना समर्थन जताते हुए कहा, मैं इजरायल, पूरी दुनिया और कहीं भी बैठे आतंकियों से कहना चाहता हूं कि अमेरिका इजरायल के साथ खड़ा है। हम उनके साथ खड़े होने में कभी भी असफल नहीं होंगे। हम ये निश्चित करेंगे कि इजरायल के लोगों को जो भी मदद चाहिए वो हम उन्हें दें। वो अपना बचाव करना जारी रख सकते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, दुनिया भयावह तस्वीरें देख रही है। इजरायली शहरों पर हजारों रॉकेट बरस रहे हैं। हमास के आतंकवादी न केवल इजरायली सैनिकों बल्कि नागरिकों को सड़कों और उनके घरों में मार रहे हैं। यह अनुचित है। इजरायल को अपनी रक्षा करने का अधिकार है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा, मुझे यह बात यथासंभव साफ तौर पर कहना है कि यह किसी भी पार्टी के लिए इजरायल के खिलाफ हुए इन हमलों का फायदा उठाने का समय नहीं है। इजरायल की सुरक्षा के लिए मेरे प्रशासन का समर्थन दृढ़ और अटूट है। इजरायल और फिलिस्तीन एक बार फिर से आमने-सामने हैं। हमास के आतंकियों ने इजरायल के ऊपर अचानक से हमला कर दिया। तमाम देश में हमास के इस कायरपूर्ण हमले की कड़ी आलोचना की जा रही है। भारत ने अपने दोस्त मुल्क इजरायल का समर्थन किया है तो वहीं अमेरिका भी इजरायल के साथ खड़ा है। इजरायल और फिलिस्तीन एक बार फिर से आमने-सामने हैं। हमास के आतंकियों ने इजरायल के ऊपर अचानक से हमला कर दिया। अमेरिका ने इजरायल का खुला समर्थन किया है।

साथियों बात अगर हम शुक्रवार दिनांक 7 अक्टूबर 2023 को अमेरिका रक्षा मंत्रालय (पेटागन)के बयान की करें तो, पेंटागन के प्रेस सचिव ने यहां संवाददाताओं से कहा, हम रक्षा स्तर पर भारत के साथ संबंधों की काफी सराहना करते हैं।अमेरिका भारत के साथ मजबूत रक्षा साझेदारी बनाए रखने का प्रयास जारी रखेगा और मुझे लगता है कि यह कुछ ऐसा है जिसे आप आगे बढ़ता देखेंगे। उन्होंने कहा कि अमेरिकी रक्षा मंत्रालय के लिए चीन लगातार चुनौती बना हुआ है। जब किसी देश की संप्रभुता के संरक्षण तथा अंतरराष्ट्रीय नियम आधारित व्यवस्था की बात आती है तो हम भारत तथा हिंद प्रशांत क्षेत्र के अन्य देशों के साथ अमेरिका की साझेदारी की सराहना करते हैं।

इन्ही व्यवस्थाओं के कारण ही कई वर्षों से शांति-स्थिरता बनी हुई है। अमेरिका भारत के साथ मजबूत रक्षा साझेदारी बनाए रखने का प्रयास जारी रखेगा। अमेरिका से यह बयान ऐसे वक्त में आया है जबकि कनाडा से भारत के संबंधों में आई खटास के बीच अमेरिका ने इसे गंभीर बताते हुए भारत से जांच में सहयोग देने की मांग की है।पेंटागन के प्रेस सचिव ने यहां संवाददाताओं से कहा, हम रक्षा स्तर पर भारत के साथ संबंधों की काफी सराहना करते हैं।अमेरिका भारत के साथ मजबूत रक्षा साझेदारी बनाए रखने का प्रयास जारी रखेगा और मुझे लगता है कि यह कुछ ऐसा है जिसे आप आगे बढ़ता देखेंगे। जब किसी देश की संप्रभुता के संरक्षण तथा अंतरराष्ट्रीय नियम आधारित व्यवस्था की बात आती है तो हम भारत तथा हिंद प्रशांत क्षेत्र के अन्य देशों के साथ अमेरिका की साझेदारी की सराहना करते हैं। इन्ही व्यवस्थाओं के कारण ही कई वर्षों से शांति-स्थिरता बनी हुई है। अमेरिकी प्रांत जॉर्जिया से डेमोक्रेट सांसद ने भारतअमेरिका के बीच रिश्ते और मजबूत बनाने के लिए काम करने का संकल्प लिया है। उन्होंने नेशनल फेडरेशन ऑफ इंडियन अमेरिकन' द्वारा भारत अमेरिकी मित्रता का जश्न मनाने के लिए आयोजितकार्यक्रम में कहा, मैं दोनों देशों के आर्थिक एवं सांस्कृतिक संबंधों, अनुसंधान सहयोग और सुरक्षा समन्वय बढ़ाने के लिए काम करना जारी रखूंगा। उन्होंने कहा, जॉर्जिया में भारतीय प्रवासी समुदाय के लिए ये संबंध काफी अहम हैं। भारत और अमेरिका के बीच 1997 में रक्षा व्यापार लगभग नगण्य था लेकिन आज यह 20 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का है।एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि चीन रक्षा मंत्रालय के लिए लगातार चुनौती बना हुआ है।

अत: अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि हमास का इजराइल पर वार - भारत अमेरिका आतंकवाद के खिलाफ़ तैयार।कान खोलकर सुन लो आतंकवाद !

# इजराइल और फिलिस्तीन युद्ध बड़ी त्रासदी की ओर

ईरान के इशारे और उकसाने पर हमास ने पूरी तैयारी के साथ इसराइल के कई शहरों पर शनिवार की सुबह-सुबह 5000 रॉकेट से हमला बोलकर लगभग 700 नागरिकों और सैन्य तथा पुलिस के अधिकारियों सहित हत्या कर दी है साथ ही लगभग ढाई हजार लोग जख्मी भी हुए हैं। हमास एक पिलिस्तीनीआतंकवादी संगठन है जिसमें लगभग 25000 लडाके शामिल है। ईरान, पाकिस्तान और तुर्की समर्थित हमास उग्रवादी यह कभी नहीं चाहते थे कि अमेरिकी मध्यस्थता के फल स्वरुप इसराइल और सऊदी अरब सहित अन्य देशों के बीच संबंध अच्छे बने वह उसका लगातार विरोध करता आया है। हमास द्वारा यह भी दावा किया गया है कि उसने 50 इजरायली सैन्य अधिकारियों का अपहरण भी कर लिया है। इधर इसराइल ने भी दावा किया है कि उसने जवाबी हमले में लगभग 500 उग्रवादियों को मार गिराया है। न्यूज़ एजेंसी के अनुसार हमास ने जो इजरायली लोगों को बंधक बनाया है उनके बदले वह अपने उन आतंकवादियों की रिहाई करवाना चाहता है जो इजरायल के कब्जे में है हमास के लिए यह आक्रमण उसकी प्रतिष्ठा से जुड़ा हुआ है। हमास के इस भयानक हमले से इसराइल के नागरिक गहरे सदमे में है वह इसी तरह सदमे में है जैसे 9/11 के सदमे में अमेरिकी सहम गए थे। इसराइल के प्रधानमंत्री पर पहले से दबाव था कि हमास के विरुद्ध हमला कर उसे पर आक्रमण करें पर पर इसराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेत्यनाहू इस आक्रमण से बचते रहे हैं पर अब हमास के इसराइल पर अमानवीय हमले के खिलाफ इसराइल के लोग भरपूर जवाब देने की मानसिक स्थिति में पहुंच चुके हैं। यह तो तय है कि हम आज का यह हमला केवल सशस्त्र संघर्ष नहीं है बल्कि यह एक सैन्य युद्ध की शक्ल में लड़ा जा रहा है और हमास के साथ ईरान, पाकिस्तान, तुर्की खुलकर सामने आ गए। इसराइल ने दावा किया है कि इस बार जो हमास के विरुद्ध युद्ध होगा वह दुश्मनों ने कभी सोचा और देखा नहीं होगा। राष्ट्रीय सुरक्षा अध्ययन के इजरायली संस्थान एवं शोधकर्ता मार्क हीलर के अनुसार इस बार इसराइली नागरिकों पर बहुत बड़ा मनोवैज्ञानिक असर हुआ है उसे देखते हुए इसराइल बदला लेने के लिए कोई भी कीमत चुका सकता है। कुछ विश्लेषक यह मानते हैं कि 50 वर्ष पहले योग कीपर युद्ध की 50वीं वर्षगाठ पर अचानक हमास ने इसराइल के शहरों पर 5000 रॉकेट लॉन्चरों से हमला कर इजराइल में कोहराम मचा दिया है। न्यू यॉर्क टाइम्स के हवाले बताया गया कि अरब युद्ध से भी इस युद्ध की कई समानताएं हैं वर्ष 1973 में मिश्र, सीरिया की तरह इस युद्ध में हमास का लक्ष्य निश्चित रूप से रणनीतिक उद्देश्यों को लेकर है जो इसराइल को मारने अपंग करने से कहीं बढ़कर है। हमास इजरायली लोगों पर जितने भयानक हमले कर रहा है इसका स्पष्ट उद्देश्य विनाशकारी इजरायली प्रतिक्रिया को भड़काना ही है।

हमास के इस हमले से इसराइल और सऊदी अरब के बीच हुए शांति समझौते को खंडित कर देगी। इस युद्ध से न केवल यहूदी राज्य के प्रति मुस्लिम विरोध भड़केगा बल्कि इसराइल को भी हमास तथा फिलिस्तीन अन्य संगठनों को खत्म करने की चाहत बढ़ जाएगी। इजराइल का विश्व स्तरीय खुफिया संगठन मोसाद की असफलता के कारण हमास ने इतना बड़ा हमला किया है।

## ईश्वर सब पर एक साथ मेहरबान है

वह दूसरों की खुशहाली से परेशान है,
दुनिया की चमक धमक से हैरान हैद्य

खुद ने कभी ईमान का पसीना बहाया नहीं,
बिना श्रम के भला कोई बना धन वान है

धन की लिप्सा चाहत किसे नहीं होती
बनना पहले हमें,अच्छा इंसान है

जग की रीत जिसने खोया उसी ने पाया है,
यहीं धरती पर ही दीन और ईमान है

दूसरों की शान शौकत देख यह न सोचो, उसका भाग्य सदैव कितना बलवान है

जो जग में चमकता सितारा दिखता है, सफलता के पीछे लुटा दी दिलों-जान है

आकाश में बह रहीं बहुत गर्म हवाएं हैं
दुआ है अमन से रहे, हमारा सारा जहान है

चार दिन की चांदनी फिर अंधेरी रात है,
फिर तू क्यों इसी में इतना हैरान है

गहन अंधेरों के बाद रोशनी होती ही है
संजीव, मत हो हलकान,ईश्वर सब पर एक सा मेहरबान है।



संजीव ठाकुर
रायपुर

# भारत में उपजातियों की व्यवस्था हटने से विकास में आएगी तेजी

## उपजातियों की वजह से लंबे समय तक अवरूद्ध रहा देश का विकास



(सीए) मनीष कुमार गुप्ता

हमारे देश में जाति व्यवस्था की शुरुआत मूलत वेदों से हुई है। दरअसल जाति शब्द से पहले वर्ण शब्द का प्रादुर्भाव हुआ था। ऋग्वेद में वर्ण शब्द का उल्लेख दसवे मंडल के पुरुष सूक्त में मिलता है। वेदों में पहले वर्ण शब्द का रंग का व्यंजक था। क्योंकि जब आर्य हमारे देश में आए तो उन्होंने मनुष्यों में सफेद और काले रंग के आधार पर सामाजिक विभाजन की परंपरा का विकास किया। लेकिन धीरे.धीरे वर्ण शब्द पेशा के लिए प्रयोग किया जाने लगा। दरअसल प्राचीन काल में विशेष कर वैदिक आर्यन के समय में समाज में केवल दो ही समुदाय वर्ण और दास विद्यमान थे। दरअसल जाति व्यवस्था की शुरुआत उसे समय हुई जब प्राचीन काल में दास यानी जनजातियों के द्वारा किए जाने वाले उत्पादन पर अधिकार को लेकर विभिन्न समुदायों में संघर्ष छिड़ गया। गौरतलब हो कि वैदिक आर्यन के समय में ब्राह्मणों ने समाज में पुरोहित का कार्य करना प्रारंभ किया और जनजातियों द्वारा उत्पादित किए जाने वाले कुछ अधिशेषों पर एकाधिकार किया। जबकि क्षत्रियों ने समाज में रक्षा का दायित्व लेते हुए जनजातियों के द्वारा उत्पादित किए गए अधिशेषों का कर के रूप में उपभोग करना प्रारंभ किया। वही वैश्यों ने जनजातियों के द्वारा उत्पादित किए गए अनाज और अन्य वस्तुओं के विक्रय और विक्रय का कार्य करना शुरू किया। जबकि स्वयं शूद्रों ने ऊपर के सभी 3 ओवरों की सेवा और उत्पादन के कार्य में खुद को लगाए रखा। इस तरह वैदिक आर्यन के काल में ही भारत में वर्ण व्यवस्था का प्रारंभ देखने को मिलता है।

### भारत में जातियों की उपजातियों के विकास का इतिहास

भारत में जातियों के अंदर उप जातियों का विकास मुख्यत: वैदिक आर्यन कॉल के बाद शुरू हुआ। दरअसल भारत में अलग.अलग राजवंशों मसलन मौर्य वंश एगुप्त वंशए सातवाहन वंशए कुषाण वंश सहित कई राजवंशों ने देश के अलग.अलग भागों पर राज किया था। इस वजह से जब भारत के एक क्षेत्र का व्यापारी देश की ही दूसरे क्षेत्र में व्यापार करने जाता था तो उसे रास्ते में पड़ने वाले अलग.अलग राज्यों के राजाओं को व्यापार कर देना पड़ता था। नतीजतन इसकी वजह से देश के दूसरे हिस्से में व्यापार करने के लिए उस समय व्यापारियों को काफी ज्यादा कर चुकाना पड़ता था। ऐसे में धीरे.धीरे व्यापारियों ने भारत में ही दूसरे राज्यों में व्यापार करना बंद कर दिया। जिसकी वजह से देश के विभिन्न हिस्सों में रहने वाले लोगों के बीच एक दूसरे की सांस्कृतिक और सामाजिक रीति.रिवाजों का आदान.प्रदान होना बंद हो गया। नतीजतन एक ही जाति के लोग देश के अलग.अलग हिस्सों में कई उप जातियों में विभाजित होकर रहने लगे। उदाहरण स्वरूप अयोध्या से पूरब के क्षेत्र में रहने वाले ब्राह्मण सरयूपारीण ब्राह्मण कहलाने लगे। जबकि अयोध्या से पश्चिम के क्षेत्रों में रहने वाले ब्राह्मण कान्यकुब्ज ब्राह्मण के नाम से प्रसिद्ध हुए।

वहीं पश्चिमी उत्तर प्रदेश और दिल्ली के आसपास के ब्राह्मणों को सारस्वत ब्राह्मण की श्रेणी में सम्मिलित किया जाता है। इसी तरह से बिहार में रहने वाले ज्यादातर ब्राह्मण अपने को मैथिल ब्राह्मण की श्रेणी में रखते हैं। दरअसल भारत में उच्च जातियों के विकास के साथ साथ वर्णसंकर जातियों का भी तेजी से विकास हुआ। इसी तरह से वैश्य जाति में भी भारत के अंदर कई वैश्य उप जातियों का विकास देखने को मिला। उदाहरण के लिए माथुर वैश्यए केसरवानी वैश्यए मारवाड़ी वैश्यए जेनी वैश्यए और सिंधी वैश्यए सहित कई वैश्य उप जातियों का विकास हुआ।

### जातियों के अंदर उपजातियां में विवाह संबंधों को भी मान्यता मिलनी चाहिए

दरअसल प्राचीन काल से भारत में जातियों के अंदर हुए उपजातियों के विकास के बाद वे सभी उपजातियां आज भी देश में चली आ रही है। उदाहरण के लिए यदि वैश्य जाति की उपजाति की संरचना को गौर से देखें तो वैश्य में माथुर वैश्य की शादियां केशरवानी वैश्यों में नहीं होती हैं। बिल्कुल इसी तरह से मारवाड़ी वैश्य की शादियां गुजराती वैश्य समाज या सिंधी वैश्य समाज में नहीं होती हैं। ठीक इसी तरह से ब्राह्मण समाज में भी सरयूपारीण ब्राह्मण या फिर कान्यकुब्ज ब्राह्मणों की शादियां मैथिल ब्राह्मणों में नहीं होती हैं। इसके अलावा भारत के कई क्षेत्रों में रहने वाले ब्राह्मणों की शादियां दूसरे राज्यों में रहने वाले ब्राह्मणों के यहां नहीं होती है। इस तरह से भारत के अंदर कहीं ना कहीं जातियों के अंदर उप जातियों का विकास हुआ। नतीजतन एक ही जाति के अंदर बाद में बनी उप जातियों के बीच विवाह संस्कार होने बंद हो गए।

इतना ही नहीं विभिन्न जातियों के अंदर बनी उपजातियां के बीच श्रेष्ठ को लेकर संघर्ष भी शुरू हो गया जिसकी वजह से देश में आए दिन हिंसा के तमाम मामले देखने को मिलते हैं। ऐसे में यहां पर सवाल उठना लाजमी है कि क्या एक ही प्रमुख जाति के अंदर बनी कई उप जातियों को समाप्त करके केवल एक जाति कर देना चाहिए द्द

### उपजातियों के समाप्त होने से देश की सामाजिक और आर्थिक विकास को मिलेगी मजबूती

दरअसल भारत में आज जातियों के अंदर बनी उप जातियों का बहुत ही व्यापक संजाल स्थापित हो चुका है। भारत में मौजूदा समय में लगभग हर राज्य में भाषा और क्षेत्र के आधार पर कई उपजातियां का उद्भव हुआ है। दरअसल जातियों के अंदर उपजातियां केवल हिंदू धर्म में नहीं बल्कि मुस्लिमए सिखए ईसाई और पारसी धर्म में भी कई उपजातियां देखने को मिल रही है। नतीजतन आज भारत में अक्सर विभिन्न धर्मों और उनके अंदर उप जातियों के बीच होने वाले संघर्ष को देखा जा सकता है। हाल ही में मणिपुर में जनजाति समुदाय को की और मेथी के बीच हुआ संघर्ष इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। इसके अलावा राजस्थान में जाट और गुर्जर के बीच भी आरक्षण को लेकर कई बार संघर्ष हो चुका है। ऐसे में यदि प्रमुख जातियों के अंदर बनी उप जातियों के बीच विवाह संबंधों के अवरोध को समाप्त करके उनमें आपस में रोटी बेटी का संबंध स्थापित किया जाए तो समाज में होने वाला जातीय संघर्ष काफी हद तक समाप्त हो सकता है।

इसके साथ ही देश में उपजातियां के समाप्त होने के बाद जहां देश की सामाजिक एकता एवं अखंडता को मजबूती मिलेगी। वहीं दूसरी ओर देश में जाति व्यवस्था पूरी तरह से संतुलित भी बनेगी जो भारतीय सामाजिक व्यवस्था की हित में होगी।

नई दिल्ली
मंगलवार 10 अक्टूबर 2023
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### बुलंदशहर : दिनदहाड़े बैंक मे 06 लाख की लूट

बुलंदशहर। उत्तर प्रदेश के जनपद जनपद बुलंदशहर में दिनदहाड़े तीन सशस्त्र नकाबपोश बदमाशों ने बैंक में घुसकर मौजूद बैंककर्मियों को बंधक बना लिया और कैश रूम में घुसकर 6लाख रूपए की लूट कर फरार हो गए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने बताया कि देहात कोतवाली क्षेत्र के नीमखेड़ा गांव में इंडियन ओवरसीज बैंक है। आज दोपहर लगभग दो बजे बैंक मैनेजर महेश मीणा, बैंक कैशियर, बैंक सखी, स्वीपर तथा चार पांच खाताधारक वहां मौजूद थे। तभी मुंह पर ढाटा बांध हथियारों से लैस बाइक सवार तीन बदमाश बैंक में घुसे तथा ग्राहकों को बाहर निकलकर उन्होंने वहां मौजूद बैक मैनेजर सहित कर्मचारियों को बंधक बना लिया। बदमाश तमंचों से आतंकित करते हुए कैश रुम में घुस गए वहां मौजूद धनराशि थैले में भर ली तथा आनन-फानन में बाइक से फरार हो गए। घटना की सूचना पर जिले का पूरा पुलिस प्रशासन नीमखेड़ा गांव स्थित ओवरसीज बैंक पर पहुंचा हुआ है। एसएसपी का कहना है कि हमें महत्वपूर्ण सूचना प्राप्त हुई है जिसके तहत जल्द ही बदमाश पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

### समाजवादी पार्टी ने किया कांशीराम को याद

भदोही। उत्तर प्रदेश की भदोही जिले में समाजवादी पार्टी के कार्यालय पर दलित राजनीति के कद्दावर नेता और बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कांशीराम का निर्वाण दिवस आज मनाया गया। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रदीप यादव ने कहा कि कांशीराम बड़े राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक थे। उन्होंने भारतीय वर्ण व्यवस्था में बहुजनों के राजनीतिक एकीकरण तथा उत्थान के लिए कार्य किया। इसके अन्त में उन्होंने दलित शोषित संघर्ष समिति, 1971 में अखिल भारतीय पिछड़ा और अल्पसंख्यक समुदायों कर्मचारी महासंघ और 1984 में बहुजन समाज पार्टी की स्थापना की। जीवनपरान्त पिछड़ों द' बे कुचले अल्पसंख्यक लोगों के संघर्ष करते रहे। इस अवसर पर जिला महासचिव ह्दय नारायण प्रजापति, विधायक जाहिद बेग, रामकिशोर बिंद, मन्टु सिंह, सन्तोष यादव, केशनारायण यादव, लालचन्द बिंद, गामा प्रसाद यादव, राजेश राय, प्रदीप वियोगी, गुलाब पाल,महेश यादव,अनुराग यादव, जिला मिडिया प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार मिश्र पप्पू आदि उपस्थित रहे।

### बलिया : निर्माणाधीन पुल का बीम गिरने के मामले में जांच के आदेश

बलिया। उत्तर प्रदेश के बलिया जनपद में मदही नदी पर 08 करोड़ 15 लाख रुपए की लागत से बनाए जा रहे पुल का बीम गिरने से मचे हडकंप के बीच जिलाधिकारी ने सोमवार को त्रिसदस्यीय जांच कमेटी बनाकर मामले की जांच के आदेश दिए। जिलाधिकारी बलिया ने सोमवार को बताया कि जनपद के विकास खंड सोंहाव स्थित फिरोज पुर और कथरिया गांव के बीच में मदही नदी पर सेतु निगम द्वारा लगभग 80 मीटर लंबा 8 करोड़ 15 लाख रुपए की लागत से एक पुल बनाया जा रहा था जिसका एक बीम रविवार को गिरने से वह क्षतिग्रस्त हो गया। उन्होंने बताया कि हादसे में किसी प्रकार की जनहानि की सूचना नहीं प्राप्त हुई है। मामले की जांच के लिए अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग, अधिशाषी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, जिला ग्रामीण विकास एजेंसी के असिस्टेंट इंजीनियर की त्रिस्तरीय जांच कमेटी बनाकर तीन दिन के अंदर जांच आख्या मांगी गई हैं। उन्होंने बताया कि जांच आख्या आने के बाद जो भी मामले में दोषी पाया जाएगा उसके विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई के लिए शासन को पत्र लिखा जाएगा।

### झांसी : गर्भवती पत्नी को गोली मारने वाला दरोगा तत्काल प्रभाव से निलंबित

झांसी। उत्तर प्रदेश में झांसी के थानाउल्दन क्षेत्र के बंगरा चौकी इंचार्ज को गर्भवती पत्नी पर सर्विस रिवाल्वर से गोली चलाने वाले दरोगा को सोमवार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। उल्दन थानाक्षेत्र के बंगरा चौकी इंचार्ज शशांक मिश्रा ने रविवार देर रात किसी घरेलू विवाद के चलते अपनी गर्भवती पत्नी को सर्विस रिवॉलवर से गोली मार दी। बौखलाए पति से बचने के लिए पत्नी से पडोसी के घर में छिपकर अपनी जान बचायी। पत्नी पर गोली चलाने के बाद दरोगा खुद ही उसे मेडिकल कॉलेज लेकर आया और उसे भर्ती कराकर फरार हो गया लेकिन बाद में पुलिस ने आरोपी दरोगा पर शिकंजा कस लिया। इस मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राजेश एस ने बताया कि बंगरा चौकी इंचार्ज ने पारिवारिक विवाद के बाद पत्नी पर सर्विस रिवॉलवर से फायर किया। पत्नी का दाहिने हाथ में गोली लगी है जो खतरे से बाहर है। आरोपी पुलिस अधिकारी को हिरासत में लेकर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

### हापुड़ में 11वीं की छात्रा से गैंगरेप

हापुड़। हापुड़ में 3 युवकों ने 11वीं की छात्रा से गैंगरेप किया। छात्रा अपने घर से 30चरूदूर मेरठ पढ़ने के लिए जा रही थी। उस समय पड़ोसी गांव का युवक भी उसी ऑटो में था। छात्रा ऑटो से उतरकर स्कूल की तरफ जाने लगी। इस दौरान युवक भी उसके पीछे आया और उसने छात्रा को गन प्वाइंट पर ले लिया। युवक के बाइक सवार 2 दोस्त भी वहां आ गए और तीनों जबरन उसे एक होटल में ले गए। जहां बारी बारी से उसके साथ दरिंदगी की। युवकों ने छात्रा को शनिवार सुबह असौड़ा पेंठ इलाके के किठौर रोड से अगवा किया। जबकि उसे नगर कोतवाली के मोदीनगर रोड के एक होटल में ले गए। दोपहर में दरिंदगी के बाद छात्रा को होटल के बाहर छोड़कर फरार हो गए। छात्रा जब घर पहुंची तो उसने अपने पिता को आपबीती बताई। छात्रा की शिकायत पर पुलिस ने तीनों युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने जांच पड़ताल के दौरान तीनों को हिरासत में ले लिया है। मेरठ के मुंडाली थाना क्षेत्र की रहने वाली 16 वर्षीय किशोरी हापुड़ के नगर कोतवाली क्षेत्र के एक स्कूल में कक्षा 11 की छात्रा है।

### गोंडा में किशोरी के साथ दुष्कर्म

गोंडा। गोंडा जिले में देहात कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एक गांव की रहने वाली एक 19 वर्षीय लड़की के साथ विशेष समुदाय के दो युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म करके उसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया था। सामूहिक दुष्कर्म और वीडियो वायरल होने के बाद पीड़िता के पिता द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर देहात कोतवाली पुलिस ने विशेष समुदाय के दो युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके गिरफ्तार कर जेल भेजा है। दरअसल देहात कोतवाली अंतर्गत एक गांव की रहने वाली 19 वर्षीय हिंदू लड़की के साथ विशेष समुदाय के दो आरोपियों ताहिर अली और कलाम बाबू ने पहले अपने प्रेम जाल में युवती को फंसाया उसके बाद 19 वर्षीय युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म जैसी घटना को अंजाम दिया गया। आरोपियों ने लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म करके उसका अश्लील वीडियो बना लिया और लड़की को वीडियो वायरल करने की धमकी देकर लगातार मिलने के लिए बुलाते रहे जब लड़की ने आरोपियों से मिलने से मना किया तो आरोपियों द्वारा सामूहिक दुष्कर्म करके बनाया गया अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया।

### डॉ. घनश्याम तिवारी के हत्यारोपियों का सरेंडर

सुलतानपुर। सुल्तानपुर में डॉ. घनश्याम तिवारी हत्याकांड के मुख्य आरोपी भाजयुमो जिलाध्यक्ष का चचेरा भाई अजय नारायण सिंह और उसका ड्राइवर दीपक सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि अजय बस से उतरकर स्वयं चौकी पहुंचा था। कोतवाली पुलिस, स्वॉट टीम और एसटीएफ 17 दिनों से 50 हजार के इस इनामी बदमाश को तलाश रही थी। कोतवाली नगर के नारायणपुर क्षेत्र में 23 सितंबर की देर शाम को संविदा चिकित्सक डॉ. घनश्याम तिवारी की नृशंस हत्या हुई थी। पत्नी निशा की तहरीर पर नारायणपुर निवासी अजय नारायण सिंह समेत दो अज्ञात के खिलाफ हत्या केस दर्ज हुआ था। 25 सितंबर को पीड़िता ने दूसरी तहरीर दिया था जिसमें भाजयुमो जिलाध्यक्ष चंदन नारायण सिंह, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष गिरीश नारायण सिंह व जगदीश नारायण सिंह समेत 4 अज्ञात को हत्या का दोषी ठहराया गया था।

# 37 जिलों में शत प्रतिशत, 13 जिलों में 99 फीसदी पूरा हुआ डिजिटल क्रॉप सर्वे

## 16490 राजस्व ग्रामों में पूरा हुआ डिजिटल क्रॉप सर्वे का काम



**लखनऊ।** प्रदेश के सभी 75 जिलों में फसलों के डिजिटल सर्वे का कार्य तेज गति से जारी है। प्रदेश के 37 जिलों में योगी सरकार ने शत प्रतिशत सर्वे का कार्य पूरा कर लिया है। वहीं 13 जिलों में भी कार्य 99 प्रतिशत तक पूरा हो चुका है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जल्द से जल्द बाकी बचे जनपदों में भी सर्वे के कार्य को पूरा करने का निर्देश दिया है। सीएम योगी ने धीमी प्रगति वाले जनपदों को लेकर नाराजगी जतायी है। उन्होंने जिलाधिकारियों को तेज गति से सर्वे पूरा करने की सख्त हिदायत दी है।
सर्वे के कार्य में लगे प्रत्येक सर्वेयर को प्रतिदिन 50 खेतों का सर्वे करने का लक्ष्य दिया गया है, जिसकी मॉनीटरिंग स्वयं जिलाधिकारी कर रहे हैं। पूरे प्रदेश में इस कार्य में कुल 5764 सर्वेयर लगाये गये हैं, जिसमें 1437 कृषि विभाग, 2733 राजस्व विभाग और 1594 पंचायत सहायक हैं। इन्हें प्रदेश के 26775 राजस्व ग्रामों में कुल 1.19 करोड़ से अधिक खेतों का डिजिटल क्रॉप सर्वे करना है। इनमें से 16490 राजस्व ग्रामों में सर्वे को पूरा कर लिया गया है।

### किस जिले में कितनी प्रगति

अपडेट आंकड़ों की बात करें तो बागपत, आजमगढ़, अमरोहा, बलरामपुर, गोंडा, एटा, आगरा, बहराइच, बरेली, बिजनौर, फतेहपुर, गाजियाबाद, गाजीपुर, हाथरस, कौशाम्बी, ललितपुर, मेरठ, मुजफ्फरनगर, रायबरेली, शामली, श्रावस्ती, सोनभद्र, उन्नाव, सहारनपुर, फिरोजाबाद, बांदा, बुलंदशहर, रामपुर, गौतमबुद्ध नगर, कन्नौज, शाहजहांपुर, कासगंज, मैनपुरी, खीरी, सिद्धार्थनगर, प्रयागराज और लखनऊ में सर्वे का कार्य पूरा कर लिया गया है। इसके अलावा महाराजगंज, इटावा, अंबेडकरनगर, कन्नौज, कानपुर नगर, अलीगढ़, बलिया, मथुरा, बदायूं, सीतापुर, संभल, अमेठी, कुशीनगर, बाराबंकी, कानपुर देहात, पीलीभीत, हापुड़ और मऊ में भी 95 से 99 प्रतिशत तक सर्वे का कार्य पूरा कर लिया गया है।

### इन जिलों में तेज गति से चल रहा सर्वे

शत प्रतिशत से लेकर 95 फीसदी तक सर्वे पूरा करने वाले जनपदों के अलावा हमीरपुर, चंदौली, देवरिया, अयोध्या, बस्ती, मुरादाबाद, जालौन, औरैया, सुल्तानपुर, हरदोई, मिर्जापुर, महोबा और फर्रुखाबाद में कार्य 80 फीसदी से लेकर 95 फीसदी तक पूरा कर लिया गया है।
इसके अलावा संत कबीरनगर, प्रतापगढ़, जौनपुर, चित्रकूट, झांसी, भदोही, वाराणसी और गोरखपुर में भी सर्वे का कार्य 70 से 80 फीसदी के बीच पूरा हो चुका है।

## आप कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन



बलिया। बलिया जिला कलक्ट्रेट कार्यालय पर सोमवार को आम आदमी पार्टी द्वारा आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह की फर्जी मुकदमे में गिरफ्तारी के खिलाफ जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना दिया गया। जिलाध्यक्ष सुशांत राज भारत ने कहा कि जिस प्रकार मोदी सरकार केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है वह लोकतंत्र के हित में नहीं है।
यह भारतीय लोकतंत्र की गलत परंपरा की शुरुआत है। इसके तहत दिल्ली में शानदार स्कूल बनवाने वाले मनीष सिसोदिया को दिल्ली में मोहल्ला अस्पताल बनवाने वाले सत्येंद्र जैन को और इसके बाद गरीब कमजोर पिछड़े दलित बेरोजगारों की आवाज बन चुके संजय सिंह को ईडी के द्वारा गिरफ्तार करवा कर साबित कर दिया है कि नरेंद्र मोदी एक तानाशाह हैं।

### तानाशाही की कोई जगह नहीं

उनको अपने विरुद्ध एक शब्द नहीं सुनना है। उन्होंने कहा कि भारतीय लोकतंत्र में तानाशाही की कोई जगह नहीं है। प्रदेश के नेता अनूप पांडेय ने कहा कि जिस प्रकार भारतीय जनता पार्टी आम आदमी पार्टी से डरी हुई है, भाजपा को लग रहा है कि आम आदमी पार्टी जिस तरह से देश में फैल रही है आने वाले समय में वह भाजपा को खत्म करने का काम करेगी। इसलिए वह चाहते हैं कि यह पार्टी और बड़ी हो,उससे पहले इसको समाप्त कर दिया जाए। दूसरी ओर इंडिया गठबंधन से हार का डर भी इनको सता रहा है यह जानते हैं कि आने वाले 2024 के चुनाव में इंडिया गठबंधन एनडीए गठबंधन को हराकर सरकार बनाएगी। इसलिए मोदी सरकार चाहती है कि तानाशाही के जरिए विपक्ष के सभी नेताओं को ईडी, सीबीआई के द्वारा गिरफ्तार करवा कर जेल भेज दें, लेकिन यह मंसूबा कभी पूरा नहीं होगा और भाजपा आने वाले चुनाव में बुरी तरह हारेगी।

## लावारिस वाहनों की नीलामी से अर्जित किये 02 करोड़ से अधिक

एजेंसी

बस्ती। उत्तर प्रदेश मे बस्ती परिक्षेत्र के तीनों जिलों बस्ती, सिद्धार्थनगर तथा संतकबीरनगर जिले मे ऑपरेशन क्लीन के तहत लावारिस वाहनों की नीलामी करके पुलिस विभाग द्वारा 02 करोड़ 40 लाख रूपया राजस्व कोष में जमा कराया गया है।

पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) रामकृष्ण भारद्वाज ने सोमवार को यहां यह जानकारी देते हुए बताया कि परिक्षेत्र के बस्ती जिले मे 13 सौ 76 ,सिद्धार्थनगर जिले मे 870 तथा संतकबीरनगर जिले मे 298 लावारिस वाहन थानों मे खड़े थे जिसकी गहनता से जांच पड़ताल करायी गयी और कागजी कार्रवाई करते हुए ऑपरेशन क्लीन के तहत बस्ती जनपद मे 253,सिद्धार्थनगर में 870 तथा संतकबीरनगर जिले मे 194 वाहनँ की नीलामी करायी गयी।

इन वाहनों की नीलामी से 02 करोड़ 40 लाख रूपया प्राप्त हुए जिन्हें राजस्व कोष मे जमा करा दिया गया है।

शेष बचे वाहनों को निस्तारण करने के लिए निर्देश प्रदान किया गया है। जिन थानों मे ये वाहन खड़े थे वहां पर अब गदंगी की जगह साफ-सफाई की व्यवस्था दिखाई पड़ रही है।

उन्होने बताया कि बस्ती जिले मे 11 सौ 23 तथा संतकबीरनगर जिले मे 104 वाहनों का निस्तारण नही हो पाया है शीघ्र ही इन वाहनों का निस्तारण करके प्राप्त धनराशि को राजस्व कोष मे जमा कराया जायेगा।

# यूपी में डेंगू का आंकड़ा 10 हजार पार

## मुरादाबाद, लखनऊ में सबसे ज्यादा मरीज; अस्पतालों में सबसे ज्यादा बुखार के पेशेंट

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में डेंगू मरीजों का आंकड़ा तेजी से बढ़ रहा है। सरकारी आंकड़ों की मानें तो प्रदेश में अब तक कुल 10 हजार 49 डेंगू पॉजिटिव केस रिपोर्ट हो चुके हैं। सबसे ज्यादा मरीज मुरादाबाद, लखनऊ, फिर गौतमबुद्ध नगर, कानपुर और गाजियाबाद में हैं। वहीं सरकारी आंकड़ों में फिलहाल डेंगू से कुल 8 मौतें दर्ज हैं।
9 अक्टूबर को आई रिपोर्ट में पिछले 24 घंटे में यूपी में डेंगू के 100 नए मामले सामने आए हैं। वहीं अस्पतालों में बुखार रोगियों की संख्या कई गुना बढ़ चुकी हैं।
राजधानी लखनऊ समेत तमाम जिलों के सरकारी अस्पतालों में सोमवार को सुबह से ही ओपीडी में मरीजों और



तीमारदारों की भारी भीड़ देखी जा रही है।

### अस्पतालों की ओपीडी में सबसे ज्यादा बुखार के रोगी

लखनऊ समेत यूपी के तमाम बड़े महानगरों के सरकारी अस्पतालों की ओपीडी में सबसे ज्यादा बुखार के मरीज आ रहे हैं। अस्पतालों में सुबह से शुरू हो रही भीड़ दोपहर तक देखी जा रही है। लखनऊ में बलरामपुर अस्पताल, सिविल अस्पताल, लोकबंधु अस्पताल के अलावा चत्तरू और लोहिया संस्थान जैसे अस्पतालों में मरीजों और तीमारदारों की लंबी लाइन है।

### लोकबंधु में बुखार के 80 मरीज भर्ती, 12 डेंगू पॉजिटिव

लोकबंधु अस्पताल के निदेशक डॉ. नीलांबर श्रीवास्तव ने बताया कि 23 अगस्त से अब तक 175 डेंगू पॉजिटिव केस आ चुके। रोजाना करीब 200 से 220 मरीजों के सैंपल की डेंगू जांच की जा रही हैं। डेंगू वार्ड में पहले 10 बेड लगाए गए। बाद में इसे बढ़ाकर 20 कर दिया गया। फिलहाल 12 डेंगू मरीज अस्पताल में भर्ती हैं। इसके अलावा 80 मरीज बुखार के भर्ती हैं,इनकी डेंगू रिपोर्ट निगेटिव हैं। राहत की बात ये हैं कि भर्ती मरीजों में से कोई भी ज्यादा गंभीर हालत में नहीं हैं। डॉ. नीलांबर कहते हैं कि ओपीडी में आने वाले मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ ही रही है। इनमें सबसे ज्यादा मरीज बुखार, बदन दर्द और जुकाम की शिकायत के आ रहे रहे हैं।

## दो सगी बहनों की हत्या में बड़ी बहन गिरफ्तार

इटावा। उत्तर प्रदेश में इटावा जिले के बलरई इलाके के बहादुरपुर में दो बहनों की हत्या के सनसनीखेज मामले में पुलिस ने बड़ी बहन को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसने पूछताछ में अपना जुर्म कबूल कर लिया है।
इटावा के पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सत्यपाल सिंह ने दो सगी बहनों की हत्या का खुलासा कर बड़ी बहन की गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए आज बताया कि इस मामले में रविवार शाम आरोपी बड़ी बहन को गिरफ्तार कर लिया है। उसके कब्जे से हत्या में प्रयुक्त किया गया फावड़ा और अन्य सामग्री बरामद कर ली गई है। हत्यारोपी बड़ी बहन ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। करीब 10 घंटे की पुलिस की कड़ी मशक्कत के बाद बड़ी बहन ने जुर्म स्वीकार किया है। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए



आईजी जोन कानपुर प्रशांत कुमार और फोरेंसिक टीम ने मामले की छानबीन की थी।
पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सत्यपाल सिंह ने बताया कि अंजलि (19) को उसके प्रेमी से मिलते देख दोनों छोटी बहनों रोशनी (07) और शिल्पी (05) ने इसकी शिकायत माता पिता से कर दी थी। इसी गुस्से में अंजलि ने अपनी दोनों छोटी बहनों की हत्या घर के ही एक अलग कमरे में फावड़े से कर दी थी। हत्या को अंजाम देने के बाद उसने सबूत मिटाने के लिए अपने कपड़े और फावड़े को धो दिया था। कानपुर से आई फॉरेंसिक टीम और इटावा की पुलिस टीम ने संयुक्त रूप से साक्ष्य जुटाकर युवती को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कहा है कि वह इस मामले में प्रभावी पैरवी करते हुए जल्द से जल्द आरोपी युवती को सजा दिलाने का कार्य करेगी।
दो सगी बहनों की हत्या की वारदात को लेकर के कानपुर जोन के आईजी प्रशांत कुमार सिंह जहां मौके पर पहुंचे और उन्होंने फॉरेंसिक टीम के साथ कई घंटे तक विभिन्न स्तर पर इस पूरी घटना को लेकर के सिलसिले बार ढंग से पड़ताल की।
अंजलि के इस कृत्य की पिता जयवीर सिंह और उनकी मां सुशीला को कोई जानकारी नहीं थी क्योंकि घटना के समय वह दोनों अपने खेत खलियान पर काम कर रहे थे।

### गंगा में डूबा कानपुर से आया 12वीं का छात्र

वाराणसी। कानपुर से वाराणसी मंदिर दर्शन करने आया 12वीं का एक छात्र गंगा में डूब गया। केदार घाट पर नहाने के दौरान वह गंगा के गहरे पानी में चला गया। उसका नाम आदित्य सिंह कुशवाहा (18) है, जो कि पनकी, कानपुर का निवासी है। NDRF गोताखोर डूबने वाले की तलाश में जुटे हैं। मौके पर पुलिस के जवान भी पहुंच चुके हैं। ह्ष्ठक्रस्न काफी देर से सर्च ऑपरेशन चला रही है, लेकिन अभी तक आदित्य का कुछ भी पता नहीं चल सका है। उसके साथ आए आदित्य की मां, नाना, नानी आदि घाट पर रोते-बिलखते देखे जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि आदित्य सिंह कुशवाहा नीट की तैयारी कर रहा था। परिजनों ने बताया कि हम 10 लोग कानपुर पनकी से वाराणसी आज आए थे।

## लखनऊ में एमबीबीएस डॉक्टर ने किया सुसाइड

लखनऊ। लखनऊ में एक एमबीबीएस डॉक्टर ने सुसाइड कर लिया। वो गुडंबा के प्राइवेट हॉस्पिटल में प्रैक्टिस कर रहे थे। खुद के हॉस्पिटल की प्लानिंग कर रहे डॉ. प्रदीप ने 2 बैंक से 20 लाख रुपए का लोन लिया था। कमरे में मिले सुसाइड नोट के मुताबिक, 8 लाख रुपए का लोन चुकाने के बावजूद अब वो किस्त नहीं दे पा रहे थे। इसी परेशानी में उन्होंने सुसाइड कर लिया। वो विकासनगर में किराए के मकान में रहते थे।

डॉ. प्रदीप वर्मा (38) बाराबंकी के मूल निवासी थे। 2013 में उन्होंने लखनऊ मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस किया था। पुलिस ने सुसाइड नोट को जांच का हिस्सा बनाया है। परिजनों की तहरीर के आधार पर विधिक कार्रवाई करने की बात कह रही है। डॉ. प्रदीप बाराबंकी के मसौली में रहते थे। उनके पिता सूर्य प्रकाश वर्मा ने बताया,मेरा बेटा विकासनगर के विनायकपुरम कॉलोनी में रहता है। उसने ओपी गुप्ता का मकान का एक हिस्सा किराए पर लिया था। शनिवार को मकान मालिक किसी काम से बाराबंकी गए थे। घर में प्रदीप मौजूद थे। उन्होंने बताया,रविवार सुबह वापस आने पर दरवाजा बंद था। दरवाजा नहीं खुलने पर खिड़की तोड़कर अंदर गए तो कमरे में देखा कि गमछे से पंखे के सहारे प्रदीप का शव लटक रहा था।

## गाजीपुर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन



गाजीपुर। गाजीपुर में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुनील राम के नेतृत्व में जिला कांग्रेस कमेटी के सदस्यों ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के न्याय के पक्ष में राज्यपाल को संबोधित एक पत्रक जिलाधिकारी, गाजीपुर को सौंपा है। इसमें अजय राय पर राजनीतिक विद्वेष के चलते हो रही कार्रवाइयों को तत्काल प्रभाव से रोकने की बात कही गई है। इस अवसर जिलाध्यक्ष सुनील राम ने ज्ञापन देते हुए बताया कि बीते दिनों 5.10.2015 को गणेश प्रतिमा के विसर्जन की मांग कर रहे स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद पर हुए यूपी पुलिस और प्रशासन द्वारा बर्बर लाठी चार्ज का विरोध करने व अन्याय प्रतिकार यात्रा निकालने पर अजय राय समेत 82 लोगों के खिलाफ एफआईआर पंजीकृत हुआ था, जिसमें 81 लोगों का उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मुकदमे वापस ले लिए गए।
इसका संदर्भ ग्रहण करते हुए, अपर सत्र न्यायालय, वाराणसी के आदेश से 81 लोगों को दोष मुक्त कर बरी कर दिया गया, लेकिन अजय राय पर मुकदमा खत्म नहीं हुआ। अजय राय अन्याय के खिलाफ आवाज उठाते हैं और सनातनधर्मी स्वामी अविमुक्तेश्वरा नंद के ऊपर हुए उत्पीड़न के खिलाफ उन्होंने आवाज उठाई थी, लेकिन भाजपा की वर्तमान सरकार द्वारा एक ही तरह के केस में 81 लोग के नाम वापस लेना और केवल एक नाम छोड़ देना, एक ही मामले में दो तरह के फैसला करना नैसर्गिक न्याय के विरुद्ध है।

### युवती से गैंगरेप

गोरखपुर। गोरखपुर में एक युवक शादी का झांसा देकर युवती को अपने साथ भगा ले गया और उसके साथ गैंगरेप करता रहा। आरोप है कि युवक उसका अश्लील वीडियो बनाकर उसे ब्लैकमेल कर भी कई बार रेप किया। घटना गोला इलाके के एक गांव की है। युवती की मां ने गोला थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस दुष्कर्म, छेड़खानी, धमकी और मारपीट का केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है। थानाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार राय का कहना है कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया है। वैसे इस मामले में दोनों पक्ष कई बार पंचायत कर चुके हैं। जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। गोला इलाके की रहने वाली युवती की मां ने तहरीर में लिखा है, खजनी का रहने वाला उसकी रिश्तेदारी का युवक साज 2022 में मेरी बेटी को घर में अकेला पाकर दुष्कर्म किया और अश्लील वीडियो बना लिया। उस समय वह नाबालिग थी। उसके बाद वह लगातार धमकी देकर दुष्कर्म करता रहा। जब इसकी जानकारी पुत्री ने मुझे दी तो मैंने युवक के माता-पिता से शिकायत की तो कहा गया कि बालिग होने पर दोनों की शादी कर दी जाएगी।

## देवरिया में फिर बवाल, गांव की सीमाएं सील की

### प्रेम यादव के घर की पैमाइश पर भड़के लोग, पुलिस ने फटकारी लाठी

देवरिया/गोरखपुर। देवरिया हत्याकांड की चिंगारी सोमवार को एक बार फिर सुलग गई। फतेहपुर गांव में पुलिस और गांव वाले आमने-सामने आ गए। हुआ यूं कि प्रेमचंद यादव के घर की दोबारा पैमाइश करने तहसील की टीम पहुंची। इस दौरान सैकड़ों गांव वाले इकट्ठा हो गए और पैमाइश का विरोध करने लगे। इससे वहां माहौल बिगड़ गया। इसके बाद तुरंत आसपास की फोर्स को बुलाया गया। पुलिस ने गांव वालों को खदेड़ने के लिए लाठी फटकारी। इसमें एक युवक के पैर में फ्रैक्चर होने की खबर है।

फिलहाल, फतेहपुर के अभयपुर टोला में स्थिति सामान्य हो गई है। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीण लौट चुके हैं। हालांकि गांव में अभी भी तनाव बना हुआ है। पुलिस ने फतेहपुर गांव की सीमाएं सील कर दी हैं। किसी भी बाहरी आदमी को गांव में नहीं जाने दिया जा रहा है। मीडिया को भी बाहर रोक दिया गया है। वहीं, पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया है। पुलिस ने प्रेम यादव के परिवार से मिलने जा रहे सपा नेताओं को गांव के बाहर रोक दिया। इसके बाद यहां तीखी



नोकझोंक भी हुई। गांव वालों का कहना है कि पुलिस प्रेम यादव की पत्नी शीला यादव और बेटी को घर से अपने साथ लेकर चली गई थी। जैसे ही इसकी सूचना गांव वालों को मिली, तो वे उग्र हो गए। नेताओं ने जहां धरना देकर प्रदर्शन शुरू कर दिया, वहीं ग्रामीणों ने भी पुलिस का विरोध शुरू कर दिया।

देवरिया के मुख्य राजस्व अधिकारी रजनीश राय ने बताया, फतेहपुर गांव के अभयपुर टोला में आज सिर्फ ग्राम समाज की जमीनों की पैमाइश हो रही है। किसी के घर की पैमाइश नहीं की जा रही है। इससे ग्रामीण थोड़े आक्रोशित हो गए थे, लेकिन अब सब कुछ सामान्य है। मृतक प्रेम यादव के अवैध कब्जे के खिलाफ तीन मुकदमे दाखिल हैं। आज मौके का निरीक्षण करने तहसीलदार भी आए हैं। उनकी रिपोर्ट के बाद नियमानुसार प्रेम यादव के अवैध निर्माण को ध्वस्त कराया जाएगा।

### पहले भी हो चुकी है प्रेमचंद यादव के घर और खेत की पैमाइश

इससे पहले भी तहसील की टीम ने प्रेमचंद यादव के घर और खेत की पैमाइश की थी। इस दौरान टीम को वहां अवैध कब्जा मिला था। टीम ने प्रेमचंद यादव के घर पर नोटिस चस्पा किया था। साथ ही, अवैध कब्जे का 32 हजार रुपए जुर्माना जमा कराने की कहा था। इसके बाद से ही प्रेमचंद यादव के घर बुलडोजर चलने की आशंका थी।

## शार्ट न्यूज

### महिंद्रा लास्ट माइल मोबिलिटी में आईएफसी करेगा 600 करोड़ का निवेश

नयी दिल्ली। महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड की सहायक कंपनी महिंद्रा लास्ट माइल मोबिलिटी लिमिटेड में इंटरनेशनल फाइनेंस कॉर्पोरेशन (आईएफसी) 6020 करोड़ के मूल्याकंन पर 600 करोड़ रुपये का निवेश करेगा और 300 करोड़ रुपये की पहली किश्त कंपनी को मिल गयी है। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि आईएफसी से उसे निवेश की पहली किश्त प्राप्त हुई है। महिंद्रा के साथ एसेट ट्रांसफर करार और बिजनेस हस्तांतरण करार के बाद इस कंपनी ने सितंबर 2023 में वाणिज्यिक परिचालन शुरू किया। एग्रीमेंट के समापन के अनुसार सितंबर 2023 में वाणिज्यिक परिचालन शुरू किया था। एमएलएमएमएल ने नियामक और प्रक्रियात्मक आवश्यकताओं को पूरा कर लिया है और आईएफसी से 300 करोड़ रुपये की पहली किश्त प्राप्त कर ली है। आईएफसी के साथ यह साझेदारी उन साझा मूल्यों और महत्वाकांक्षाओं को दर्शाती है जो दोनों संस्थाओं ने टिकाऊ, समावेशी और स्वच्छ गतिशीलता समाधानों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता में प्रदर्शित की हैं। एमएलएमएमएल लास्ट माइल कनेक्टिविटी और कार्गो परिवहन समाधानों को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करेगा।

### इज़रायल में संघर्ष के बीच हाइफ़ा बंदरगाह चालू रखने की अडानी समूह की योजना

नयी दिल्ली। अरबपति गौतम अडानी के नेतृत्व वाली अडानी पोर्ट्स एंड एसईजेड लिमिटेड (एपीएसईज़ेड) ने सोमवार को कहा कि उसने इज़रायल में हाइफ़ा बंदरगाह के काम को जारी रखने और वहां काम करने वालों की सुरक्षा के पूरे उपाय किए हैं। कंपनी की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि यह बंदरगाह इज़राय के उत्तरी भाग में स्थित है जबकि इस समय संघर्ष दक्षिण इज़रायल में केंद्रित है। ऐसी चिंताओं के बीच कि इज़रायल में पश्चिमी तट क्षेत्र से हमास के आक्रमण से हाइफ़ा बंदरगाह पर माल परिवहन में व्यवधान का सामना करना पड़ सकता है। एपीएसईज़ेड ने एक बयान में कहा,हमने अपने कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उपाय किए हैं और वे सभी सुरक्षित हैं। हम पूरी तरह से सजग हैं और परिचालन निरंतर जारी रखने की हमारी योजना तैयार हैं जिससे हम किसी भी स्थिति का प्रभावी ढंग से सामना कर सकेंगे। एपीएसईज़ेड की कुल माल ढुलाई में हाइफ़ा बंदरगाह का कुल योगदान अभी छोटा है और केवल तीन प्रतिशत तक है। कंपनी ने चालू वित्तीय वर्ष अप्रैल-मार्च 2023-24 में इस बंदरगाह से 1-1.2 करोड़ टन माल ढुलाई की संभावना जतायी है जबकि कंपनी का इस वित्त वर्ष में कुल माल ढुलाई कारोबार 37-39 करोड़ टन पहुंचाने का लक्ष्य है। इस वित्त वर्ष के हपली छमाही में ( अप्रैल-सितंबर, 23)में कंपनी ने 20.3 करोड़ टन माल की ढुलाई की है।इस दौरान हाइफा बंदरगाह से 60 लाख टन माल की आवाजाही हुई।

### पीईसी के पूर्व चेयरमैन के खिलाफ नया मामला दर्ज, 194 करोड़ रुपये की गड़बड़ी का है आरोप

नई दिल्ली। सीबीआई ने पीईसी के पूर्व चेयरमैन और प्रबंध निदेशक अरुण कुमार मीरचंदानी और अन्य पूर्व अधिकारियों के खिलाफ सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी को कथित तौर पर 194.61 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाने के लिए नया मामला दर्ज किया है। सीबीआई ने मीरचंदानी और वाणिज्य मंत्रालय के तहत आने वाले सरकारी उपक्रम पीईसी के पूर्व अधिकारियों के खिलाफ कई मामले दर्ज किए हैं, यह उपक्रम वस्तुओं के आयात और निर्यात की सुविधा प्रदान करता है और आयातकों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। वर्तमान मामले में, यह आरोप लगाया गया है कि मुरैना स्थित केएस ऑयल्स ने विदेशी साख पत्र (एफएलसी) प्रक्रिया के तहत कच्चे खाद्य तेल के आयात के लिए पीईसी लिमिटेड से वित्तीय सहायता प्राप्त की। केएस ऑयल ने 2012-13 में स्थापित सात साख पत्रों के माध्यम से वित्तपोषण सहायता प्राप्त की थी, जिसके लिए उसने प्रतिभूति के रूप में पोस्ट-डेटेड चेक (पीडीसी) प्रस्तुत किए थे। लेटर ऑफ क्रेडिट (एलसी) एक गारंटी है जो एक बैंक अपने ग्राहक की ओर से भुगतान प्रतिबद्धता का सम्मान करने के लिए देता है। पीईसी ने संबंधित विदेशी बैंकों से खरीदार का क्रेडिट लिया था।

### भारत को बैंक खातों के विवरण की पांचवीं किस्त मिली, स्विटजरजैंड ने बयान जारी कर दी ये जानकारी

नई दिल्ली। भारत को वार्षिक ऑटोमैटिक सूचना आदान-प्रदान के तहत अपने नागरिकों और संगठनों के स्विस बैंक खातों के ब्योरे का नया सेट मिल गया है। स्विट्जरलैंड ने 104 देशों के साथ करीब 36 लाख वित्तीय खातों का ब्योरा साझा किया है।स्विट्जरलैंड और भारत के बीच सूचनाओं का यह पांचवां वार्षिक आदान-प्रदान है। अधिकारियों ने कहा कि भारतीय अधिकारियों के साथ साझा किए गए नए विवरण सैकड़ों वित्तीय खातों से संबंधित हैं, जिनमें कुछ व्यक्तियों, कॉर्पोरेट्स और ट्रस्टों से जुड़े हैं। साझा किए गए विवरणों में नाम, पता, निवास स्थान और कर पहचान संख्या सहित खाता नंबर और वित्तीय जानकारी शामिल है। इसके साथ ही वित्तीय रिपोर्टिंग, खाता शेष और पूंजीगत आय से संबंधित जानकारी भी साझा की गई है।अधिकारियों ने कहा कि आदान-प्रदान पिछले महीने हुआ था और स्विट्जरलैंड द्वारा सितंबर 2024 में जानकारी का अगला सेट साझा किया जाएगा। आदान-प्रदान की गई जानकारी कर अधिकारियों को यह सत्यापित करने की अनुमति देती है कि करदाताओं ने अपने कर रिटर्न में सही जानकारी दी है या नहीं। स्विट्जरलैंड की राजधानी बर्न से जारी एक बयान में संघीय कर प्रशासन (एफटीए) ने सोमवार को सूचनाओं के स्वत-आदान-प्रदान (एईओआई) के तहत वैश्विक मानक के दायरे में 104 देशों के साथ वित्तीय खातों की जानकारी का आदान-प्रदान किया है। इस साल कजाखस्तान, मालदीव और ओमान को भी पूर्व की 101 देशों की सूची में शामिल किया गया है।

# ग्रेटर नोएडा में कमर्शियल फुटप्रिंट बढ़ाने पर योगी सरकार का फोकस

- यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) नई स्कीम के जरिए कमर्शियल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए भूमि आवंटन की प्रक्रिया को दे रही मूर्त रूप
- सीएम योगी की मंशा के अनुरूप, ई ऑक्शन के जरिए ग्रेटर नोएडा के सेक्टर 22-ए में 7 केटेगरीज के तहत भूमि आवंटन के लिए मांगे गए हैं आवेदन
- इस स्कीम के लिए आवेदनकर्ता 16 अक्टूबर तक कर सकेंगे अप्लाई, 7 नवंबर को ई-ऑक्शन के जरिए होगा भूमि आवंटन

लखनऊ/ग्रेटर नोएडा। उत्तर प्रदेश की आर्थिक व औद्योगिक तरक्की का मार्ग प्रशस्त कर रही योगी सरकार प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनाने की ओर तेजी से कदम बढ़ा रही है। इस क्रम में प्रदेश के उभरते हुए व्यापारिक व औद्योगिक प्रमुख केंद्रों में शुमार ग्रेटर नोएडा में कमर्शियल गतिविधियों के संचालन व कमर्शियल फुटप्रिंट को बढ़ाने की दिशा में काफी प्रयास किए जा रहे हैं।



सीएम योगी की मंशा के अनुरूप, यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) ने ग्रेटर नोएडा में कमर्शियल फुटप्रिंट बढ़ाने के लिए सेक्टर 22-ए में 7 केटेगरीज के तहत 112 से 140 स्क्वेयर मीटर के प्लॉट्स के लिए ई-ऑक्शन की प्रक्रिया को अंजाम दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि सितंबर मध्य से शुरू हुई इस स्कीम के लिए पात्र आवेदनकर्ता 16 अक्टूबर तक अप्लाई कर सकेंगे। इसके उपरांत, 2 नवंबर को सफल आवेदनकर्ताओं की लिस्टिंग जारी की जाएगी जो कि 7 नवंबर को होने वाली ई-ऑक्शन प्रक्रिया में हिस्सा ले सकेंगे।

उल्लेखनीय है कि इस ई-ऑक्शन में हिस्सा लेकर भूखंड आवंटन की प्रक्रिया का हिस्सा बनने के लिए आवेदनकर्ता को कुछ आहर्ताओं को पूर्ण करना होगा।

इसके लिए मुख्यत: आवेदनकर्ता का न्यूनतम नेटवर्थ 3 से 5 करोड़ रुपए होना चाहिए तथा न्यूनतम सॉल्वेंसी 1.5 से 2.5 करोड़ रुपए के बीच होनी चाहिए।

### 90 साल की लीज पर मिलेगा भूखंड, 5 मंजिला हो सकेगा निर्माण

यीडा की ऑफिशियल वेबसाइट पर स्कीम से संबंधित सभी विवरण व ब्रोशर को अपलोड किया गया है जहां से इच्छुक आवेदनकर्ता जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि परियोजना के जरिए भूमि आवंटन प्रक्रिया का हिस्सा बनने की इच्छा रखने वाले आवेदकों को 10 हजार रुपए व जीएसटी की रकम जमा करके ब्रोशर डाउनलोडिंग का ऑप्शन मिलेगा। इस स्कीम के जरिए भूखंड प्राप्त करने वाले आवेदनकर्ताओं को 90 वर्ष की लीज डीड पर भूमि आवंटित की जाएगी जिस पर वह ग्राउंड फ्लोर समेत कुल 5 फ्लोर ऊंचा व 100 प्रतिशत परमिसिबल लैंड कवरेज वाले कमर्शियल स्ट्रक्चर का निर्माण कर सकते हैं।

इस योजना के तहत लाभ लेने के लिए आवेदनकर्ताओं को 25 से 30 हजार रुपए व 18 प्रतिशत जीएसटी बतौर प्रोसेसिंग फीस भुगतान करना होगा। इसके अतिरिक्त, अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट के तौर पर 112 स्क्वायर मीटर के भूखंड के लिए 29 लाख, 124 स्क्वायर मीटर के भूखंड के लिए 32 लाख व 140 स्क्वायर मीटर के भूखंड के लिए 36 लाख रुपए जमा करने होंगे।

#### वर्ल्ड क्लास फैसिलिटीज के कारण बढ़ेगा कमर्शियल फुटप्रिंट

उल्लेखनीय है कि जेवर एयरपोर्ट, इंटरनेशनल फिल्म सिटी, यमुना एक्सप्रेसवे व बुद्ध सर्किट से निकटता के कारण इस योजना के जरिए प्राप्त होने वाले भूखंड कमर्शियल फुटप्रिंट एक्सपैंशन के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस क्षेत्र में बेहतर कनेक्टिविटी और पॉड ट्रांजिट सिस्टम के रूप में भारत में अपनी तरह की पहली विश्व स्तरीय परियोजना समेत तमाम सुविधाओं का लाभ इस योजना के अंतर्गत प्लॉट लेकर कमर्शियल यूनिट लगाने वालों को मिलेगा। यही कारण है कि भविष्य में इस क्षेत्र में कमर्शियल ऑपरेशंस के लिहाज से अपार संभावनाएं उत्पन्न होंगी और इन्हीं अपार संभावनाओं को समुचित दिशा देने के लिहाज से यीडा की मौजूदा स्कीम निर्णायक भूमिका निभाएगी।

# कारोबार में प्रदूषण पर रोक के लिए भारत-स्वीडन सहयोग बढ़ाया जाए : जितेंद्र

नयी दिल्ली। केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कारोबारी गतिविधियों में प्रदूषणकारी प्रभाव को शुद्ध रूप से शून्य के स्तर पर लाने का लक्ष्य हासिल करने के मार्ग में भारत-स्वीडन सहयोग को और मजबूत करने का सोमवार को आह्वान किया।



डा. सिंह ने कहा कि इस मामले में वैश्विक चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए तात्कालिक लक्ष्यों को तय करने में दृढ़ता बरतने की आवश्यकता है। वह राजधानी में 10वें 'भारत-स्वीडन नवाचार दिवस' सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।इस बैठक में भाग लेने के लिए स्वीडन अवसंरचना विकास मंत्री एंड्रियास कार्लसन ने भाग लिया।

डॉ सिंह ने कहा कि दोनों पक्षों की कंपनियों को सहयोगात्मक अनुसंधान और मानव संसाधनों के आदान-प्रदान में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

डॉ. सिंह ने बताया कि इस वर्ष स्वीडन की नौ कंपनियों ने हरित प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में निर्यात और निवेश की संभावनाओं को बढ़ाने के उद्देश्य से भारत-स्वीडन नवाचार उत्प्रेरक परियोजना के अंतर्गत भारत का दौरा किया, जिससे इस क्षेत्र में स्वीडन और भारत के बीच मजबूत संबंधों को बढ़ावा मिला।

दोनों देश इस वर्ष अपने राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ और स्थायी भविष्य के लिए नवाचार साझेदारी पर स्वीडन-भारत संयुक्त घोषणा की पांचवीं वर्षगांठ मना रहे हैं।

डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा,''यह अत्यन्त महत्वपूर्ण कार्यक्रम विशेषज्ञता के हमारे संबंधित क्षेत्रों का उपयोग करने और पर्यावरण की दृष्टि से स्वस्थ विकास को आगे बढ़ाने पर केंद्रित है, जिसका उद्देश्य नेट-जीरो भविष्य को साकार करना है।'' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और स्वीडन की प्रधानमंत्री मैग्डेलेना एंडरसन ने ध्रुवीय और अंतरिक्ष अनुसंधान सहित अनेक क्षेत्रों में सहयोगात्मक अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए अपना समर्पण दोहराया था।

इस क्षेत्र में दोनों देशों की साझेदारी के अंतर्गत स्मार्ट शहर, परिवहन और ई-मोबिलिटी, ऊर्जा, स्वच्छ प्रौद्योगिकियां, नई सामग्री, अंतरिक्ष, परिपत्र और जैव-आधारित अर्थव्यवस्था और स्वास्थ्य और जीवन विज्ञान सहित कई क्षेत्र शामिल किए गए हैं। भारत-स्वीडन नवाचार साझेदारी संयुक्त राष्ट्र स्वस्थ वृद्धि के लक्ष्यों के अनुरूप वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने के लिए संस्थानों, अनुसंधान एवं विकास गहन उद्योगों और रचनात्मक उद्यमियों को जोड़ती है। भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग ने स्वीडिश सरकारी एजेंसी फॉर इनोवेशन सिस्टम्स (विनोवा) के सहयोग से भारत-स्वीडन सहयोगात्मक औद्योगिक अनुसंधान और विकास कॉल की घोषणा की है।

बैठक में नयी दिल्ली में स्वीडन के राजदूत जान थेस्लेफ; स्वीडन में भारत के राजदूत तन्मय लाल; स्वीडन-भारत बिजनेस काउंसिल के अध्यक्ष रॉबिन सुखिया और इंडिया अनलिमिटेड के सीईओ संजू मल्होत्रा भी मौजूद थे।

### वित्त मंत्री आईएमएफ-विश्व बैंक की वार्षिक बैठक में भाग लेने के लिए मोरक्को जायेंगी



नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक की वार्षिक बैठक में भाग लेने के लिए कल मोरक्को की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगी। इस दौरान श्रीमती सीतारमण विश्व बैंक समूह (डब्ल्यूबीजी) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की वार्षिक बैठकों के साथ-साथ जी20 बैठकों, इंडोनेशिया, मोरक्को, ब्राजील, स्विट्जरलैंड, जर्मनी और फ्रांस के साथ निवेशक/द्विपक्षीय बैठकों के अतिरिक्त अन्य संबंधित बैठकों में भी भाग लेंगी। 11 से15 अक्टूबर तक मोरक्को के माराकेच में यह बैठक हो रही है। इन बैठकों में दुनिया भर के वित्त मंत्री और केंद्रीय बैंकर भाग लेंगे। वार्षिक बैठकें जो आम तौर पर अक्टूबर में होती हैं, परंपरागत रूप से लगातार दो वर्षों तक वाशिंगटन में और तीसरे वर्ष किसी अन्य सदस्य देश में आयोजित की जाती हैं। वार्षिक बैठकों के लिए भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व वित्त मंत्री करेंगे और इसमें वित्त मंत्रालय तथा भारतीय रिजर्व बैंक के अधिकारी शामिल होंगे। सीतारमण और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास चौथी जी20 वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक गवर्नर्स (एफएमसीबीजी) बैठक की सह-अध्यक्षता करेंगे। जी 20 एफएमसीबीजी बैठक में वैश्विक मुद्दों पर केंद्रित बहुपक्षीय चर्चाओं में जी 20 देशों, आमंत्रित देशों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के 65 प्रतिनिधिमंडलों की भागीदारी होगी। चौथी जी20 एफएमसीबीजी बैठक में दो सत्र होंगे जिनमें 21वीं सदी की साझा चुनौतियों से निपटने के लिए बहुपक्षीय विकास बैंकों (एमडीबी) को मजबूत करना और वैश्विक अर्थव्यवस्था और क्रिप्टो संपत्ति एजेंडा शामिल है। बैठक के दौरान, स्वतंत्र विशेषज्ञ समूह द्वारा एमडीबी को मजबूत करने पर रिपोर्ट का खंड 2 भी जारी किया जाएगा।

## शेयर बाजार में गिरावट

मुंबई। वैश्विक स्तर से मिल कमजोर संकेतों के साथ ही घरेलू स्तर पर लगभग हर क्षेत्र में हुयी बिकवाली के कारण आज शेयर बाजार में गिरावट रही। बीएसई का सेंसेक्स और एनएसई का निफ्टी गिरावट लेकर बंद हुआ। हमास के आतंकियों और इजरायल के बीच जारी तनाव के कारण वैश्विक स्तर पर बन रही भू राजनैतिक स्थिति से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शेयर बाजार में रही गिरावट के दबाव में बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 483.24 अंक टूटकर 65512.39 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 141.15 अंक उतरकर 19512.35 अंक पर रहा। दिग्गज कंपनियों की तरह छोटी और मझौली कंपनियों में भी तेजी बिकवाली देखी गयी जिससे बीएसई का मिडकैप 1.22 प्रतिशत गिरकर 31686.69 अंक पर और स्मॉलकैप 1.72 प्रतिशत फिसलकर 37209.94 अंक पर रहा। बीएसई में सभी समूह गिरावट में रहे जिसमें सर्विसेस में सबसे अधिक 2.73 प्रतिशत की और आईटी में सबसे कम 0.18 प्रतिशत की गिरावट देखी गयी। इस दौरान बीएसई में कुल 3929 कंपनियों में कारोबार हुआ जिसमें से 2804 को नुकसान उठाना पड़ा जबकि 993 हरे निशान में रही। 132 कंपनियों में कोई बदलाव नहीं हुआ। वैश्विक स्तर पर मिश्रित रूख देखा गया। ब्रिटेन का एफटीएसई 0.30 प्रतिशत और हांगकांग का हैंगसेंग 0.18 प्रतिशत की बढ़त में रहा जबकि जर्मनी का डैक्स 0.54 प्रतिशत , चीन का शंघाई कंपोजिट 0.44 प्रतिशत और जापान का निक्केई 0.26 प्रतिशत की गिरावट में रहा। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 435 अंकों की गिरावट लेकर 65560.07 अंक पर खुला। शुरूआती कारोबार में ही यह 65789.98 अंक के उच्चतम स्तर तक चढ़ा लेकिन इसी दौरान बिकवाली शुरू होने से यह सत्र के दौरान 65434.61 अंक के निचले स्तर तक उतरा।

## भारतीय अंतरिक्ष संघ और फ्रेंच एयरोस्पेस उद्योग संघ के बीच करार

नयी दिल्ली । अंतरिक्ष उद्योग क्षमताओं की समझ को बढ़ाने और फ्रांस तथा भारत के बीच व्यापार के अवसरों को तलाशने के उद्देश्य से भारतीय अंतरिक्ष संघ (आईएसपीए) और फ्रेंच एयरोस्पेस उद्योग संघ ( जीआईएफएएस) के बीच आज यहां एक करार किया गया।

भारतीय अंतरिक्ष संघ द्वारा आयोजित वार्षिक भारतीय अंतरिक्ष सम्मेलन के दूसरे संस्करण के शुभारंभ के मौके पर यह करार किया गया। पहला दिन अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत-फ्रांस सहयोग को समर्पित रहा। इस कार्यक्रम में फ्रांसीसी और भारतीय अंतरिक्ष उद्योग के प्रतिनिधियों, स्टार्टअप और सरकारी अधिकारियों ने भाग लिया। आईएसपीए और जीआईएफएएस के बीच हुआ यह सहयोग सतत विकास को बढ़ावा देने, नवाचार को बढ़ावा देने और फ्रांस और भारत के अंतरिक्ष उद्योगों में नई प्रौद्योगिकियों को अपनाने की वकालत करने में मदद करेगा। समझौता ज्ञापन अंतरिक्ष क्षेत्र में पहले से ही फल-फूल रहे भारत-फ्रांस संबंधों के विस्तार के रूप में कार्य करेगा और सदस्यों के लिए अधिक अंतरराष्ट्रीय संबंधों के लाभ के माध्यम से संगठनों के व्यक्तिगत और सामूहिक सदस्यता आधार को बढ़ाएगा। जैसे-जैसे दुनिया भर में छात्रों के बीच अंतरिक्ष क्षेत्र के प्रति रुचि बढ़ती है, साझेदारी दोनों संगठनों के बीच शैक्षणिक और शैक्षणिक कार्यक्रम के आदान-प्रदान को सुविधाजनक बनाने में भी मदद करेगी जिसमें सभी स्तरों पर प्रशिक्षण शामिल है।

इस सम्मेलन में अंतरिक्ष स्टार्टअप और शैक्षणिक संस्थानों के 24 प्रदर्शकों द्वारा अपने उत्पादों और पेशकशों को प्रदर्शित करने वाली 3 दिवसीय प्रदर्शनी आयोजित की गयी है। प्रदर्शनी का उद्घाटन भारत में फ्रांस के नामित राजदूत थिएरी माथौ और पूर्व रक्षा सचिव एवं छत्तीसगढ़ के राज्यपाल शेखर दत्त ने किया।

भारतीय अंतरिक्ष संघ के महानिदेशक सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल ए के भट्ट ने कहा, अंतरिक्ष में एक नए युग की शुरुआत हो रही है, जहां भारतीय निजी अंतरिक्ष उद्योग में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की क्षमता होगी। अंतरिक्ष क्षेत्र के हर पहलू में सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों के बीच यह सहयोग हमें नई ऊंचाइयों पर ले जाने, नवाचार को बढ़ावा देने और पहले जैसी प्रगति लाने का वादा करता है।

इसमें मुझे फ्रांस के साथ हमारे गठबंधन के महत्व को स्वीकार करना चाहिए, जो हमारे अंतरिक्ष अन्वेषण प्रयासों में एक महत्वपूर्ण भागीदार है। जीआईएफएएस के साथ आज का समझौता दोनों देशों के बीच उद्योग सहयोग को मजबूत करने की हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। साथ मिलकर हम अंतरिक्ष अन्वेषण की सीमाओं को आगे बढ़ाना जारी रखेंगे और असीमित संभावनाओं को अनलॉक करेंगे।

यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के अंतरिक्ष यात्री थॉमस पेस्केट ने कहा, भारत अपने गगनयान मिशन के माध्यम से मानव को अंतरिक्ष में भेजने की उपलब्धि हासिल करने के करीब है। फ्रांसीसी और भारतीय नेतृत्व के बीच यह करार अंतरिक्ष अन्वेषण के गहन महत्व को रेखांकित करता है। अंतरिक्ष एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। अंतरिक्ष विभाग के सचिव और इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने अपने वीडियो संबोधन में कहा, अंतरिक्ष क्षेत्र के हर पहलू में निजी उद्योगों का एकीकरण एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो नई सीमाएं खोलता है और नवाचार को बढ़ावा देता है। मैं एक ऐसे पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के लिए आईएसपीए की सराहना करता हूं जो अंतरिक्ष स्टार्टअप को बढ़ावा देता है, जिससे हमारे अंतरिक्ष उद्योग का विकास होता है। सार्वजनिक और निजी दोनों हितधारकों की सक्रिय भागीदारी वाला यह सम्मेलन विचार नेतृत्व के लिए एक निर्णायक साबित होगा।

# फाइनेंशियल टाइम्स दुष्प्रचार की बेशर्मी पर उतरा : अडानी समूह

अहमदाबाद। अडानी समूह ने सोमवार को कहा कि ब्रिटेन का अखबार फाइनेंशियल टाइम्स और उसके लिए काम करने वाले वैश्विक स्तर पर समूह की प्रतिष्ठा मलिन करने का एक नया प्रयास करने में लगा है और इसके लिए अपनी एक प्रस्तावित रिपोर्ट में पुराने तथा निराधार आरोपों को दोहराने की बेशर्मी पर उतर रहा है। अडानी समूह ने कहा है कि कोयला आयात का मूल्य ऊंचा दिखाने के मामले में समूह के खिलाफ अखबार की एक प्रस्तावित रिपोर्ट में पुराने और निराधार आरोपों को नए और आधे-अधूरे भ्रामक रूप में परोसने की चतुराई करने की कोशिश की जा रही है।




समूह ने एक विज्ञप्ति में कहा कि अखबार का यह प्रयास जनहित की आड़ में निहित स्वार्थों को आगे बढ़ाने के उनके बड़े अभियान का हिस्सा है। समूह ने यहां जारी विज्ञपति में कहा कि अब फाइनेंशियल टाइम्स में लिखने वाला डैन मैक्रम को आगे किया गया है। इसी व्यक्ति ने संगठित अपराध और भ्रष्टाचार पर रिपोर्ट की परियोजना (ओसीसीआरपी) के साथ मिलकर 31 अगस्त 2023 को अडानी समूह के खिलाफ एक झूठी कहानी पेश की थी।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि ओसीसीआरपी को अमेरिकी उद्यमी जॉर्ज सोरोस से धन मिलता है जो अडानी समूह के खिलाफ अपनी शत्रुता का भाव पहले प्रकट कर चुका है।

आडानी समूह की विज्ञप्ति में कहा गया है कि फाइनेंशियल टाइम्स पहली इस तरह के अपने प्रयास में पहले विफल हो चुका है। वह एक बार फिर कोयले के आयात का मूल्य ऊंचा दिखाने के पुराने और निराधार आरोप को उछाल कर समूह को वित्तीय रूप से अस्थिर करने का नया प्रयास कर रहा है।

बयान में कहा गया है कि एफटी की ताजा रिपोर्ट में राजस्व खुफिया विभाग (डीआरआई) के 30 मार्च 2016 के जिस सर्कुलर को आधार बनाया गया है वह इस अखबार के बेशर्म एजेंडा को उजागर करता है। समूह का कहना है कि उस सर्कुलर में भारत के वित्त मंत्रालय की इस एजेंसी ने कोयला आयात करने वाली भारत की बड़ी बड़ी 40 कंपनियों का उल्लेख है पर अखबार की रिपोर्ट में केवल अडानी समूह की कंपनी का नाम लिया गया है। विज्ञप्ति के अनुसार इस सूची में न केवल भारत के कुछ प्रमुख निजी बिजली उत्पादक रिलायंस इंफ्रा, जेएसडब्ल्यू स्टील्स और एस्सार शामिल हैं, बल्कि कर्नाटक, गुजरात, हरियाणा, तमिलनाडु आदि की राज्य बिजली उत्पादक कंपनियां और एनटीपीसी और एमएसटीसी भी शामिल हैं।

अडानी समूह ने उल्लेख किया है कि इन 40 आयातकों में से एक, नॉलेज इंफ्रास्ट्रक्चर के मामले में डीआरआई के कारण बताओ नोटिस को अपीलीय न्यायाधिकरण (सेसटैट) द्वारा रद्द कर दिया गया था। यही नहीं डीआरआई की अपील को उच्चतम न्यायालय ने वापस ली गयी अपील के रूप में 24 जनवरी 2023 को खारिज कर दिया था और कहा था हम व्यर्थ की मुकदमेबाजी में न पड़ने के सरकार के रुख की सराहना करते हैं। समूह ने कहा कि अखबार की प्रस्तावित कहानी में इस तथ्य को भी नजरअंदाज करता है कि भारत में दीर्घकालिक आपूर्ति के आधार पर कोयले की खरीद एक खुली, पारदर्शी, वैश्विक बोली प्रक्रिया के माध्यम से की जाती है जिससे मूल्य में हेरफेर की कोई भी संभावना समाप्त हो जाती है। इसी तरह केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग (सीईआरसी) द्वारा बिजली दर का निर्धारण एक खुली, पारदर्शी, स्वतंत्र प्रक्रिया के तहत होता है।

समूह ने कहा, यह केवल संयोग नहीं है कि ऐसी रिपोर्टें भारत की अदालतों में महत्वपूर्ण मामलों की सुनवाई की तारीखों से ठीक पहले सामने प्रकट होने की अद्भुत क्षमता रखती है। अडानी समूह ने ऐसे सभी आरोपों को झूठी और निराधार बताते हुए खारिज किया है।

# इज़रायल-हमास युद्ध के मद्देनजर तेल बाजार की हलचलों पर भारत की नजर : पुरी

नयी दिल्ली। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को कहा कि केन्द्र सरकार इज़रायल-हमास युद्ध से खनिज तेल की कीमतों पर इसके प्रभाव पर करीब से नजर रख रहा है। राजधानी में ऊर्जा प्रौद्योगिकी पर एक सम्मेलन के दौरान मीडिया से अलग से बात करते हुए श्री पुरी ने कहा कि ऐसी स्थितियां लोगों को ऊर्जा के स्वच्छ और टिकाऊ स्त्रोतों की ओर जाने के लिए प्रोत्साहित करती हैं। उन्होंने कहा, ...जहां तक ऊर्जा (खनिज तेल) का सवाल है, यह बिल्कुल स्पष्ट होना चाहिए कि जिस स्थान (इज़रायल-फिलिस्तीन) पर लड़ाई चल रही है वह कई मायनों में वैश्विक ऊर्जा उद्योग का केंद्र है।



इसलिए, हम बहुत ध्यान से स्थिति पर निगाह रखेंगे और मुझे लगता है कि अह स्थितियों के बीच अपना रास्ता निकाल लेंगे।

उन्होंने कहा, इस प्रकार की अनिश्चितताएं केवल लोगों को स्वस्थ, स्वच्छ ईंधन की ओर बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करती हैं और मैं इस संदर्भ में उदाहरण के तौर पर ग्लोबल बायोफ्यूल एलायंस (वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन का हवाला देता हूं। इस एलायंस की घोषणा हाल में दिल्ली जी20 शिखर सम्मेलन में की गयी थी। पुरी ने विश्वास जताया कि भारत मौजूदा स्थिति को जिम्मेदारी के साथ संभाल लेगा।

उल्लेखनीय है कि इज़रायल के दक्षिण इलाके में हमास के हमलों के बाद हमलावर आतंकवादियों के साथ इज़रायली सेना का संघर्ष छिड़ गया है और इससे वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उछाल दर्ज किया गया है। कई विशेषज्ञ मानते हैं कि इस संघर्ष से ऊर्जा (तेल) की कीमतों में बढ़ोतरी होगी जिससे महंगाई बढ़ सकती है।

सप्ताहांत इज़रायल में संघर्स छिड़ने के बाद तेजी लौटने के बीच डब्ल्यूटीआई क्रूड वायदा आज लगभग पांच प्रतिशत उछल कर 85 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गया। इस तेजी से पिछले सप्ताह इसमें हुए नुकसान की कुछ भरपायी हो गयी।

वैसे हमास के साथ संघर्ष अभी इज़राइल और गाजा के कुछ हिस्सों तक ही सीमित है पर इसमें यदि पश्चिमी एशिया में इसको लेकर तनाव फैला तो बाजार पर बड़ा अवसर पड़ सकता है।

## शार्ट न्यूज

### मप्र,दादरा नगर हवेली, दमन दीव और छत्तीसगढ़ ने जीते मुकाबले

छत्तीसगढ़। छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव में पहली हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष और महिला वेस्ट जोन चैंपियनशिप 2023 के शुरुआती दिन, महाराष्ट्र,राजस्थान और मध्य प्रदेश ने सब जूनियर महिला वर्ग में अपने-अपने मैचों में जीत दर्ज की जबकि मध्य प्रदेश, दादरा और नगर हवेली,दमन और दीव हॉकी और छत्तीसगढ़ ने सब जूनियर पुरुष वर्ग के मैच जीते। टूर्नामेंट के पहले मैच में सब जूनियर महिला वर्ग में हॉकी महाराष्ट्र ने गोआंस हॉकी को 3-0 से हराया। दूसरे मैच में हॉकी राजस्थान ने दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव हॉकी को 6-0 से हराया। तीसरा मैच सब जूनियर महिला वर्ग में हॉकी मध्य प्रदेश ने छत्तीसगढ़ हॉकी को 11-2 से हराया। दिन के चौथे मैच में सब जूनियर पुरुष वर्ग में हॉकी मध्य प्रदेश ने हॉकी राजस्थान को 10-1 से हराया। पांचवें मैच में सब जूनियर पुरुष वर्ग में दादरा एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव हॉकी ने हॉकी गुजरात को 11-0 से हराया। दिन के आखिरी मैच में सब जूनियर पुरुष वर्ग में छत्तीसगढ़ हॉकी ने गोवांस हॉकी को 10-0 से हराया।

### यूसीए मामले में सभी पक्षकारों को जवाब पेश करने को मिली एक और मोहलत

नैनीताल। उत्तराखंड उच्च न्यायालय ने क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड में व्याप्त अनियमितताओं को लेकर दायर जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए सोमवार को सभी प्रतिवादियों और पक्षकारों को एक और मोहलत देते हुए नौ नवंबर तक जवाब पेश करने को कहा है। देहरादून निवासी विकेश सिंह नेगी की ओर दायर जनहित याचिका पर मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की युगलपीठ में सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि आरोपियों के खिलाफ निचली अदालत में आरोप पत्र भी दाखिल कर लिए गये हैं। इसके बावजूद कार्यवाही नहीं की जा रही है। न ही आरोपियों की ओर से उच्च न्यायालय में जवाब पेश किया जा रहा है। अंत में अदालत ने प्रतिवादियों को और मोहलत देते हुए नौ नवम्बर तक जवाब पेश करने को कहा है। याचिकाकर्ता ने इसी साल एक जनहित याचिका दायर कर कहा कि 2019 के बाद किक्रेट एसोसिएशन आफ उत्तराखण्ड में भ्रष्टाचार व्याप्त है। खिलाड़ियों के चयन के लिए धन वसूला जाता है। बिलों में हेराफेरी की जाती है। खिलाड़ियों का मानसिक उत्पीड़न किया जाता है जिसकी वजह से खिलाड़ी अन्य राज्यों की ओर से खेलने को मजबूर हैं। बोर्ड पदाधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार एवं यौन शोषण के आरोप में विभिन्न अभियोग पंजीकृत हैं। याचिकाकर्ता की ओर से मांग की गयी कि इस मामले की जांच उच्च न्यायालय के सेवानिवृत न्यायाधीश की निगरानी में करायी जाए और घोटाले में लिप्त पदाधिकारियों के चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध लगाने के साथ ही कड़ी कार्यवाही की जाए। साथ ही बोर्ड को भंग कर प्रशासक नियुक्त किया जाय।

### स्वर्ण पदक की हैट्रिक लगाने वाली ज्योति ने जीत का श्रेय दिया टीम को

नई दिल्ली। एशियाई खेलों में तीरंदाजी स्पर्धाओं में तीन स्वर्ण पदक जीतने वाली ज्योति सुरेखा वेन्नम ने इसका श्रेय कोच और टीम के अन्य साथियों को दिया है। ड्रीम स्पोर्ट्स फाउंडेशन की एथलीट ज्योति सुरेखा वेन्नम (तीरंदाजी) ने 19वें एशियाई खेलों में कंपाउंड तीरंदाजी स्पर्धाओं में तीन स्वर्ण पदक जीते। यह संस्करण भारतीय तीरंदाजी दल के लिए खास बन गया क्योंकि उन्होंने रिकर्व और कंपाउंड समेत 10 में से 7 स्पर्धाओं में पोडियम फिनिश हासिल की। ज्योति ने अपने असाधारण प्रदर्शन से देश को गौरवान्वित करते हुए महिला व्यक्तिगत, महिला टीम और मिश्रित टीम स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीते। अपनी विजयी उपलब्धि के बारे में बात करते हुए उन्होने कहा ये जीतें न केवल मेरी, बल्कि मेरे कोचों, मेरी टीम के साथियों और उन सभी की कड़ी मेहनत और समर्पण का प्रमाण हैं जिन्होंने मुझ पर विश्वास किया और मेरा समर्थन किया। उन्होने कहा मुझे इन तीन स्वर्ण पदकों को घर वापस लाने पर गर्व है और मुझे आशा है कि मैं उन युवा बच्चों को प्रेरित कर सकूंगी जो तीरंदाजी को करियर खेल के रूप में अपनाना चाहते हैं। एशियाई खेल 2022 के लिए 16 सदस्यीय भारतीय तीरंदाजी दल ने भारत के लिए पांच स्वर्ण पदक और दो-दो रजत और कांस्य पदक समेत नौ पदक जीते। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय तीरंदाजों की उपलब्धि की सराहना करते हुये एक्स पर पोस्ट किया था भारत के लिए एक और गर्व का क्षण।

### दक्षिण अफ्रीका और आस्ट्रेलिया की टीमें लखनऊ में,12 को मुकाबला

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ का इकाना स्टेडियम विश्वकप के पांच मैचों की मेजबानी की लिये सज धज कर तैयार है। यहां दक्षिण अफ्रीका और आस्ट्रेलिया के बीच पहला मुकाबला 12 अक्टूबर को खेला जायेगा जिसके लिये दोनो टीमो का आगमन नवाब नगरी में हो चुका है। दक्षिण अफ्रीका की टीम रविवार को यहां पहुंच गयी थी और आज शाम से उसका अभ्यास सत्र शुरू हो जायेगा जबकि आस्ट्रेलिया की टीम आज शाम यहां पहुंची जो मंगलवार से अभ्यास सत्र में हिस्सा लेगी। दोनो टीमो को अलग अलग होटल में ठहराया गया है। पहली बार एक दिवसीय विश्व कप की मेजबानी कर रहे लखनऊ में क्रिकेट के महाकुंभ को लेकर गजब का उत्साह है। दक्षिण अफ्रीका शाम छह बजे से नौ बजे तक अभ्यास करेगी जबकि आस्ट्रेलिया के लिये यह समय दोपहर दो से पांच बजे के बीच निर्धारित किया गया है। लखनऊ के इकाना स्टेडियम पर 29 अक्टूबर को भारत और इंग्लैंड के बीच होने वाले मैच की अधिकांश टिकटें आन लाइन बिक चुकी हैं। हालांकि टिकटों की कुल बिक्री के बारे में उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ के पदाधिकारियों को सही जानकारी नहीं है। दक्षिण अफ्रीका आस्ट्रेलिया मैच के बाद इसी मैदान पर 16 अक्टूबर को आस्ट्रेलिया और श्रीलंका के बीच मुकाबला होगा जिसके बाद श्रीलंका नीदरलैंड से 21 अक्टूबर को दिन में भिड़ेगी। अगले पांच मुकाबलों के दौरान अदब की नगरी में क्रिकेट का बुखार चरम पर रहने की उम्मीद है।

### कोहली को ड्रेसिंग रूम में 'बेस्ट फील्डर ऑफ द मैच' से नवाजा गया

नयी दिल्ली। भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया मुकाबले में सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षण करने वाले विराट कोहली को भारत के ड्रेसिंग रूम में 'बेस्ट फील्डर ऑफ द मैच' के पुरस्कार से नवाजा गया। रविवार को खेले गये इस मुकाबले में कोहली ने ना केवल बल्लेबाजी बल्कि सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षण करते हुए ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज मिचेल मार्श का शानदार कैच पकड़ा जो पूरे मैच में सबसे अधिक चर्चा में रहा। कोहली को इस शानदार कैच के लिए ड्रेसिंग रूम में सम्मानित किया गया। बीसीसीआई ने इससे संबंधित एक वीडियो रिलीज किया है, जिसमें विराट कोहली को ड्रेसिंग रूम में 'बेस्ट फील्डर ऑफ द मैच' के पुरस्कार से सम्मानित करते हुए दिखा गया है। भारतीय टीम के क्षेत्ररक्षक कोच टी दिलीप ने विराट कोहली को गोल्ड मेडल पहनाकर सम्मानित किया। उसके बाद विराट ने राफेल नडाल के अंदाज में इस समारोह को मनाया। इस दौरान ड्रेसिंग रूम में टीम के मौजूद सभी खिलाड़ियों ने विराट के लिए तालियां बजाईं। इससे पहले राहुल द्रविड़ ने कहा कि ड्रेसिंग रूम में आज से एक छोटा सा बदलाव हो रहा है। आज फील्डिंग मेडल दिया जाएगा। इसके बाद फील्डिंग कोच टी दिलीप ने कहा कि यह मेडल सिर्फ उस खिलाड़ी को नहीं मिलेगा जो अपना काम करेगा बल्कि उसे दिया जाएगा जो और खिलाड़ियों को प्रेरित करेगा। टी दिलीप ने इस दौरान कल खेले गये मुकाबले में अय्यर द्वारा पैट कमिंस और एडम जम्पा के दो बेहतरीन कैचों का भी जिक्र किया। उल्लेखनीय है कि विराट कोहली ने कल के मैच में बल्लेबाजी करते हुए 85 रन की बेहतरीन पारी खेली। कोहली ने केएल राहुल (97) के साथ मिलकर 165 रन की साझेदारी की थी जिसकी बदौलत भारत ने यह मुकाबला छह विकेट से जीत लिया था।

# स्टार्क, वार्नर और कोहली ने तोड़े कई रिकॉर्ड

चेन्नई, 9 अक्टूबर (वार्ता) मिशेल स्टार्क ने गेंदबाजी में क्रिकेट विश्व कप का रिकॉर्ड तोड़ दिया है, जबकि डेविड वार्नर और विराट कोहली भी ऑस्ट्रेलिया और भारत के मुकाबले में महत्वपूर्ण उपलब्धि तक पहुंचे।




भारत के खिलाफ रविवार को खेले गये मैच में बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप में सबसे तेज 50 विकेट तक पहुंचने वाले गेंदबाज बन गए। स्टार्क ने भारत के सलामी बल्लेबाज इशान किशन को गोल्डन डक पर आउट करके छह पारियों में विकेट लेने का रिकॉर्ड अपने नाम किया। उन्होनेण, क्रिकेट विश्व कप में 19 पारियों में 50 विकेट हासिल किए और लसिथ मलिंगा के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया।

आईसीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि श्रीलंका के तेज गेंदबाज ने क्रिकेट विश्व कप में 50 विकेट तक पहुंचने के लिए 25 पारियां लीं, जबकि ग्लेन मैकग्राथ और श्रीलंका के स्पिनर मुथैया मुरलीधरन 30 पारियों में यह आंकड़ा छूने वाले दूसरे सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज हैं। 2019 में 10 मैचों में 27 विकेट लेने के बाद स्टार्क ने क्रिकेट विश्व कप के एक संस्करण में सर्वाधिक विकेट लेने का रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया है।

स्टार्क के रिकॉर्ड को खतरे में डालने वाले मौजूदा गेंदबाजों में मोहम्मद शमी सर्वश्रेष्ठ स्थान पर हैं, भारत के तेज गेंदबाज ने 11 क्रिकेट विश्व कप मैचों में 31 विकेट लिए हैं। 33 वर्षीय खिलाड़ी को क्रिकेट विश्व कप 2023 के पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया का सामना करने के लिए भारत की टीम से बाहर रखा गया था, लेकिन टूर्नामेंट के आगे बढ़ने के साथ उन्हें आगे के अवसरों की उम्मीद होगी।

ऑस्ट्रेलिया ने एक और कीर्तिमान हासिल किया जब वार्नर केवल 19 पारियों में क्रिकेट विश्व कप में सबसे तेज़ एक हजार रन तक पहुंचने वाले खिलाड़ी बन गए। बाएं हाथ के बल्लेबाज ने क्रिकेट विश्व कप में एक हजार रन बनाए। उन्होने शुरुआती मैच में 41 रन बनाए, लेकिन भारत से अपनी हार को रोकने में असमर्थ रहे।

वार्नर ने भारत के दिग्गज सचिन तेंदुलकर और दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान डिविलियर्स से ज्यादा तेजी से रन बनाने का रिकॉर्ड बनाया। दोनों ने क्रिकेट विश्व कप में एक हजार रन तक पहुँचने के लिए 20 पारियाँ ली थीं। 1992 से 2011 के बीच छह क्रिकेट विश्व कप में 45 मैचों में 2,278 रन के साथ तेंदुलकर के पास अभी भी शोपीस इवेंट में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड है। 2015 के बाद से तीन क्रिकेट विश्व कप में भाग लेने के बाद वार्नर के पास अब कुल 1,033 रन हैं। भारत 11 अक्टूबर को अफगानिस्तान से खेलेगा तो रोहित शर्मा वार्नर के रिकॉर्ड की बराबरी कर सकते हैं, सलामी बल्लेबाज वर्तमान में क्रिकेट विश्व कप में 18 पारियों में एक हजार रन से 22 रन पीछे हैं। जोश हेज़लवुड की गेंद पर शून्य पर आउट होने के बाद भारत के कप्तान ऑस्ट्रेलिया पर जीत में अपने करियर की संख्या में इजाफा करने में असफल रहे। विराट कोहली (85) ने केएल राहुल (नाबाद 97) के साथ मिलकर भारत को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 200 रनों के मामूली लक्ष्य तक पहुंचाया, क्योंकि सुपरस्टार क्रिकेट विश्व कप में सर्वाधिक रन बनाने के मामले में शीर्ष -10 में पहुंच गए। 34 वर्षीय खिलाड़ी के अब 50 ओवर के टूर्नामेंट में 1,115 रन हैं और वह इस साल के आयोजन में चौथे स्थान पर पहुंच सकते हैं और वेस्टइंडीज के महान ब्रायन लारा से आगे निकलने के लिए 111 रन की जरूरत है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कोहली की पारी में यह भी देखा गया कि चेस मास्टर ने एकदिवसीय मैचों में कुल 5,517 के साथ सफल लक्ष्य में सर्वाधिक रन बनाने के मामले में तेंदुलकर को पीछे छोड़ दिया। ऑस्ट्रेलिया ने शुरुआत में तीन बार शून्य पर आउट होने का दावा किया, जिससे मेजबान टीम 2/3 पर सिमट गई, यह पहली बार है कि भारत ने अपने सभी 1,042 एकदिवसीय मैचों में अपने शीर्ष चार बल्लेबाजों में से कई को बिना स्कोर किए खो दिया है।

इसके बाद कोहली और राहुल ने 165 रन की साझेदारी करके भारत को बचाया जो अब क्रिकेट विश्व कप में चौथे या उससे कम विकेट के लिए भारत की दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी है।

## भारत विश्व कप जीतने के लिये मजबूत स्थिति में : जडेजा

चेन्नई, 09 अक्टूबर (वार्ता) भारत के हरफनमौला खिलाड़ी रवींद्र जडेजा का मानना है कि उनकी टीम तीसरा आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप जीतने की मजबूत स्थिति में है।

रविवार को चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया पर भारत की पहली जीत में जडेजा ने अहम भूमिका निभाई और अपने दस ओवर के स्पेल में स्टीव स्मिथ के अहम विकेट समेत तीन विकेट लिए।

दिनेश कार्तिक और मेजबान ब्रायन मुर्गट्रोयड के साथ आईसीसी रिव्यू पॉडकास्ट के नवीनतम एपिसोड में जडेजा ने कहा, यह बहुत खास है क्योंकि यह भारत में मेरा पहला विश्व कप है। प्रशंसक बहुत उत्साहित हैं क्योंकि हमारी टीम सभी क्षेत्रों में संतुलित है। ऐसा कुछ भी नहीं है कि हम किसी विशेष क्षेत्र में कमज़ोर हैं।

भारत के विश्व कप के उद्घाटन मैच में एमए चिदम्बरम स्टेडियम में 30 हजार से अधिक प्रशंसक उपस्थित थे और उम्मीद है कि जब मेजबान टीम टूर्नामेंट के शेष भाग के लिए देश भर में अपना अभियान जारी रखेगी तो भीड़ और भी बढ़ेगी।

जडेजा ने प्रशंसकों की विशेष तारीफ करते हुये कहा कि भारत यदि विश्व कप जीतता है तो इसमें प्रशंसकों की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकेगा। उन्होने कहा भारतीय समर्थकों की ऊर्जा, उनका आत्मविश्वास और हम पर उनका अटूट विश्वास अविश्वसनीय रूप से ऊंचा है। जब भी हम भारत में खेलते हैं, किसी भी श्रृंखला के लिए, वे इतनी बड़ी संख्या में आते हैं कि पूरा स्टेडियम खचाखच भरा रहता है।

## बेन स्टोक्स का दूसरे मैच में भी खेलना संदिग्ध

एजेंसी

धर्मशाला। न्यूजीलैंड के खिलाफ विश्व कप के पहले मैच में अनुलब्ध रहने वाले इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज बेन स्टोक्स के धर्मशाला में बांग्लादेश के खिलाफ मैच में भी खेलना संदिग्ध है। ईएसपीएनक्रिकइन्फो के अनुसार बेन स्टोक्स के मंगलवार को धर्मशाला में बांग्लादेश के खिलाफ इंग्लैंड के दूसरे विश्व कप मैच में खेलने के आसार बेहद कम है।

उनके बाएं कूल्हे में लगातार दर्द बना हुआ है। बाएं घुटने की पुरानी चोट के बावजूद स्टोक्स ने विश्व कप के लिए बल्लेबाज के रूप में खुद को उपलब्ध कराने के लिए वनडे संन्यास से वापसी की थी।

इंग्लैंड के धर्मशाला पहुंचने के बाद स्टोक्स ने दो बार नेट्स पर बल्लेबाज़ी की है और इस दौरान उन्हें काफ़ी सहज देखा गया। ऐसी उम्मीद है कि रविवार को दिल्ली में अफ़ग़ानिस्तान के ख़िलाफ़ होने वाले मैच के साथ स्टोक्स की वापसी हो सकती है।

बांग्लादेश के ख़िलाफ़ मैच से पहले बटलर ने बीबीसी को बताया कि स्टोक्स लगातार काफ़ी ज़्यादा सुधार दिखा रहे हैं जो टीम के लिए अच्छा संकेत है।

हालांकि, उन्होंने ये भी साफ़ किया है कि भले ही उनकी नेट्स पर वापसी अच्छा संकेत है, लेकिन बांग्लादेश के ख़िलाफ़ उनका खेलना काफ़ी मुश्किल है।

स्टोक्स ने हाल ही न्यूजीलैंड के खिलाफ आखिरी वनडे मैच खेला था, जिसमें रिकॉर्ड तोड़ 182 रन बनाए थे। बटलर ने धर्मशाला की आउटफ़ील्ड को खराब करार देते हुये अपनी टीम के सदस्यों को बाउंड्री में डाइव लगाते समय एहितियात बरतने की चेतावनी दी है। अफ़ग़ानिस्तान और बांग्लादेश के बीच हुए मैच के बाद मैच ऑफिशियल्स ने धर्मशाला की आउटफ़ील्ड को औसत रेटिंग दी थी। मुजीब उर रहमान ने जब बाउंड्री पर डाइव लगाई थी तो उनका घुटना ज़मीन में लगभग धंस सा गया था। इंग्लैंड ने रविवार की दोपहर और सोमवार की सुबह धर्मशाला में ट्रेनिंग की और कप्तान बटलर भी आउटफ़ील्ड को लेकर चिंतित दिखाई दिए। उन्होंने कहा, मेरे विचार से ये काफ़ी खराब है। मुझे लगता है कि जब भी आप बात करते हैं कि डाइव लगाने के



समय सावधान रहें या फिर फ़ील्डिंग में सावधानी बरतें तो यह एक टीम के रूप में आप जो बनना चाहते हैं उसके विपरीत जाता है। बटलर ने कहा रन बचाने के लिए आप ख़ुद को झोंकते है, लेकिन जिस तरह की सतह और आउटफ़ील्ड है उस पर ये आदर्श नहीं होगा। हालांकि, हम इसे बहाने के रूप में इस्तेमाल नहीं करेंगे। हम तालमेल बैठाएंगे। निश्चित तौर पर जब आपको लगे कि आपको ख़ुद को पीछे खींचना पड़ रहा है तो एक विश्व कप मैच में आप खिलाड़ी या टीम के रूप में इसे पसंद नहीं करेंगे।

# इजराइली सेना को पूरी गाजा पट्टी पर कब्जे का आदेश

### एक लाख सैनिक तैनात; हमास के हमले में ब्रिटेन-अमेरिका के 19 नागरिकों की मौत

तेल अवीव। इजराइल ने अपनी सेना को पूरी गाजा पट्टी पर कब्जे के आदेश दिए हैं। इजराइल ने 1 लाख सैनिकों को गाजा बॉर्डर पर तैनात किया है। साथ ही 3 लाख सैनिकों को तैयार रहने के लिए कहा गया है। इजराइल के रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने अधिकारियों को गाजा पट्टी में खाना, पानी, बिजली और फ्यूल की सप्लाई बंद करने के भी आदेश दिए हैं।

वहीं, इजराइल में अमेरिका के 9 और ब्रिटेन के 10 नागरिकों की मौत हुई है। इससे पहले फ्रांस, जर्मनी और यूक्रेन ने भी हमास के अटैक में अपने नागरिकों के मारे जाने की पुष्टि की थी।

हालांकि, सेना ने बॉर्डर के इजराइली इलाकों को हमास के लड़ाकों से छुड़ा लिया है। हालांकि, फिलिस्तीन की तरफ से अभी भी लड़ाके इजराइल में घुस रहे हैं। दूसरी तरफ, हमास ने दावा किया है कि इजराइल की तरफ से किए गए हमलों में 4 इजराइलियों की भी मौत हुई है। ये हमास की कैद में थे।

इजराइल की एयरफोर्स ने रात भर हमास और फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद के 500 वॉर रूम तबाह किए। जंग के तीसरे दिन अब तक 800



इजराइलियों की मौत हुई है। वहीं इजराइल की जवाबी कार्रवाई में 500 फिलिस्तीनी मारे गए हैं, 2000 से ज्यादा घायल हैं।

#### हिजबुल्लाह की अमेरिका को धमकी

लेबनान के संगठन हिजबुल्लाह ने अमेरिका को धमकी दी है। उसने कहा है- अमेरिका ने अगर सीधे तौर पर जंग में दखल दिया तो वो मिडिल ईस्ट में अमेरिकी ठिकानों पर हमला कर देंगे। फिलिस्तीन यूक्रेन नहीं है।

हमास ने दावा किया है कि उन्होंने 130 लोगों को अगवा किया है। इन्हें गाजा पट् ?टी में सुरंगों में रखा है। वह इन बंधकों का इस्तेमाल मानव ढाल के रूप में करेगा, ताकि इजराइल हमला करे तो उसके ही लोग मारे जाएं। इजराइल की डिफेंस फोर्स ने बताया है कि बंधकों में महिलाएं, बच्चे और परिवार शामिल हैं।

इधर, अमेरिका ने इजराइल को मिलिट्री सपोर्ट देने की बात कही है। स डिफेंस सेक्रेटरी लॉयड ऑस्टिन ने कहा- मदद के लिए हमारे जहाज और लड़ाकू विमान इजराइल की तरफ बढ़ रहे हैं। हमने स्स जेराल्ड आर फोर्ड एयरक्राफ्ट कैरियर (वॉरशिप) को अलर्ट कर दिया है।

इजराइल के कर्नल रिचर्ड ने सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि हमास के लड़ाके अब भी इजराइल में घुस रहे हैं। ट्रैक्टर से घुस रहे एक लड़ाके को इजराइली सैनिकों ने मारा गिराया।

टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के मुताबिक इजराइल में 7 से 8 लोकेशन्स पर लड़ाई जारी है। इसमें उनके 73 सैनिकों की मौत हुई है। जहां-जहां से हमास के लड़ाकों को बाहर निकाला जा रहा है वहां, इजराइलियों के शव मिल रहे हैं।

#### हमले से पहले मिस्र ने इजराइल को चेताया था

टाइम्स ऑफ इजराइल की रिपोर्ट के मुताबिक, मिस्र का कहना है कि उसने जंग के सिलसिले में इजराइल को वॉर्निंग दी थी। मिस्र के इंटेलिजेंस अफसर ने कहा- हमने इजराइल को कुछ बड़ा होने की चेतावनी दी थी। लेकिन इजराइल ने इस पर ध्यान नहीं दिया। मिस्र अक्सर इजराइल और हमास के बीच मध्यस्थता करवाता है।

दरअसल, पहले मिस्र उन अरब देशों में शामिल था, जो इजराइल को अपना दुश्मन मानते थे। मिस्र ने इजराइल के खिलाफ कई जंग भी लड़ी हैं। हालांकि, 1973 की अरब-इजराइली जंग के 7 साल बाद ही मिस्र ने इजराइल को देश के तौर पर मान्यता दी थी। तब से इसे इजराइल और फिलिस्तीन के बीच मध्यस्थता कराने वाले देश के तौर पर देखा जाता है।

## फिलिस्तीनी-इजरायल संघर्ष के दौरान गाजा में 1,23,000 फिलिस्तीनी विस्थापित हुए

गाजा। फिलिस्तीन और इजरायल के बीच बढ़ते संघर्ष के कारण 1,23,000 से ज्यादा फिलिस्तीनियों को गाजा पट्टी में अपने घरों को छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा है। यह जानकारी मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र कार्यालय (ओसीएचए) ने दी। ओसीएचए ने एक बयान में कहा कि रविवार रात 9 बजे तक, गाजा में 1,23,538 फिलिस्तीनी विस्थापित हो चुके थे। उल्लेखनीय है कि हमास ने इजरायल पर शनिवार सुबह गाजा पट्टी से एक अभूतपूर्व रॉकेट हमला किया। इजरायली सेना के अनुसार हमास ने इजरायल पर 3,000 से ज्यादा रॉकेट दागे और हमास के दर्जनों लड़ाकों ने दक्षिणी इजरायल के सीमावर्ती क्षेत्रों में घुसपैठ की। इजरायली सेना ने उसके बाद फिलिस्तीनी बलों से उन्हें फिर से जीतने के लिए दक्षिणी क्षेत्रों में अपने सैनिकों को भेजा और गाजा में हमास के ठिकानों पर हमला करना शुरू कर दिया। इजरायली सरकार ने रविवार को घोषणा किया कि उसने बुनियादी कानून के अनुच्छेद 40 को लागू किया है, जिसका मतलब है कि देश आधिकारिक रूप से युद्ध में प्रवेश कर चुका है। इस संघर्ष में दोनों पक्षों ने सैकड़ों मौत और हजारों घायल होने की रिपोर्टें हैं।

## दक्षिण ऑस्ट्रेलिया में हल्के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से दो लोगों की मौत

कैनबरा। दक्षिण ऑस्ट्रेलिया में एक हल्के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से उसमें सवार पायलट और उसके पुत्र की मौत हो गई। यह जानकारी स्थानीय मीडिया ने सोमवार को दी। दक्षिण ऑस्ट्रेलिया पुलिस ने सोमवार को इस दुर्घटना की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि रविवार शाम दुर्घटना में पायलट के 24 वर्षीय बेटे की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी थी जबकि उन्हें गंभीर हालत में रॉयल एडिलेड अस्पताल में भर्ती किया गया जहां रात में उनकी मौत हो गई। दोनों पिता-पुत्र हल्के विमान सेसना में उड़ान भर रहे थे, जब रविवार को स्थानीय समयानुसार शाम 4ः00 बजे एडिलेड से लगभग 200 किमी उत्तर में छोटे शहर क्रिस्टल ब्रुक के समीप एक खेत में विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। ऑस्ट्रेलियाई परिवहन सुरक्षा ब्यूरो (एटीएसबी) के विमान संचालन, रखरखाव और इंजीनियरिंग में विशेषज्ञता रखने वाले जांचकर्ता दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए सोमवार को घटनास्थल पर पहुंचे। रविवार को एक बयान में एटीएसबी ने प्रत्यक्षदर्शियों या उड़ते विमान की वीडियो निकालने वाले व्यक्तियों को जांच में सहायता करने के लिए सामने आने का आग्रह किया। दुर्घटनास्थल के आसपास की सड़कें सोमवार को भी बंद है और लोगों को दुर्घटना क्षेत्र से दूर रहने के लिए कहा गया है।

## इजरायल के समर्थन में युद्धपोत, लड़ाकू विमान भेज रहा है अमेरिका : ऑस्टिन

वाशिंगटन। अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने रविवार को कहा कि हमास लड़ाकों के साथ संघर्षरत इजरायल के समर्थन में उनका देश पूर्वी भूमध्य क्षेत्र में युद्धपोत और लड़ाकू विमान भेज रहा है। ऑस्टिन ने अपने बयान में कहा कि यूएसएस गेराल्ड आर फोर्ड कैरियर स्ट्राइक ग्रुप को पूर्वी भूमध्य सागर की ओर जाने का निर्देश दिया गया है, जिसमें एक विमान वाहक, एक निर्देशित मिसाइल क्रूजर और चार निर्देशित मिसाइल विध्वंसक शामिल हैं। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय मुख्यालय पेंटागन ने उस क्षेत्र में अमेरिकी वायु सेना के एफ-35, एफ-15, एफ-16 और ए-10 लड़ाकू विमानों के स्क्वाड्रन को आगे बढ़ाने के लिए भी कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका इजरायल रक्षा बलों को युद्ध सामग्री सहित अतिरिक्त उपकरण और संसाधन तेजी से उपलब्ध कराएगा। उन्होंने कहा कि इजरायल को अमेरिकी सुरक्षा सहायता का पहला खेप रविवार से रवाना होगा और आने वाले दिनों में पहुंचेगा। इजरायली मीडिया ने सरकारी अधिकारियों के हवाले से अपनी रिपोर्ट में कहा है कि अमेरिका ने यह निर्णय शनिवार को हमास द्वारा इजरायल में हजारों रॉकेट दागे जाने के बाद लिया है, जिसके बाद इजरायल और फिलिस्तीन के बीच संघर्ष तेज हो गया तथा अब तक कम से कम 700 इजरायली मारे जा चुके हैं।

# क्लॉडिया गोल्डिन को इकोनॉमिक्स का नोबेल

### लेबर मार्केट में महिलाओं के योगदान को सामने लाईं; अमर्त्य सेन ये सम्मान पाने वाले इकलौते भारतीय

अमेरिका की क्लॉडिया गोल्डिन को इकोनॉमिक्स का नोबेल प्राइज मिला है।

उन्हें मार्केट में महिलाओं के कामकाज और उनके योगदान को बेहतर तरह से समझाने के लिए ये सम्मान दिया गया है। कमेटी ने लेबर मार्केट में गोल्डिन के रिसर्च को बेहतरीन माना है। उनकी रिसर्च में लेबर मार्केट में महिलाओं के साथ हो रहे पक्षपात और उनकी कमाई को लेकर जानकारी दी गई है।



गोल्डिन ने 200 साल के आंकड़ों को स्टडी कर अपनी रिपोर्ट तैयार की थी। इसमें उन्होंने ये बताया कि जेंडर का रोजगार और कमाई पर क्या असर पड़ता है। गोल्डिन के रिसर्च के मुताबिक, मार्केट में महिलाओं के योगदान में सीधी बढ़ोतरी नहीं आई। इसकी जगह ये शुरुआती दौर में घटा और अब बढ़ रहा है।

समय के साथ जैसे-जैसे समाज खेती से उद्योग की तरफ बढ़ा, तो मार्केट में शादीशुदा महिलाओं के योगदान में कमी आई। गोल्डिन की स्टडी में ये भी सामने आया कि 20वीं सदी में महिलाओं ने पुरुषों से बेहतर एजुकेशन हासिल किया है।

दुनियाभर में अर्थव्यवस्थाओं के मॉर्डनाइजेशन के बावजूद महिलाओं की पुरुषों के मुकाबले कमाई काफी कम है। महिलाएं किस क्षेत्र में काम कर रही हैं, ये भी उनकी कमाई पर गहरा असर डालता है।

अमर्त्य सेन इकलौते ऐसे भारतीय हैं, जिन्हें 1998 में इस सम्मान से नवाजा गया था। उन्हें इकोनॉमी साइंस में वेलफेयर इकोनॉमिक्स और सोशल चॉइस थ्योरी में उनके योगदान के लिए नोबेल प्राइज से नवाजा गया था।

#### इजरायल -हमास जारी संघर्ष के बीच सुनक करेंगे बड़ी बैठक

लंदन। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक हमास के हमले के बाद इजराइल और गाजा में जारी हिंसा के बीच सोमवार को 'कोबरा' आपातकालीन बैठक की मेजबानी करेंगे। बीबीसी की एक रिपोर्ट में बताया गया कि नॉटिंघमशायर में एक कार्यक्रम में बोलते हुए सुनक ने कहा कि इज़राइल से आने वाले दृश्य 'भयानक' हैं और हमास आतंकी कृत्य कर रहा है। सुनक ने कहा कि वह देश में किसी भी ब्रिटिश नागरिक की मदद के लिए इज़राइल के साथ 'बहुत करीब से' काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह इज़राइल को कोई भी आवश्यक सहायता प्रदान करेंगे, जिसे उन्होंने एक मजबूत सहयोगी कहा है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

# न्याय रहित समाज का अस्तित्व समाप्त हो जाता है : राष्ट्रपति मुर्मु



नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कृषि-खाद्य प्रणालियों को अधिक न्यायसंगत और समावेशी बनाने की जरूरत पर बल देते हुए आज कहा कि न्याय रहित समाज का समृद्धि के बावजूद अस्तित्व समाप्त हो जाता है।

राष्ट्रपति ने सोमवार को यहां अंतर्राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान पर सलाहकार समूह, 'जेंडर इम्पैक्ट प्लेटफॉर्म ' और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा आयोजित अनुसंधान से प्रभाव तक~ न्यायसंगत और लचीली कृषि-खाद्य प्रणालियों की ओर% विषय पर एक अंतर्राष्ट्रीय अनुसंधान सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए यह बात कही।

उन्होंने कहा कि यदि कोई समाज न्याय रहित है, तो समृद्धि के बावजूद उसका अस्तित्व समाप्त हो जाएगा। उन्होंने कहा कि जब स्त्री-पुरुष समानता की बात आती है, तो सबसे पुरातन विज्ञान के रूप में पहचानी जाने वाली कृषि, आधुनिक समय में भी कमजोर स्थिति में है। कोविड महामारी ने कृषि-खाद्य प्रणालियों और समाज में संरचनात्मक असमानता के बीच एक सुदृढ़ संबध को भी सामने ला दिया है। उन्होंने कहा कि महामारी के दिनों में पुरुषों की तुलना में, महिलाओं को अधिक संख्या में नौकरियां गंवानी पड़ी और इससे उनका पलायन शुरू हुआ।

राष्ट्रपति ने कहा कि वैश्विक स्तर पर महिलाओं को लंबे समय तक कृषि-खाद्य प्रणालियों से बाहर रखा गया है। महिलाएं कृषि प्रणाली का मूल आधार हैं, लेकिन उन्हें निर्णायक भूमिका निभाने के अवसरों से वंचित किया जाता है। उन्होंने कहा कि दुनिया भर में, महिलाओं को भेदभावपूर्ण सामाजिक मानदंडों और ज्ञान, स्वामित्व, संपत्ति, संसाधनों तथा सामाजिक नेटवर्क में बाधाओं के रूप में आगे बढ़ने से रोका जाता है और पीछे धकेला जाता है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के योगदान को मान्यता नहीं दी गई है, उनकी भूमिका को हाशिए पर रखा गया है और कृषि-खाद्य प्रणालियों की पूरी श्रृंखला को नकारा गया है। अब इस कहानी में परिवर्तन की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भारत में, हम विधायी और सरकारी हस्तक्षेपों के माध्यम से महिलाओं के सशक्तिकरण के साथ उन परिवर्तनों को देख रहे हैं।

मुर्मु ने कहा , आधुनिक महिलाएं 'अबला' नहीं बल्कि 'सबला' हैं, यानी असहाय नहीं बल्कि शक्तिस्वरूपा हैं। हमें न केवल महिला विकास बल्कि महिला नेतृत्व वाले विकास की जरूरत है। हमारी कृषि-खाद्य प्रणालियों को अधिक न्यायसंगत और समावेशी बनाना न केवल वांछनीय है बल्कि ग्रह और मानव जाति के कल्याण के लिए महत्वपूर्ण भी है।

राष्ट्रपति ने कहा कि जलवायु परिवर्तन मानव के अस्तित्व पर खतरा है और हमें तेजी से और तुरंत कार्रवाई करने की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग, बर्फ के पिघलने और प्रजातियों के विलुप्त होने से खाद्य उत्पादन में बाधा आ रही है और कृषि-खाद्य चक्र भी टिकाऊ और पर्यावरण के अनुकूल नहीं है। यह जलवायु परिवर्तन की कार्रवाई में बाधा डाल रहा है और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का कारण बन रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी कृषि-खाद्य प्रणालियां एक दुष्चक्र में फंस गई हैं और हमें इस 'चक्रव्यूह' को तोड़ने की जरूरत है। उन्होंने जैव विविधता बढ़ाने और पारिस्थितिकी तंत्र को बहाल करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया ताकि सभी के लिए अधिक समृद्ध और न्यायसंगत भविष्य के साथ-साथ कृषि-खाद्य प्रणालियों के माध्यम से खाद्य और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

मुर्मु ने कहा कि पारिस्थितिक रूप से टिकाऊ, नैतिक रूप से वांछनीय, आर्थिक रूप से किफायती और सामाजिक रूप से उचित उत्पादन के लिए हमें ऐसे अनुसंधान की आवश्यकता है जो इन लक्ष्यों तक पहुंचने के लिए परिस्थिति अनुकूल हो। उन्होंने कहा कि कृषि-खाद्य प्रणालियों में बदलाव की एक व्यवस्थित समझ की आवश्यकता है।

## निगम विद्यालयों की अनदेखी, लाखों विद्यार्थियों के भविष्य से खिलवाड़ : सिंह

नयी दिल्ली। दिल्ली नगर निगम में विपक्ष के नेता और पूर्व महापौर राजा इक़बाल सिंह ने सत्ताधारी आम आदमी पार्टी की 'निगम विद्यालयों की अनदेखी करने वाली नीतियों' से लाखों विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाते हुए सोमवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ऐसी नीतियों का हर स्तर पर विरोध जारी रखेगी करेगी। सिंह ने विपक्ष के उप नेता जय भगवान यादव एवं अन्य भाजपा पार्षदों के साथ निगम मुख्यालय पर धरने पर बैठे निगम विद्यालयों के शिक्षकों से मुलाकात कर उनकी मांगों का समर्थन कर उनकी हौसला अफजाई की। पूर्व महापौर सिंह ने धरने पर बड़ी संख्या में बैठे शिक्षकों से मुलाक़ात कर उनसे कहा कि भाजपा हमेशा शिक्षकों के साथ खड़ी रही है और आगे भी ऐसा करगी। भारतीय जनता पार्टी के नेता सिंह ने कहा कि सत्ता पक्ष ने निगम कर्मचारियों से वादा किया था कि हर महीने की पहली तारीख़ को उन्हें वेतन मिलेगा, मगर ऐसा अभी तक नहीं हो पाया है। उन्होंने निगम शिक्षकों के बकाया वेतन दिवाली से पहले पहले जारी करनी माँग की। उन्होंने दावा किया कि निगम के विद्यालयों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की संख्या में 40 फीसदी की कमी आयी है।

## दुनिया के सबसे बड़े 7 डाक्टर

1 – सुरज की किरणें
2 – रोजाना रात 6/8 घंटे निंद !
3 – शुध्द शाकाहारी भोजन !
4 – हर रोज व्यायाम.
5 – खुद पर विश्वास !
6 – पर्याप्त मात्रा में पानी का सेवन
7 – अच्छे दोस्त !

इन 7 बातों को हमेशा अपने पास रखीये , सभी दर्द दुर हो जायेंगे … …
एक मिनट का समय निकाल के अवश्य पढ़े …

एक आदमी जंगल से गुजर रहा था , उसे चार स्त्रियां मिली !
उसने पहली से पूछा – बहन तुम्हारा नाम क्या हैं ?
उसने कहा बुद्धि !
तुम कहां रहती हो ?
मनुष्य के दिमाग में* !
दूसरी स्त्री से पूछा – बहन तुम्हारा नाम क्या हैं ?
लज्जा !
तुम कहां रहती हो ?
आंख में !
तीसरी से पूछा – तुम्हारा क्या नाम हैं ?
हिम्मत !
कहां रहती हो ?
दिल में !
चौथी से पूछा – तुम्हारा नाम क्या हैं ?
तंदुरूस्ती !
कहां रहती हो ?
पेट में !
वह आदमी अब थोडा आगे बढा , तों फिर उसे चार पुरूष मिले !
उसने पहले पुरूष से पूछा – तुम्हारा नाम क्या हैं ?
क्रोध !
कहां रहतें हो ?
दिमाग में !
दिमाग में तो बुद्धि रहती हैं , तुम कैसे रहते हो ?
जब मैं वहां रहता हुं , तो बुद्धि वहां से विदा हो जाती हैं !
दूसरे पुरूष से पूछा – तुम्हारा नाम क्या हैं ?
उसने कहां – लोभ !
कहां रहते हो ?
आंख में !
आंख में तो लज्जा रहती हैं , तुम कैसे रहते हो ?
जब मैं आता हूं , तो लज्जा वहां से प्रस्थान कर जाती हैं !
तीसरें से पूछा – तुम्हारा नाम क्या हैं ?
जबाब मिला भय !
कहां रहते हो ?
दिल में !
दिल में तो हिम्मत रहती हैं , तुम कैसे रहते हो ?
जब मैं आता हूं , तो हिम्मत वहां से नौ दो ग्यारह हो जाती हैं !
चौथे से पूछा , तुम्हारा नाम क्या हैं ?
उसने कहा – रोग !
कहां रहतें हो ?
पेट में !
पेट में तो तंदरूस्ती रहती हैं ?
जब मैं आता हूं , तो तंदरूस्ती वहां से रवाना हो जाती हैं !

जीवन की हर विपरीत परिस्थिति में , यदि हम उपरोक्त वर्णित बातो को याद रखे , तो कई चीजे टाली जा सकती है !!
जरा मुस्कुरा के देखे , दुनिया हसती नजर आएगी !
सुबह सैर कर के तो देखे , सेहत ठीक हो जाएगी !
व्यसन छोड के तो देखे , इज्जत बन जाएगी !
खर्च घटा कर के तो देखे , अच्छी नींद आएगी !
मेहनत कर के तो देखे , पैसे की तंगी चली जाएगी !
संसार की अच्छाई तो देखे , बुराई भाग जाएगी !
ईश्वर का ध्यान कर के तो देखे , उलझने दुर हो जाएगी !
माता – पिता की बात मान कर , तुम देखे , जिन्दगी संवर जाएगी !



दयानंद वत्स भारतीय

## शार्ट न्यूज

### भाजयुमो शिवद्वार मण्डल की सपन्न हुई सभा



**सोनभद्र** । भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष नंदलाल गुप्ता के निर्देशन में प्रत्येक मोर्चो के टीमों को सशक्त और मजबूत बनाने के लिए विशेष बल दिया जा रहा है उसी निमित्त भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा मंडल शिवद्वार में बैठक की गई और बैठक में कार्यसमित के पधाधिकारियो और सदस्यों के साथ चर्चा परिचर्चा की गई। जिले से भाजयुमो उपाध्यक्ष हिरेष द्विवेदी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि मंडल की टीम से ही देश और प्रदेश की दशा व दिशा तय होती है। सामंजस्य सँग समरसता से योजनाओं को जनता तक पहुंचाना और उन्हें पार्टी से जोड़ कर समन्वित भावब टीम को बजबूत बनाएं रखना सांगठनिक सुदृढ़ता का द्योतक है। बैठक की अध्यक्षता शिवद्वार मंडल के अध्यक्ष सुनील चौबे ने की। बैठक में भाजयुमो कार्यसमिति सदस्य रमाशंकर मौर्य, मंडल अध्यक्ष भाजयुमो विवेक गिरी, ग्राम प्रधान रामनरेश, अमित कुमार, प्रमोद गिरी, रविंद्र कुमार, सुनील त्रिपाठी व प्रवीण त्रिपाठी सहित अन्यान्य लोग मौजूद रहे।

### अन्तर्राज्यीय वाहन चोर गैंग का पर्दाफाश, चोरी की 11 बाइकें बरामद

कुशीनगर। उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले में पुलिस ने अंतरराज्यीय वाहन चोर गैंग का सोमवार को पर्दाफाश करते हुए उनके कब्जे से चोरी की 11 मोटरसाइकिलें बरामद की। इस संबंध में पुलिस कप्तान धवल जायसवाल ने बताया कि अपराध एवं अपराधियो के रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सोमवार को थाना तरया सुजान पुलिस ने सिसवा बाजार और विरवट कोन्हवलिया बन्धा के पास से 11 चोरी की मोटर साइकिल के साथ दो शातिर वाहन चोरों की गिरफ्तारी करने में सफलता प्राप्त की। गिरफ्तर चोरों ने पूछताछ में बताया कि वे मोटर साइकिलो को बिहार और उत्तर प्रदेश से चोरी करके एक जगह एकत्र करते है फिर उनके नम्बर प्लेट बदलकर बिहार और उत्तर प्रदेश दोनों राज्यों में उचित दामो में बेच देते है। इन शातिर चोरों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### तमंचा लहराते हुए केक काटने वाला युवक गिरफ्तार

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश में सोनभद्र जिले के राबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र में पुलिस ने सोशल मीडिया पर तंमचा लहराते हुए केक काटने का वीडियो वायरल करने के आरोपी युवक को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से एक 315बोर का तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद किया । पुलिस अधीक्षक डा0 यशवीर सिंह ने बताया कि सूचना मिली कि 06अक्तूबर को एक युवक ने तमंचा लहराते हुए केक काटने का एक वीडियो सोशल मिडिया पर अपलोड किया है। मामले की जांच राबर्ट्सगंज कोतवाली पुलिस को दी गयी। पुलिस टीम ने विडियों की जांच के बाद आरोपी के गिरफ्तार के लिए प्रयास में लगी हुई थी। सोमवार को पुलिस टीम को सुचना मिली की वीडियो वायरल करने वाला युवक सजौर मोड़ के पास टहल रहा है। पुलिस टीम फौरन मौके पर पहुंची और विंध्य सोन इण्टर कालेज सजौर मोड़ के पास से 22वर्षीय मो़ इस्माइल पुत्र मो़ अकबर निवासी पकरी कोलान बस्ती को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम ने जांच में उसके कब्जे से एक तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया है। राबर्ट्सगंज कोतवाली में गिरफ्तार युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## सघन मिशन इंद्रधनुष 5.0 के तीसरे चरण का शुरुआत

रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत



बलरामपुर। जनपद के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा आज सघन मिशन इंद्रधनुष 5.0 अभियान के द्वितीय चरण की शुरुआत की गई।सघन मिशन इंद्रधनुष अभियान का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी के मार्गदर्शन में जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ अजय कुमार शुक्ला व खण्ड विकास अधिकारी बलरामपुर सागर सिंह द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बलरामपुर के अंतर्गत बंजारनपुरवा में आयोजित टीकाकरण सत्र का फीता काटकर किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने जनपद वासियों से अपील किया कि सभी अभिभावक जिनके बच्चे 0 से 5 वर्ष आयु के हैं वह अपने बच्चों का 12 जानलेवा बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण जरूर कराएं । यह टीकाकरण समस्त स्वास्थ्य केंद्रो व टीकाकरण सत्रों पर निशुल्क किया जाएगा , उन्होंने गर्भवती महिलाओं से भी अपील करते हुए कहा कि वह भी अपना टीकाकरण अवश्य कराये। इस अवसर पर जानकारी देते हुए जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि जनपद में आज से सघन मिशन इंद्रधनुष - 5.0 अभियान के द्वितीय चरण की शुरुआत की गई है। यह अभियान तीन चरणों में पूरा होगा, जिसके प्रथम चरण की शुरुआत 7 अगस्त से किया गया था जो 12 अगस्त तक की गई थी, इसी प्रकार से दूसरा चरण 11 से 16 सितंबर तक चलाया गया, इसका तीसरा चरण सोमवार 9 अक्टूबर से 14 अक्टूबर के मध्य चलाया जाएगा , जिसमें किसी भी कारण से नियमित टीकाकरण से छूटे बच्चे और गर्भवती महिलाओ का टीकाकरण किया जाएगा। इसके साथ ही नियमित टीकाकरण अभियान भी जारी रहेगा।

उद्घाटन के शुभारंभ अवसर पर डॉ जावेद अख्तर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बलरामपुर, एस एम ओ डॉ सिंथू एस,जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अरविन्द मिश्र,डीएमसी शिखा श्रीवास्तव ,वीसीसीएम श्याम मिश्र, आदि उपस्थित रहे।

## शाहजहांपुर जेसीबी से सड़क उखड़ने में हुए नुकसान की जल्द होगी वसूली

शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर थाना जैतीपुर में भाजपा विधायक के कथित प्रतिनिधि द्वारा आधा किलोमीटर सड़क उखड़ने के मामले में मुख्यमंत्री के आदेश के बाद जिला प्रशासन ने लोक निर्माण विभाग से नुकसान का आकलन करते हुए स्वीकृति हेतु रिपोर्ट भेजी है। इसके बाद आरोपियों से सड़क उखड़ने में हुए नुकसान की वसूली की कार्रवाई शुरू की जाएगी। जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने सोमवार को यूनीवार्ता को बताया कि थाना जैतीपुर में पीडब्ल्यूडी द्वारा बन रहे जैतीपुर से बदायूं को जोड़ने वाले राज्य मार्ग पर आधा किलोमीटर सड़क उखाड़ने के मामले में मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद हमने लोक निर्माण विभाग से हुए नुकसान का मूल्यांकन कराया है जिसमें 10 लाख 09हजार के नुकसान की रिपोर्ट उन्हें प्राप्त हो गई है। उन्होंने बताया कि विभाग से रिपोर्ट मिलने के बाद उन्होंने पूरी पत्रावली को दावा प्राधिकरण लखनऊ को भेज दिया है और प्राधिकरण से स्वीकृत होने के बाद हम आरोपियों से नुकसान की वसूली की कार्रवाई शुरू करेंगे। पूछने पर उन्होंने बताया की नुकसान की भरपाई आरोपी स्वयं जमा करें अन्यथा उनके विरुद्ध विधिक कार्रवाई करते हुए संग्रह अमीन के जरिए वसूली की जाएगी। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने बताया कि थाना जैतीपुर अंतर्गत जैतीपुर से नवादा होते हुए बदायूं तक लोक निर्माण विभाग की ओर से राज्य मार्ग बनाया जा रहा था ।

## मध्यप्रदेश विधानसभा निर्वाचन के लिए 17 नवंबर को होगा मतदान

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने कहा है कि मध्यप्रदेश में आज से निर्वाचन की घोषणा के साथ ही आदर्श आचरण संहिता लागू हो गई है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्वाचन कार्यक्रम अनुसार 17 नवम्बर को मतदान होगा और मतगणना 3 दिसम्बर को होगी।

आधिकारिक जानकारी में श्री राजन ने बताया कि निर्वाचन की अधिसूचना 21 अक्टूबर को जारी होगी और 30 अक्टूबर तक नामांकन पत्र जमा किए जा सकेंगे। आवेदनों की संवीक्षा 31 अक्टूबर को होगी और 2 नवम्बर को नाम वापसी के साथ ही प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी होगी।

प्रदेश में 5 करोड़ 60 लाख 60 हजार 925 मतदाता फोटो निर्वाचक नामावली में नामांकित है। इसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 2 करोड़ 88 लाख 25 हजार 607 जबकि महिला मतदाताओं की संख्या 2 करोड़ 72 लाख 33 हजार 945 है।

थर्ड जेंडर मतदाता एक हजार 373 है। प्रदेश में 64 हजार 523 मतदान केंद्रों पर मतदान होगा। शहरी क्षेत्र में 16 हजार 763 और ग्रामीण क्षेत्र में 47 हजार 760 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। प्रत्येक मदान केंद्र पर शौचालय, रेंप, व्हील चेयर, पानी, हेल्पडेस्क, बिजली आदि की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। वरिष्ठ नागरिक एवं (पीडब्ल्यूडी) दिव्यांग मतदाताओं के लिए मतदान केंद्र भूतल पर बनाए गए हैं। इन्हें घर से भी मतदान करने की सुविधा (पोस्टल बेलेट) दी गई है। ऐसे मतदाताओं को फॉर्म 12 डी भरकर देना होगा।

राजन ने बताया कि प्रदेश में रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग पूर्णत~ प्रतिबंधित रहेगा।

निर्वाचन सदन में आज से ही राज्य स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनीटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) द्वारा न्यूज चैनलों पर प्रसारित होने वाले विज्ञापनों एवं समाचारों पर निगरानी रखने के लिये जनसम्पर्क अधिकारियों की टीम 24 घण्टे निगाह रखेगी। मध्यप्रदेश संपत्ति विरूपण अधिनियम के अंतर्गत सरकारी/ सार्वजनिक/ निजी संपत्ति पर अनाधिकृत विरूपण हटाने के लिए नियत सीमा में कार्यवाही के निर्देश दिए गए है।

## हरदा जिले की दोनों विधानसभा सीटों पर महिला मतदाता पुरूष मतदाताओं की अपेक्षा कम

हरदा। मध्यप्रदेश में हरदा जिले की दोनों विधानसभा सीटों पर महिला मतदाताओं की संख्या पुरूष मतदाताओं से लगभग 13 हजार कम है। जिसमे हरदा विधानसभा क्षेत्र में लगभग 7 हजार और टिमरनी विधानसभा क्षेत्र में लगभग 6 हजार महिला मतदाता पुरूष मतदाताओं की अपेक्षा संख्या बल में कम हैं। अधिकारिक जानकारी के अनुसार हरदा जिले में कुल 425595 मतदाता है, जिनमें 219360 पुरूष, 206229 महिला तथा 6 अन्य मतदाता शामिल है। इसमें से हरदा विधानसभा में कुल 235975 मतदाता है, जिनमें 121566 पुरूष, 114404 महिला तथा 5 अन्य मतदाता शामिल है। इसीलिए जिले की टिमरनी विधानसभा क्षेत्र में कुल 189620 मतदाता है, जिनमें 97794 पुरूष, 91825 महिला तथा 1 अन्य मतदाता शामिल है। जिले की मतदाता सूची में 3997 दिव्यांग मतदाता चिन्हित किये गये है। हरदा जिले में कुल 517 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं जिनमें से हरदा विधानसभा में 274 तथा टिमरनी विधानसभा क्षेत्र में 243 मतदान केन्द्र है।

## इंडस्ट्रियल एरिया के विकास एवं साफ सफाई की जिम्मेदारी उठाएं उद्यमी : जिलाधिकारी

रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत



बलरामपुर। जनपद में उद्यम को बढ़ावा मिले एवं उद्यमियों को अवस्थापना सुविधाओं प्रदान करते करते हुए निवेश के लिए प्रोत्साहित किया जा सके इसके लिए जिलाधिकारी अरविंद सिंह द्वारा औद्योगिक क्षेत्र धर्मपुर में स्थापित उद्योगों का निरीक्षण किया गया एवं औद्योगिक क्षेत्र में उद्यमियों को मिल रही अवस्थापना सुविधाओं का जायजा लिया गया।

इस दौरान जिलाधिकारी ने इंडस्ट्रियल एरिया का भ्रमण कर जय इंडस्ट्री, कुमार मसाला उद्योग, मौर्य ट्रेडिंग आदि उद्यमों को देखा। जय इंडस्ट्री द्वारा तेल एवं मसूर छाटी के मैन्युफैक्चरिंग एवं प्रोडक्टिविटी,रॉ मैटेरियल,पैकेजिंग आदि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की और प्रोडक्ट की बेहतर तरीके से ब्रांडिंग किए जाने का सुझाव दिया।

इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि इंडस्ट्रियल एरिया में साफ सफाई की समुचित व्यवस्था और विकास की जिम्मेदारी उद्यमियों की है इसके लिए वे कदम बढ़ाते हुए आगे आए। उन्होंने कहा कि सोसायटी बनाकर इंडस्ट्रियल एरिया में साफ सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं को चुस्त दुरुस्त करें। जिला प्रशासन द्वारा हर संभव मदद उपलब्ध कराई जाएगी।

उन्होंने इंडस्ट्रियल एरिया में स्ट्रीट लाइट लगवाए जाने का निर्देश संबंधित को दिया।

जनपद में उद्यम को बढ़ावा देने के लिए जिलाधिकारी द्वारा उद्यमियों से विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। उद्यमियों ने बताया कि जनपद में मसूर छाटी दल का अच्छा उत्पादन एवं प्रोसेसिंग हो रही है।

जिलाधिकारी ने जनपद की ओडीओपी में शामिल मसूर छाटी दाल को हब बनाए जाने के लिए इससे संबंधित उद्योगों को बढ़ावा दिए जाने, नए प्रोसेसिंग यूनिट लगाए जाने को प्रोत्साहित किए जाने का निर्देश दिया। उद्यमियों द्वारा नया इंडस्ट्रियल एरिया डेवलप किए की आवश्यकता से अवगत कराया गया।

जिलाधिकारी द्वारा उद्योगों को बढ़ावा देने एवं उद्यमियों की सुविधा के लिए प्लेज योजना के तहत 10 से 12 एकड़ में नए इंडस्ट्रियल एरिया का का प्रस्ताव बनाए जाने का निर्देश दिया। नए इंडस्ट्रियल एरिया के डेवलप हो जाने से आसपास के उद्यमी भी जनपद में निवेश को प्रोत्साहित होंगे एवं जनपद में नए प्रोजेक्ट आएंगे। इस दौरान अपर उप जिलाधिकारी संतोष कुमार ओझा, उपयुक्त उद्योग राजेश पांडे उद्यमीगण उपस्थित रहे।

## आदर्श आचार संहिता लगने ही प्रशासन और पुलिस ने शुरू की आवश्यक कार्रवाई

शिवपुरी। मध्यप्रदेश के शिवपुरी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रविंद्र कुमार चौधरी ने बताया कि विधानसभा चुनाव की आदर्श आचार संहिता लगते ही प्रशासन एवं पुलिस ने सभी आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

आधिकारिक जानकारी में चौधरी ने बताया कि संपत्ति विरूपण अधिनियम कोलाहल अधिनियम सारी अधिनियम आदि के तहत आदेश जारी किए जा चुके हैं एवं शासकीय स्थान चौराहा आदि पर लगे बैनर पोस्टर हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है तथा शासकीय भवन पर किसी भी प्रकार की लिखावट या पोस्टर लगाने पर कार्रवाई की जाएगी इसके साथ ही होटल लॉज संचालकों को निर्देश दिए गए हैं कि अपने यहां रुकने वाले व्यक्तियों की सूची प्रतिदिन प्रस्तुत करें। उन्होंने बताया कि शिवपुरी जिले की सीमा राजस्थान एवं उत्तर प्रदेश राज्यों से लगती है इन सीमाओं पर चेक पोस्ट लगाए गए हैं वहां से आने वाले प्रत्येक वाहन को चेक किया जा रहा है जिससे अवैध हथियार अवैध मदिरा या अन्य कोई भी ऐसी सामग्री जो निर्वाचन को प्रभावित कर सके वह नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने बताया कि राजनीतिक धार्मिक सभाओं जुलूसों तथा हेलीकॉप्टर से आने वाले प्रचार को आदि के लिए संबंधित सक्षम अधिकारी से पूर्व से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही अस्त्र-शस्त्र लेकर चलना प्रतिबंधित कर दिया गया है।

## गन्ना वैज्ञानिकों द्वारा उतरौला चीनी मिल क्षेत्र में गन्ना फसल का किया निरीक्षण

रमेश कुमार शर्मा/गौरवशाली भारत



उतरौला/बलरामपुर। बजाज चीनी मिल इटई मैदा में गेंदा सिंह गन्ना प्रजनन एवं अनुसंधान संस्थान सेवरही कुशीनगर से आए डॉक्टर विनय मिश्रा कीट रोग वैज्ञानिक एवं वाई पी भारती पादप रोग विभाग के वैज्ञानिकों द्वारा मिल परिक्षेत्र के ग्राम महुआ इब्राहिम,गुमड़ी,गिद्धौर,चमरूपुर,दुभरा में कृषकों के गन्ना फ़सल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के उपरांत मिल परिक्षेत्र के ग्राम दुभरा में एक किसान गोष्ठी का आयोजन किया जिसमें कृषक सहसराम,दुःखी,कल्लू वर्मा,नोहर,राम विचारे आदि कृषक मौजूद रहें। जिसमें डॉक्टर विनय मिश्रा ने किसानों से वार्ता करते हुए बताया कि गन्ना प्रजाति को.0238 अब लाल सड़न रोग से ग्रस्त हो चुकी है। अत:किसान भाई समय रहते बीज बदलाव कर लें तथा इसके स्थान पर गन्ना प्रजाति को.0118,कोलख 14201 को.15023,को.शा.98014 (जल भराव वाले क्षेत्र में) की बुवाई करें। गन्ना प्रजाति ष्थ्श्क्ष्द्म-5191 की बुवाई किसी भी दशा में ना करें। बुवाई से पूर्व ट्राइकोडर्मा से भूमि उपचार व थायोफिनाइट मिथाइल से बीज उपचार करना ना भूलें तथा रोग ग्रस्त खेत में फसल चक्र अपनायें अर्थात एक वर्ष तक उस खेत में गन्ने की बुवाई ना करें। इस अवसर पर महाप्रबंधक गन्ना संजीव शर्मा ने बताया कि भूमि शोधन व बीज उपचार के लिए कवकनाशी दवाएं चीनी मिल द्वारा अनुदानित दरों पर उपलब्ध कराई जा रही है। तथा बीज बदलाव हेतु घर-घर बीज हर घर बीज योजना के अंतर्गत किसानों को नवीनतम वैकल्पिक गन्ना प्रजातियों का बीज उपलब्ध कराया जाएगा। किसान भाई अपनी किसी भी समस्या के समाधान हेतु 24 घंटे मिल स्थित गन्ना क्लीनिक में संपर्क कर सकते हैं। परिक्षेत्र भ्रमण उपरान्त बैज्ञानिकों द्वारा गन्ना टीम को लाल सड़न रोग के उन्मूलन के संबंध प्रशिक्षित भी किया गया। जिसमें इकाई प्रमुख राकेश यादव,महाप्रबंधक गन्ना संजीव कुमार शर्मा,कम्युनिकेशन प्रबंधक केपी सिंह,सहायक महाप्रबंधक गन्ना आर एस मिश्रा,योगेश त्रिपाठी प्रबंधक गन्ना,विजय पाण्डेय अपर प्रबंधक गन्ना,रघुराम यादव प्रबंधक गन्ना,बृजेश प्रताप सिंह प्रबंधक गन्ना,रामायन पाण्डेय एवं समस्त स्टाफ ने भाग लिया।